

पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 139 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# '2000 के नोट बदलने के लिए भीड़ न लगाएं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
2000 के नोट बदलने की प्रक्रिया मंगलवार से देश के सभी बैंकों में शुरू हो जाएगी। ऐलान के तीन दिन बाद रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लोग नोट बदलने के लिए बैंकों में भीड़ ना लगाएं। हमने 4 महीने का समय दिया है। आप आराम से नोट बदलिए, लेकिन समय सीमा को गंभीरता से लीजिए। गवर्नर ने कहा, '30 सिंतबर की डेडलाइन के बाद भी 2000 के नोट लीगल टेंडर रहेंगे यानी वैध रहेंगे।' आरबीआई ने 19 मई को 2000 रुपए के नोट बंद करने का ऐलान किया। आरबीआई ने 30 सितंबर तक ऐसे नोट बैंकों में बदलने या अकाउंट में जमा करने को कहा है।

### आरबीआई की सलाह...

= लोग नोट बदलने के लिए बैंकों में भीड़ ना लगाएं। हमने 4 महीने का समय दिया है। आप आराम से नोट बदलिए, लेकिन समय सीमा को गंभीरता से लीजिए: गवर्नर शक्तिकांत दास

**बैंक रोजाना नोटों का हिसाब रखेंगे, लोगों का ख्याल रखेंगे:** आरबीआई ने सोमवार को एक ओर गाइडलाइन जारी की। इसमें बैंकों से कहा गया है कि गर्मी को देखते हुए वो लोगों के लिए छायादार जगहों और पानी का इंतजाम करें। कितने नोट बदले गए और कितने जमा किए गए इसका रोजाना हिसाब रखें।
**जो भी परेशानी आएगी, उसे दूर करेंगे:**



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, 'जो भी परेशानी आएगी, उसे हम दूर करेंगे। हम भी बैंकों के जरिए इस प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। चिंता वाली कोई बात नहीं है। करेंसी मैनेजमेंट ऑपरेशन के तहत ही हमने 2000 के नोट सकुर्लेशन हटाने का काम शुरू किया है। पहले भी दुकान में लोग 2000 के नोट नहीं लेते थे। हमारे ऐलान के बाद यह शायद और बढ़ गया है। हमने कहा था कि ये लीगल टेंडर बना रहेगा। आप 2000 के नोटों से खरीदारी कर सकते हैं। 30 सितंबर तक ज्यादातर नोट हमारे पास आ जाएंगे और फिर हम फैसला करेंगे।'
**नोट बदलने के लिए आईडी की जरूरत नहीं:** स्टेट बैंक ने रविवार को 2000 का नोट बदलने के लिए गाइडलाइन जारी की थी। भारत के सबसे बड़े बैंक ने कहा था कि नोट बदलने के लिए किसी आईडी की जरूरत नहीं है। कोई फॉर्म भी नहीं भरना होगा। एक बार में 10 नोट बदले जा सकेंगे।
**क्या हैं बैंक की गाइडलाइंस? :** बैंक की गाइडलाइंस के मुताबिक, आप एक दिन में 20,000 रुपये यानी 2000 के 10 नोट बदलवा सकते हैं। लोगों को नोट बदलने के लिए किसी भी तरह का कोई फॉर्म नहीं भरना होगा। बैंक, नोट एक्सचेंज के लिए कोई चार्ज नहीं लेगा, साथ ही लोगों को कोई आईडी प्रूफ दिखाने की जरूरत नहीं है। भारत के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भी नोट एक्सचेंज को लेकर सर्कुलर जारी किया है।
**बैंकिंग नियमों का करना होगा पालन?** आप हर रोज 20 हजार तक मूल्य के नोटों को एक्सचेंज करवा सकते हैं। अकाउंट में पैसे डिपॉजिट करने की कोई लिमिट नहीं लगाई गई है। आपको बैंक में पैसे डिपॉजिट करते वक्त आरबीआई के बनाए नियमों को फॉलो करना होगा।

## आईलैंड देशों के लिए भारत ने खोला सौगातों का पिटारा

**टीम एक्शन इंडिया/पोर्ट मोर्सबी**
**हिंद-प्रशांत** क्षेत्र के द्वीपीय देशों के लिए भारत ने सौगातों का पिटारा खोल दिया है। पापुआ न्यू गिनी में फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स को-ऑपरेशन (एफआईपीआईसी) के तीसरे शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 सूत्री कार्ययोजना का एलान किया। फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स को-ऑपरेशन के शिखर सम्मेलन में 12 सूत्री कार्ययोजना का एलान करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह कार्ययोजना हिंद प्रशांत के लोगों की उम्मीदों और विकास कार्यों को पूरा करेगी। साथ ही इससे हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र स्थिर, मुक्त और समृद्ध बनेगा। इसके तहत भारत सरकार फिजी में एक 100 बेड के अस्पताल का निर्माण कराएगी। पापुआ न्यू गिनी में एक आईटी और साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग हब बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि



### शिखर सम्मेलन

= फिजी के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान- 'कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' प्रदान किया

अगले पांच साल में सागर अमृत स्कॉलरशिप के तहत 1000 स्कॉलरशिप दी जाएगी। पापुआ न्यू गिनी में आयोजित जयपुर फुट कैंप की तर्ज पर अब हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के अन्य देशों में भी हर साल ऐसे दो कैंप आयोजित किए जाएंगे। हिंद प्रशांत देशों में छोटे और मझोले उद्योगों को स्थापित करने में मदद के लिए एसएमई विकास परियोजना

## सरकार चुनावी फायदे के लिए बनाती है दलित-आदिवासी राष्ट्रपतिः खड़गे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ना बुलाए जाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा- ऐसा लगता है कि मोदी सरकार सिर्फ चुनावी फायदा उठाने के लिए दलित और आदिवासी सुमदाय से राष्ट्रपति बनाती है। उन्होंने आगे कहा कि 28 मई को होने वाले नए संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया है। वे देश की पहली नागरिक हैं। अगर वे नए संसद भवन का उद्घाटन करतीं तो ये लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादा के प्रति सरकार के कमिटमेंट को दिखाता।

### पीएम पर निशाना

= 28 मई को होने वाले नए संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया है

## सिद्धू की सुरक्षा कटौती पर सुनवाई, फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिद्धू की सिक्योरिटी घटाने के मामले में हाईकोर्ट ने फैसला रिजर्व रख लिया है। बीते दिनों हुई सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने एक सीलबंद रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपी थी। जिसके बाद कोर्ट में सोमवार को दोनों पक्षों के बीच इस रिपोर्ट को लेकर बहस हुई। 11 मई को सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार स्टेटस रिपोर्ट सौंप नहीं दे पाई थी। उन्होंने इसके पीछे का कारण केंद्रीय एजेंसियों से जवाब न आना बताया था। जिसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 18 मई तक रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद पंजाब सरकार ने अपनी रिपोर्ट को सीलबंद करके हाईकोर्ट को सौंप दिया था। बता दें कुछ दिन पहले ही सिद्धू ने पटियाला में मामला दर्ज करवाया था कि उनके नौकर ने किसी अज्ञात व्यक्ति को छत्त पर देखा है। सिद्धू ने कहा था कि उन्हें जान का खतरा है।



### निशाना बनाया

= बीते दिनों हुई सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने एक सीलबंद रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपी थी

**जेल से छूटने के बाद कम की गई सुरक्षा:** नवजोत सिद्धू हाल ही में रोडरेज केस में पटियाला जेल में 1 साल कैद काटकर लौटे हैं। उसके बाद ही आप सरकार ने उनकी सिक्योरिटी जेड प्लस से घटाकर प्लस कर दी थी। हाईकोर्ट में याचिका दायर की। पिछले महीने 28 अप्रैल को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा था।




# मोदी तीसरी बार पीएम बनेंगे: जैन

## प्रधानमंत्री की डिजिटल रैली, योग दिवस, आपातकाल का काला अध्याय जैसे अनेकों कार्यक्रम पार्टी हाईकमान ने तय किए

**8 मोदी को 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली होगी और उनकी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पूर्व मंत्री** एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर कविता जैन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आटोग्राफ लेने के लिय अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन लालायित रहते हैं, पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री आगवानी करते हुए मोदी के पेर छूते हैं और दूसरे देशों के सेलिब्रिटी मोदी से मिलने को लालायित रहते हैं, ऐसे नेता पर हमें गर्व और सभी को 9 वर्ष की ढेरों उपलब्धियों को उत्सव के रूप में मनाना चाहिय। महाराजा अग्रसेन मंडल, शहीद भगत सिंह मंडल तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस मंडल कार्यकारिणी की बैठक में 30 मई से 30 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों के तैयारी के लिए चर्चा करते हुए डॉक्टर कविता जैन ने कहा कि विपक्षियों का 60 वर्ष का शासनकाल 9 वर्ष की उपलब्धियों के सामने बोना नजर आएगा! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हम सब कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली होगी और उनकी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार ने किसान, मजदूर, महिला, व्यापारी, श्रमिक समेत हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें पात्र तक पहुंचाने का बेमिसाल काम किया है और देश इसी तरह सुरक्षित हाथों में रहा तो आगामी 25 वर्षों में भारत विश्व गुरु बनकर रहेगा। बैठकों में मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने बताया कि 1 माह के दौरान लोकसभा रैली, पन्ना प्रमुख सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन, विकास तीर्थ यात्रा, पुराने कार्यकताओं से संवाद, बूथों पर कार्यकताओं तथा समाज के प्रबुद्ध वर्गों से प्रधानमंत्री की डिजिटल रैली, योग दिवस, आपातकाल का काला अध्याय जैसे अनेकों कार्यक्रम पार्टी हाईकमान ने तय किए हैं जिन्हें हमें पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ आयोजित करना है । उन्होंने कहा कि 18 जून को सोनीपत विधानसभा के कार्यकताओं का पन्ना प्रमुख सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। बैठकों में पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अत्रे, पूर्व वाइस चेयरमैन ललित बत्रा, योगेश पाल अरोड़ा, नवीन मंगला, पार्षद हरीश सैनी, मंडल अध्यक्ष नरेश वर्मा, मुकेश बत्रा, सुनीता लोह्च्ब, महामंत्री एम एल आहूजा, नीरज सोनी, चरण सिंह जोगी, नीरज अत्रे, संजीव वालेचा, देवेंद्र सैनी, सुरजीत दहिया, संजय ठेकेदार, किरण बाला, भावना शर्मा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहजादपुर के गाँव रसीदपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



**8 खिलाडियों से कहा कि खिलाडी नशे से दूर रहकर खेल को खेल भावना से खेलें**

**टीम एक्शन इंडिया/ अंबाला(मनीष कुमार)** खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, खेल जहां हमें स्वस्थ रखते हैं वहीं खेलों से आपसी भाईचारा व प्यार बढ़ता है और हमें एक दूसरे को जानने व समझने का अवसर मिलता है। यह बात पूर्व चेयरमैन एवं आप नेता गुरपाल सिंह अकबरपुर ने क्षेत्र के गांव रसीदपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करते हुए कही। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। गुरपाल सिंह ने कहा कि खेलों के माध्यम से जहां हम अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं वहीं हम राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं। जिससे हमारा हमारे देश प्रदेश, गांव व माता पिता का नाम भी रोशन होता है। उन्होने खिलाडियों से कहा कि खिलाडी नशे से दूर रहकर खेल को खेल भावना से खेलें। इस अवसर पर ज्ञान चंद धीमान, सौरव बंसल, लखविंदर सिंह, गुरविंदर, शुभम, प्रिंस, अमन, नरेश, साहिल, हैप्पी, नवीन आदि मौजूद थे।

# कलाधारा ग्रुप ने गरीब बच्चों को दी पाठ्य सामग्री



**टीम एक्शन इंडिया/ अंबाला(मनीष कुमार)**
कलाधारा थिएटर एंड आर्ट ग्रुप अंबाला ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए गरीब व जरूरतमंद स्कूली बच्चों को हाथ समग्री वितरित की। कलाधारा थिएटर एंड आर्ट ग्रुप अंबाला पिछले करीब 4 वर्षों से समाजसेवा में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यरत है। इसी कड़ी में कलाधारा ग्रुप ने रविवार को हिजड़ा बस्ती टांगरी अंबाला कैंट में गरीब परिवार के स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री व खाद्य सामग्री वितरित की। ग्रुप के करन बुटोलिया ने बताया कि ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष अंकुर मिश्रा के नेतृत्व में कलाधारा ग्रुप इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करता आ रहा है। जिससे समाज को एक नई राह मिल सके और जरूरतमंदों की सहायता हो सके। इंदु शेखर जी ने कहा कि शिक्षा सभी का अधिकार है, संसाधनों के अभाव में गरीब परिवार के बच्चे इस से वंचित रह जाते हैं जो कि एक चिंतन का विषय है। उन्होंने लोगों से इस मुहिम में अपने साथ जुड़ने की भी अपील की कि वे आगे आएं और ऐसे परिवारों की सहायता करें। इस दौरान ग्रुप के सदस्यों ने गरीब बच्चों के साथ खेल कूद और अन्य एक्टिविटी करके भी काफी समय बिताया।
इस अवसर पर करन,वंदना, रोबिन, मानसी, शिवानी, मनीषा, स्मृति, लीजा, धनंजय, अभिषेक,आनंद, गुंजन,खुशी, विजय और रोहित,सौरभ मौजूद रहे।

# सोमवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पोजिटिव केस: सिवाच

**सोनीपत:** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि सोमवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 278 हो गई है। अब तक जिला में 60 हजार 085 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है।

# सवालों के घेरे में गांव सिहमा का जनसंवाद कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** भावी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व भाजपा जनता से नजदीकियां बढ़ा दोबारा से सिंहासन की चाहत में जनसंवाद कार्यक्रम जारी किए हुए हैं। अपने पांचवें जनसंवाद के तहत मुख्यमंत्री जिला महेंद्रगढ़ में आ रहे हैं। इसके लिए नांगल चौधरी, नारनौल, महेंद्रगढ़ तथा अटेली विधानसभा के अलग-अलग जगह पर उनके प्रोग्राम निश्चित किए गए हैं। नारनौल विधानसभा में उनका एक कार्यक्रम गांव सीहमा में रखा गया है। इस गांव की सरपंच पति के घर मुख्यमंत्री का चाय का प्रोग्राम भी है। सरपंच पति पर जुआ अधिनियम के तहत महेंद्रगढ़ नारनौल में 2 मामले चल रहे हैं वही उनके खिलाफ पंचायत की करोड़ों रुपए की संपत्ति खुद बूट करने के शिकायतें प्रधानमंत्री से लेकर विभिन्न जांच एजेंसियों के पास की हुई है। सीएम के इस प्रोग्राम को लेकर कई चचाओं ने जन्म ले लिया।
भाजपा को सिद्धांतवादी पार्टी के रूप में जाना जाता है पर आजकल वह सत्ता पर कायम रहने के लिए हर सिद्धांत को तिलांजलि दे रही है। गांव सीहमा में रखे गए इस प्रोग्राम से तो ऐसा ही कुछ दिखाई दे रहा है। इस प्रोग्राम के बारे में जब विधानसभा के विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ से मिले आदेशों के तहत गांव के सरपंचों के घर प्रोग्राम निश्चित किए गए हैं और उनके घर जाए वह चाय या खानपान की व्यवस्था है।
ग्रामीणों के अनुसार सीहमा गांव की सरपंच सुमन देवी का पति प्रमोद यादव एक मंझा हुआ जुआरी है और उस पर जुआ अधिनियम के तहत दो मामले वर्तमान में भी चल रहे हैं। नारनौल सदर थाना में प्राथमिकी नंबर 91 सीएचएयू 66/ 2019 का मामला अदालत में लंबित है। दूसरा मामला महेंद्रगढ़ सदर थाना में प्राथमिकी 101/2020 में भादस 13 ए/3/67 के तहत अदालत में चल रहा है। सरपंच पति प्रमोद यादव व ससुर विक्रम पर ग्राम पंचायत की करोड़ों रुपए की संपत्ति खुर्द-बुर्द करने के आरोप हैं। इसकी शिकायत प्रधानमंत्री, सीबीआई प्रमुख, ईडी प्रमुख, मुख्यमंत्री हरियाणा, राज्यपाल हरियाणा, महानिदेशक विजिलेंस, निदेशक पंचायती राज, मुख्य सचिव हरियाणा, लोकायुक्त हरियाणा व एंटी करप्शन ब्यूरो के पास जांच को लिखा गया है। भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है सरपंच पति वह उसके ससुर द्वारा ग्राम पंचायत की भूमि में बनी सैकड़ों दुकानों को गलत तरीके से गुप्त रूप रूप से अपने समर्थकों को वोट बैंक की राजनीति व मोटी रकम से पैसा कमाने करने के लिए गोलमाल किया गया है। इस मामले की आरटीआई बार बार मांगने पर भी नहीं दी जा रही। लिखित शिकायत में आरोप लगाया गया है की सरपंच सुमन देवी उसका पति प्रमोद यादव तथा ससुर विक्रम यादव ने सुनियोजित तरीके से पंचायती जमीन और दुकानों को अपने निजी स्वार्थों के लिए इस्तेमाल कर भारी गोलमाल किया है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है की लगभग सैकड़ों दुकानों को बिना किसी प्रस्ताव या खुली बोली के आवंटित किया गया है।

# महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लें: अत्तर लाल



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** जिला के गांव धनौन्दा स्थित ब्रिलिएंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रमुख समाज सेवी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट मुख्य अतिथि थे। उन्होंने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर-के कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने संबोधन में अतरलाल ने बच्चों को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति एकाग्रता और स्वाभिमान सर्वोपरि के मूल मंत्र बताते हुए उन्हें कड़ी मेहनत करने का संकल्प दिलाया। विद्यार्थियों ने भी महाराणा प्रताप के जीवन और चरित्र से संबंधित गीत, कविता, रागिनी इत्यादि सुना कर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता प्रहलाद सिंह ने किया। इस अवसर पर कक्षा प्रथम से पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा विभिन्न मुद्राओं में महाराणा प्रताप के चित्र बनाकर रंगों का जादू दिखाया। वरिष्ठ प्रवक्ता आशुतोष शास्त्री ने मुख्य अतिथि व अन्य सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर रेनू यादव, शन्नो देवी, पूजा तंवर, मीनाक्षी, रवीना, मोनिका, निशा, सुभाषचंद यादव, राम शर्मा, नरेंद्र कौशिक, नवीन जांगड़ा, सत्येंद्र सिंह, प्रवीण शर्मा, मुकेश यादव सहित विद्यालय के सभी अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# 28 को लगेगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि हल्के का कोई भी व्यक्ति बीमार न हो, सभी का स्वास्थ्य ठीक रहे, इसी को लेकर हल्के में कैम्प आदि लगवाए जा रहे है। समाजसेवी संदीप गर्ग गांव बडाचपुर में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 28 मई दिन रविवार को गांव बडाचपुर में स्वस्थ बनेगा हल्का लाडवा अभियान के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। वहीं शिविर में ग्रामीणों की आँखों की भी जाँच की जाएगी और जिस व्यक्ति व महिला को चश्में की आवश्यकता हुई वह भी निःशुल्क वितरित किए जाएँगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को दवाइयाँ भी वितरित की जाएगी। मौके पर सरपंच सतीश कुमार, गुरदेव सिंह, जिले सिंह, सुल्तान, सुरेश कुमार आदि मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाएं होंगी पुरस्कृत

**पानीपत:** भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कॉर्पोरेट हाउस, ऑटो इण्डस्ट्रीज एवं उनकी एसोसिएशन , विश्वविद्यालय की संस्थाएं, गैर सरकारी संगठनों की विभिन्न एजैन्सियां और ट्रस्ट सोसाईटी आदि को पुरस्कृत किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए 'यातायात एवं हाईवे करनाल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री हरदीप सिंह दून (आईपीएस) ने बताया कि बताया कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जो संस्थाएं अच्छा कार्य कर रही हैं।

# अच्छा सोचिए, अच्छा बोलिए और अच्छा कीजिए : विपिन शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के दिशा निदेर्शानुसार आज एमएसएडी पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल में बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। योजना के नोडल अधिकारी एवं सेवानिवृत जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा ने कहा कि आज व्यक्ति एवं समाज में साम्प्रदायिक्ता, जातीयता भाषावाद् हिंसा, अलगाववाद की संकीर्ण भावनाओं व समस्याओं के मूल में नैतिक मूल्यों का पतन ही उत्तरदायी कारण है। उन्होंने बच्चों को उच्च श्रेणी की शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा को भी अवधारण करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने बुजुर्गो, अध्यापकों व अपने सभी सगे-सम्बन्धियों का आदर करने की अपील की तथा उनसे अनुरोध किया कि वे अपने जीवन में कामयाब इन्सान के साथ-साथ एक अच्छे इन्सान बनें अच्छे भारत के निर्माण में वे अपना योगदान दे सकें।
इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शंकराचार्य ने और हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलवाया कि वे अपने विद्यालय के बच्चों को प्रतिदिन नैतिक मूल्यों की शिक्षा से अवगत करके जागरूक करते रहेगें।
इस अवसर पर बाल भवन नारनौल से सुरेन्द्र शर्मा तीरन्दाजी कोच बाल भवन नारनौल तथा उप-प्राचार्य राजेश कुमार, प्रवक्ता परमजीत सिंह, प्रवक्ता हरिमोहन, प्रवक्ता देशपाल, प्रवक्ता सरला देवी व अन्य सभी अध्यापकगण व स्कूली बच्चें उपस्थित थे।

# ददलाना में महाराणा प्रताप के नाम पर बनेगा गेट एवं प्रताप भवन

## विधायक महीपाल ढांडा ने दिया गांव ददलाना में महाराणा प्रताप के नाम पर गेट व भवन बनवाने का आश्वासन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
जिला के गांव ददलाना के महाराणा प्रताप स्टेडियम में सोमवार को महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा और भाजपा के करनाल जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में करनाल जिला परिषद के चेयरमैन सोहन सिंह राणा, पानीपत जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप बिहोली, वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक रिसालु, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा व विजय राणा युवा प्रदेशाध्यक्ष चंडीगढ़ ने शिरकत की। वहीं पानीपत ब्लाक समिति के चेयरमैन एवं जयंती समारोह के आयोजक दीपक राणा, चरणजीत राणा सरपंच, शमशेर राणा अध्यक्ष व सुरेश राणा संरक्षक ने समारोह में पहुंचने पर सभी अतिथियों का स्वागत किया। विधायक महीपाल ढांडा ने कहा कि हमें महाराणा प्रताप की देशभक्ति,बहादूरी व स्वाभिमान से प्रेरणा लेनी चाहिये। आयोजक समिति की मांग पर विधायक महीपाल ढांडा ने पानीपत शहर के अंसल के गेट नंबर दो के पास महाराणा प्रताप की मूर्ति की स्थापना करना, गांव ददलाना में महाराणा प्रताप के नाम पर गेट और महाराणा प्रताप भवन बनवाना, गांव के 12वीं कक्षा के सरकारी स्कूल का जीणोद्धार करवाना और गांव की दो सडकों को बनवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्लाक समिति के वाईस चेयरमैन विक्की बडौली, मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा व संजय त्यागी, पवन राणा मनोनित पार्षद, पवन गोगलिया पार्षद, जिला मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा, राजपाल हरिनगर पार्षद पति, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री कपिल राणा, अशोक चौहान, महेंद्र राणा, कुशलपाल राणा, सचिन राणा व विनोद संधु सहित जिला परिषद एवं ब्लाक समिति के सदस्य,विभिन्न गांवों के सरपंच सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# घुमंतु जातियों का देश की आजादी में बड़ा योगदान: अनूप नाथ



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
अखिल भारतीय नाथ समाज के राष्ट्रीय महामंत्री अनूप नाथ जोगी ने कहा कि घुमंतु जातियों का देश की आजादी में बड़ा योगदान रहा है। इन्हीं जातियों द्वारा अंग्रेजों से लोहा लेने का काम किया गया। वहीं 4 मई को करनाल में गुरु गोरखनाथ जी स्मृति उत्सव दिवस पर जो मांग पत्र सौंपा गया था, उस पर सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है, जिसमें से पिछड़ा वर्ग ए वर्ग को शहरी निकायों में आठ प्रतिशत आरक्षण की मांग पूरी की गई है। अनूप नाथ जोगी रविवार को इसराना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार से उनकी मांग है कि पिछड़ा वर्ग ए को 16 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग बी को 11 प्रतिशत आरक्षण दिया जाये। उन्होंने बताया कि नाथ जोगी समाज को परोहित बोर्ड में शामिल किया जाएगा। अस्थल बोहर पीठ पर गुरु गोरखनाथ जी के नाम से चेयर स्थापित की जा रहीं हैं। अनूप नाथ ने समाज की एक जुटता पर कहां की जोगी समाज पहले भी एक था आज भी एक है। भविष्य में समाज के उत्थान के लिए गांव-गांव जाकर समाज जागरूकता अभियान शुरू किया जायेगा।

# अध्यादेश के खिलाफ घेराबंदी करेगी

## 11 जून को रामलीला मैदान में केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ महारैली का किया एलान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**आप के** प्रदेश संयोजक और कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को प्रेसवार्ता केंद्र सरकार द्वारा लाए अध्यादेश पर पार्टी की रणनीति से रूबरू कराया। राय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के मतदाताओं के अधिकार संरक्षित करने का जो फैसला आया था। उसके बाद से भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के लोगों के अधिकार हाईजैक किया गया है, उससे लोग स्तब्ध हैं।

**गोपाल राय ने केंद्र सरकार से पूछा सवाल:** उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगे कहा, भाजपा के लोग इसकी बकालत कर रहे हैं। कह रहे हैं कि अध्यादेश इसलिए लाया गया है, दिल्ली देश की राजधानी है। गोपाल राय ने कहा कि क्या यह पहली बार लोगों को पता चला है कि दिल्ली देश की राजधानी है। सही बात तो यह है कि भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार इस बात का जवाब भी नहीं दे रही है कि अध्यादेश क्यों लाया गया है। उन्होंने कहा कि आज अध्यादेश दिल्ली के दो करोड़ लोगों का अपमान कर रहा है।

**यह काला अध्यादेश है:** यह काला अध्यादेश है, इसके विरोध में 11 जून को रामलीला मैदान में आप करेगी महारैली।





### तिहाड़ में बंद सत्येंद्र जैन हुए बीमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मनी** लॉन्ड्रिंग के मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को सोमवार को इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में बैठे सत्येंद्र जैन की तस्वीर सामने आई, जिसमें वह काफी कमजोर नजर आ रहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया है।

**भगवान कभी माफ नहीं केरेंगे:** सीएम केजरीवाल ने कहा कि सत्येंद्र जैन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ। बीजेपी सरकार के इस अहंकार और जुल्म को दिल्ली और देश के लोग अच्छे से देख रहे हैं। भगवान भी इन अत्याचारियों को कभी माफ नहीं करेंगे। इस संघर्ष में जनता हमारे साथ है, ईश्वर हमारे साथ हैं, हम सरदार भगत सिंह जी के चेले हैं। जुल्म, अन्याय और तानाशाही के खिलाफ हमारी ये लड़ाई जारी रहेगी। इसके अलावा दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को



बेहतर बनाने वाले सत्येंद्र जैन जी के साथ जो आपने किया हैं, भगवान इस कुकर्म के लिए आपको माफ नहीं करेंगे।

### जैन के रीढ़ की हड्डी में परेशानी

**तिहाड़** जेल अधिकारियों के अनुसार सोमवार सुबह पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने अपनी रीढ़ की हड्डी में परेशानी की बात कही। उन्हें तत्काल डीडीयू अस्पताल में ले जाया गया। वहां जांच के बाद जैन ने सेकेंड ओपिनियन की इच्छा जताई, जिसके बाद उन्हें सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया।

**सत्येंद्र जैन का 35 किलो कम हुआ वजन:** बता दें कि पिछले हफ्ते सुनवाई के दौरान सत्येंद्र जैन के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि जेल में सत्येंद्र जैन का वजन करीब 35 किलो कम हो गया है। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा है। इससे पहले गुरुवार (18 मई) को सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए (ईडी) से जवाब मांगा था। जस्टिस एएस और हिमा कोहली की बेंच ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए जैन को यह स्वतंत्रता दी है कि वह अदालत की वैकेशन बेंच में राहत के लिए अपील कर सकते हैं।

# जंतर मंतर पर पहलवानों को हुआ एक महीना



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे पहलवानों का प्रदर्शन 23 मई को एक माह पूरा हो जाएगा। 23 अप्रैल को यह प्रदर्शन शुरू हुआ था। हालांकि, जिन मांगों को लेकर पहलवान धरना दे रहे हैं उनमें एक मांग तो पूरी हो चुकी है, बाकी एक मांग अभी भी पूरी नहीं हुई है। पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट लगातार यह मांग कर रहे हैं कि भाजपा सांसद जिन पर पहलवानों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, उसे गिरफ्तार किया जाए। पहलवान जब सुप्रीम कोर्ट गए तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर की और बयान भी लिए। हालांकि अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**धरना...**

**= जिन मांगों को लेकर पहलवान धरना दे रहे हैं उनमें एक मांग तो पूरी हो चुकी है, बाकी एक मांग अभी भी पूरी नहीं हुई है**

# अनधिकृत निर्माण हटाने के हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने दिल्ली के विश्वास नगर में अनधिकृत निर्माण हटाने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच ने डीडीए को निर्देश दिया कि वो एक सप्ताह का समय दें और इस दौरान अनधिकृत निर्माण नहीं हटाया जाता है तो डीडीए उन निर्माणों को हटाने की कार्रवाई कर सकता है। हाई कोर्ट ने डीडीए से जुलाई तक इस बात का जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है कि उसने निमार्णों को हटाने के बाद वहां के रहवासियों के पुनर्वास की क्या व्यवस्था की है। विश्वास नगर में अनधिकृत निर्माण हटाने की कार्रवाई सोमवार सुबह से शुरू होनी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने हाई कोर्ट से कहा कि इतनी गर्मी में घरों को हटाया जा रहा है। इन मकानों में रहने वाले लोगों के लिए मुसीबतों का पहाड़ टूट जाएगा। ऐसे में अनधिकृत निर्माण को तोड़ने के आदेश पर रोक लगाई जाए।



# बीएमडब्ल्यू का टायर फटने से अनियंत्रित होकर कार पलटी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

मध्य जिले के कश्मीरी गेट से आईटीओ की तरफ जाने वाली सड़क पर बीती रात एक ओवर स्पीड बीएमडब्ल्यू कार पलट गई। घटना बीती देर रात की है। बीएमडब्ल्यू सवार कलाबाजी कर रहा था और उसी दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।

हादसे में कार ड्राइवर को हल्की चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि बीएमडब्ल्यू गाड़ी का टायर फटने से गाड़ी असंतुलित हो गई थी, जिससे ड्राइवर कार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और हादसे का शिकार हो गया।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की अरविन्द केजरीवाल सरकार 9 वर्षों में दिल्ली में हर घर नल से स्वच्छ जल देने के अपने वायदे को निभाने में पूरी तरह विफल हो गई है।

# स्कूलों में बम की धमकी पर हाईकोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हाईकोर्ट** ने सोमवार को दिल्ली पुलिस से दिल्ली पब्लिक स्कूल और अन्य स्कूलों में बम की धमकी से जुडी याचिका पर रिपार्ट मांगी है। उच्च न्यायालय ने इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए एक्शन प्लान जमा करने का निर्देश दिया है। एडवोकेट अर्पित भार्गव की याचिका पर जस्टिस प्रतिभा एम सिंह ने दिल्ली पुलिस और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ता का बच्चा दिल्ली पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से माता-पिता को टेंशन होती है।

**31 जुलाई को होगी मामले में अगली सुनवाई:** पीठ ने दिल्ली सरकार के वकील के सुझाव पर गैर सहायता प्राप्त स्कूलों की कार्य समिति और स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संगठन को भी पक्षकार बनाया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पक्षकारों का संशोधित ज्ञापन दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 31 जुलाई तय की गई है।

**गंभीर मुद्दा**

**= सख्त कार्रवाई करने और समयबद्ध तरीके से जवाबदेही तय करने का निर्देश देने की भी मांग की है**

**एक्शन प्लान तैयार करने की मांग:** याचिकाकर्ता ने कहा कि वह दिल्ली के स्कूलों में लगातार बम होने की धमकी वाले ईमेल से निपटने के लिए दिल्ली पुलिस और दिल्ली सरकार की निष्क्रियता और सुस्त रवैये से व्यथित है। साथ ही याचिकाकर्ता ने सरकार और पुलिस द्वारा एक एक्शन प्लान तैयार करने और उसके कार्यान्वयन की मांग की है।

याचिकाकर्ता अर्पित भार्गव ने यह भी मांग की है कि दिल्ली पुलिस ने हाल के दिनों में दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकी वाले ईमेल प्राप्त होने के संबंध में भविष्य में पुनरावृत्ति से बचने के लिए क्या कदम उठाए हैं। दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को उपद्रवियों की पहचान करने, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और समयबद्ध तरीके से जवाबदेही तय करने का निर्देश देने की भी मांग की है, ताकि कुछ लोगों द्वारा इस तरह की झूठी बम की धमकियों के कारण नियमित स्कूली शिक्षा बाधित न हो।

# कोर्ट ने कस्तूरबा नगर में चल रहे डीडीए के बुलडोजर पर लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पूर्वी** दिल्ली के कस्तूरबा नगर में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। लोगों में स्थानीय विधायक ओमप्रकाश शर्मा के खिलाफ भी रोष है। पीड़ित लोग प्रशासन से घर के बदले घर देने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि डीडीए ने कुछ दिन पहले नोटिस देकर घर खाली करने का निर्देश दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने रोकी डीडीए की कार्रवाई:** अब जानकारी आ रही है कि डीडीए के इस एक्शन के खिलाफ लोगों ने सर्वोच्चतम न्यायालय में अपील दायर कर डीडीए की कार्रवाई पर स्टे लगाने की मांग की थी।

# कोर्ट पहुंचा 2000 के नोट का मामला, आईडी बिना न हो नोट बदलने की अनुमति

## साथ ही याचिकाकर्ता ने मांग की है कि नोट को व्यक्ति के संबंधित बैंक खाते में ही जमा किया जाना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस याचिका में मांग की गई है कि बिना पैसे जमा करने की पर्ची और आई कार्ड (पहचान प्रमाण) के 2000 रुपये के नोट को बदलने की अनुमति के नहीं मिलनी चाहिए। साथ ही याचिकाकर्ता ने मांग की है कि नोट को व्यक्ति के संबंधित बैंक खाते में ही जमा किया जाना चाहिए। दिल्ली हाईकोर्ट में अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि इस संबंध में आरबीआई और एसबीआई द्वारा अधिसूचनाएं मनमाना, तर्कहीन और भारत के संविधान के




अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती हैं। याचिका में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि बड़े नोट में नकद लेनदेन भ्रष्टाचार का मुख्य कारण होता है और इसका उपयोग आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद, कट्टरपंथ, जुआ, तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग, अपहरण, जबरन वसूली, रिश्वत और दहेज आदि जैसी अवैध गतिविधियों के लिए किया जाता है।

**बैंक खाते में ही जमा हों 2000 के नोट:** साथ ही याचिका में आरबीआई और एसबीआई को निर्देश देने की मांग की गई है कि 2000 रुपये के नोट संबंधित बैंक खातों में ही जमा किए जाएं, जिससे काले धन और आय से अधिक संपत्ति रखने वाले लोगों की आसानी से पहचान की जा सके। "हाल ही में, केंद्र द्वारा यह घोषणा की गई थी कि प्रत्येक परिवार के पास आधार कार्ड और बैंक खाता होना चाहिए। इसलिए, आरबीआई पहचान प्रमाण प्राप्त किए बिना 2000 रुपये के नोट बदलने की अनुमति क्यों दे रहा है।" यह बताना भी जरूरी है कि 80 करोड़ बीपीएल परिवारों को मुफ्त अनाज मिलता है। इसका मतलब है कि 80 करोड़ भारतीय शायद ही कभी 2,000 रुपये के नोट का इस्तेमाल करते हैं।

**याचिका दाखिल**

**= बिना पैसे जमा करने की पर्ची और आई कार्ड के 2000 रुपये के नोट को बदलने की अनुमति के नहीं मिलनी चाहिए।**

**23 मई से बदलने जाएंगे नोट:** 19 मई को आरबीआई ने प्रचलन से 2,000 रुपये के नोटों को वापस लेने की घोषणा की थी और कहा कि प्रचलन में मौजूदा नोट या तो बैंक खातों में जमा किए जा सकते हैं या 30 सितंबर तक बदले जा सकते हैं।

आरबीआई ने कहा है कि 23 मई से किसी भी बैंक में 2,000 रुपये के बैंक नोटों को अन्य मूल्यवर्ग के बैंक नोटों में एक बार में 20,000 रुपये की सीमा तक बदला जा सकता है।

# दिल्ली के लोगों को आज से मिलेगी गर्मी से थोड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पिछले कुछ दिनों से गर्मी की मार झेल रही राजधानी के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग ने मंगलवार को राजधानी दिल्ली में बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी के वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय बताती हैं कि कल से तापमान में थोड़ी गिरावट होगी क्योंकि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि इस पूरे क्षेत्र में तापमान गिरना शुरू हो जाएगा और लू की स्थिति में सुधार होगा। सोमा सेन ने बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत में वाताव?ण में नमी आ रही है। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि राजस्थान के तापमान में थोड़ी गिरावट आएगी, लेकिन दक्षिण हरियाणा, दक्षिण यूपी, दिल्ली के कुछ हिस्सों, उत्तर, पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और दक्षिण बंगाल में लू की स्थिति बनी रहेगी। इस पूरे बेल्ट में सोमवार को लू की स्थिति देखने को मिल सकती है। उन्होंने बताया कि दक्षिण हरियाणा, दिल्ली, दक्षिण यूपी, उत्तर मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और बंगाल के लिए सोमवार को लू का अलर्ट जारी किया है। सोमा सेन रॉय ने बताया कि कल झारखंड के अलावा किसी भी जगह के लिए हीटवेव अलर्ट नहीं दिया गया है।

**राहत भरी खबर**

**= दक्षिण हरियाणा, दिल्ली, दक्षिण यूपी, उत्तर मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और बंगाल के लिए सोमवार को लू का अलर्ट जारी किया है**

# रोड-रेज जैसे संगीन अपराध पर हाईकोर्ट सख्त

## 'समझौते के आधार पर भी रद नहीं होगी अपहरण की प्राथमिकी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रोड-रेज** जैसे संगीन अपराध के बाद समझौते के आधार पर प्राथमिकी रद्द करने की मांग को दिल्ली हाई कोर्ट ने ठुकराते हुए अहम टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि अदालत के सामने आए तथ्य से स्पष्ट है कि प्राथमिकी गलतफहमी में नहीं हुई थी।

अदालत ने कहा कि यह ऐसा मामला है जहां आरोपित की कार में ट्रक से टक्कर हुई, लेकिन पुलिस को फोन करने के बजाय आरोपित (कार सवार) शिकायतकर्ता को अज्ञात जगह पर ले गए। इस घटनाक्रम से अपराध की गंभीरता का पता चलता है। अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन आरोपितों के पास से बरामद हुआ है। पुलिस ने भी मामले में जांच कर आरोप पत्र दाखिल किया है। ऐसे में सभी तथ्यों को देखते हुए प्राथमिकी रद करने की मांग वाली याचिका खारिज की जाती है।

**यह है मामला:** ट्रक चालक खुर्शीद 10 अगस्त, 2019 को दिल्ली के मुंडका से अलवर जा रहे थे। वह



पंजाबी बाग चौक के पास पहुंचे तो उनके ट्रक की आरोपित की कार से हल्की टक्कर हो गई। आरोपित दीपक व सह आरोपित अश्विन ने खुर्शीद का मोबाइल फोन व ट्रक के दस्तावेज छीन लिए थे। 20 हजार रुपये की मांग की थी। पैसे नहीं देने पर आरोपित शिकायतकर्ता को लेकर अज्ञात जगह पर चले गए। ट्रक के मालिक ने इसकी जानकारी दिल्ली पुलिस को दी। दिल्ली पुलिस ने हरियाणा पुलिस की मदद से ट्रक को बरामद किया और दीपक व अश्विन को गिरफ्तार किया गया। प्राथमिकी रद्द करने की मांग करते हुए दीपक की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने दलील दी कि पक्षकारों के बीच समझौता हो गया है।

# डीसीडब्ल्यू के समन के बाद निगम ने सार्वजनिक शौचालयों में तेजाब के इस्तेमाल पर लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली महिला आयोग** (डीसीडब्ल्यू) के हस्तक्षेप के बाद दिल्ली नगर निगम ने हाल ही में एक आदेश जारी कर उसके द्वारा संचालित सार्वजनिक शौचालयों की सफाई के लिए तेजाब के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने सोमवार को बताया कि बीते 6 अप्रैल को जीबी पंत अस्पताल के गेट नंबर 8 के सामने नगर निगम के एक महिला शौचालय का निरीक्षण किया था, जहां उन्होंने शौचालय के अंदर खुले में एसिड से भरा 50 लीटर का डिब्बा पाया था। पूछताछ में श्रीराम ग्रामीण विकास संस्थान (जिसे एमसीडी द्वारा शौचालय परिसर के रखरखाव और संचालन के लिए अनुबंध दिया गया है) के एक कर्मचारी द्वारा बताया गया था कि वे शौचालयों को साफ करने के लिए हर महीने एसिड खरीदते हैं। डीसीडब्ल्यू ने इसकी जानकारी नगर निगम को देते हुए तत्काल तेजाब के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की थी। इसको लेकर सिटी जोन के वरिष्ठ अधिकारी आयोग के सामने उपस्थित हुए और एक लिखित उत्तर दिया। इसमें कहा गया कि एमसीडी द्वारा सार्वजनिक शौचालयों की सफाई के लिए एसिड के उपयोग को रोकने के लिए कोई दिशानिर्देश जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एमसीडी द्वारा अनुबंध समझौते में उनपर लगाए गए नियमों और शर्तों के अनुसार शौचालयों की सफाई (एजेंसी द्वारा) की जाती है।



इसके अलावा उन्होंने शौचालय के रखरखाव और संचालन के लिए एमसीडी और एजेंसी (श्री राम ग्रामीण विकास संस्थान) के बीच अनुबंध समझौते की एक प्रति भी दी थी। इस पर डीसीडब्ल्यू ने मामले को उठाया और दिल्ली नगर निगम आयुक्त को नोटिस जारी कर मामले में स्पष्टीकरण और कार्रवाई रिपोर्ट मांगी। 16 मई को एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारी इस मामले में डीसीडब्ल्यू के सामने पेश हुए और बताया कि वर्तमान में 308 सामुदायिक शौचालयों/सार्वजनिक शौचालयों को निजी एजेंसियों को आउटसोर्स किया गया है, जिनका एमसीडी के साथ समान अनुबंध है। इसमें कहा गया है कि साप्ताहिक रूप से शौचालयों की सफाई के लिए तेजाब का प्रयोग नहीं करने पर दिल्ली नगर निगम, एजेंसी पर प्रति दिन एक हजार रुपये का जुमार्ना लगा जा सकता है। पूछताछ में पता चला कि अनुबंध दस्तावेज को उत्तरी दिल्ली नगर निगम के सदन ने 2017 में मंजूरी दी थी, जिसमें शौचालयों की सफाई के लिए तेजाब के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया गया था। इसके बाद डीसीडब्ल्यू के हस्तक्षेप के बाद एमसीडी ने हाल ही में एक आदेश जारी कर उसके द्वारा संचालित सार्वजनिक शौचालयों की सफाई के लिए तेजाब के इस्तेमाल पर रोक लगा दी। शौचालय में इतनी बड़ी मात्रा में खुले में तेजाब पाकर स्वाति मालीवाल हैरान रह गई थीं। उन्होंने कहा था कि यह गैरकानूनी और खतरनाक है, क्योंकि कोई भी इस तेजाब को आसानी से लेकर एसिड अटैक के लिए इसका इस्तेमाल कर सकता था। तब उन्होंने पाए गए तेजाब को दिल्ली पुलिस द्वारा तुरंत जब्त करवाने के साथ नगर निगम अधिकारियों को शौचालयों में तेजाब की मौजूदगी के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए समन जारी किया था। अनुबंध समझौते को देखने पर आयोग ने पाया कि उस पर 17 जुलाई, 2017 को हस्ताक्षर किए गए थे और एजेंसी को 40 शौचालय परिसरों का रखरखाव का जिम्मा सौंपा गया था।

**कार्रवाई**

**= महिला शौचालय का निरीक्षण किया था, जहां उन्होंने शौचालय के अंदर खुले में एसिड से भरा 50 लीटर का डिब्बा पाया था**

## न्यूज फ्लैश

### पंजाबी गायक बॉबी बाजवा का "मेरे मोला" गीत हुआ लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**पंजाबी** सिंगर बोबी बाजवा ने अपने नए सूफी गीत मेरे मौला-मेरे मौला को लॉच किया। अंबाला शहर के मलिक रिजेंसी में गीत को लॉच किया गया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि उन्होंने इस गीत को सुना और देखा बहुत ही सुंदर गीत है। बहुत ही खुबसुरती से फिलमाया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के गीत लॉच होने चाहिए। जिससे युवाओं को नशे व अन्य विकारों से दूर रखा जा सकता है। इस अवसर पर पंजाबी सिंगर बॉबो बाजवा ने कहा कि उन्होंने अपना पहला गीत भी अंबाला से लॉच किया था। वह अंबाला को अपने लिए लक्की मानते हैं। उन्होंने कहा कि इस गीत को राजस्थान के खुबसूरत दृश्यों के साथ फिलमाया गया है। उन्होंने कहा कि इस गीत के बोल मेरे मौला दीद तेरी नू तरसन अखिंयां, सावन बनके तरसन अखिंयां हैं। जोकि पंजाबी और हिंदी दोनों ही भाषा का मिक्सर है और बॉलीवूड स्टाईल में है और यह सूफी रोमांटिक गीत है। जिसके मशहूर लेखक बंटी गडीवाला है। बॉबी ने बताया कि इस गीत को पूरा परिवार एक साथ बैठ कर देख सकता है। इस गीत को यूटयूब पर भी देखा जा सकता है।

### पीने के पानी के लिए तरस रहे लोग, चरमराई विद्युत व्यवस्था

**मथुरा: सोमवार** को न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सि रहा, जबकि अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सूर्य देव ने तेवर दिखाये तो देहात क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। चिलचिलाती गर्मी में छाता कस्बे की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह फेल हो गई है दिन में लगभग सिर्फ तीन से चार घंटे ही लाइट लोगों को मिल पा रही है। चिलचिलाती गर्मी ने लोगों की हालत खराब कर दी है। छाता कस्बे में दिन में कई कई बार विद्युत तार टूट जाते हैं तो कहीं कि ट्रांसफार्मर सहित फेस जल जाते हैं जिसको लेकर कस्बा वासी खासे परेशान हैं हर दिन इसी तरह लाइट का काम हो गया है दिन और रात में लोग बिजली आने की रहा देखते रहते हैं कि लाइट आएगी तब से चैन से सोया जाएगा लेकिन लाइट की वजह से बच्चे बुजुर्गों सहित सभी लोग काफी परेशान हैं। कस्बे के रहने वाले मोहनश्याम सिंह ने बताया दिन में कई कई बार विद्युत तार टूट जाते हैं कभी फेस जल जाते हैं जिन्हें सही कराने के लिए विद्युत कर्मचारियों को सूचना दी जाती है तो कई कई घंटे उसे सही करने में लग जाते हैं जिसकी वजह से 24 घंटे में लगभग सिर्फ 4 घंटे ही बिजली लोगों को मिल पा रही है। कस्बे के ही रहने वाले राजकुमार ने बताया की कभी दिन में कभी रात में तार टूटते ही रहते हैं और लोग लाइट आने का इंतजार करते हैं लाइट समय पर नहीं आने की वजह से पानी के लिए भी लोग तरस रहे हैं बच्चे बुजुर्गों की तो गर्मी ने हालत खराब कर रखी है।

### सास के साथ बाजार से लौट रही महिला का मंगलसूत्र झपटा

**सोनीपत: सेक्टर**-27 शहर थाना क्षेत्र में सेक्टर-14 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मोड़ पर मोटरसाइकिल सवार झपटमार महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर मोटरसाइकिल सवार बदमाश पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।
चिंतपूर्णी कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी रुपाली व उनकी मां शनिवार देर शाम को बाजार में खरीदारी करने गई थी। जब वह खरीदारी कर घर वापस लौट रही थी तो सेक्टर-14 में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मोड़ पर एक युवक बाइक पर सवार होकर उनके पास पहुंचा। इससे पहले की वह कुछ समझ पाती युवक ने उनकी पत्नी के गले से ढाई तोले सोने का मंगलसूत्र झपट लिया और भाग निकला। उनकी पत्नी ने अचानक हुई घटना के बाद शोर भी मचाया, लेकिन झपटमार बाइक पर होने के चलते भाग निकला। जिस पर उनकी पत्नी ने उन्हें मामले से अवगत कराया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच के बाद देर रात झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम झपटमार का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि पुलिस को कोई सुराग हाथ लग सके।

### घोटिया चौक के पास पांच किलो का कुकर आईईडी बरामद

**दंतेवाड़ा।** जिले के पल्ली-बारसूर मार्ग पर नक्सली आए दिन जवानों को निशाना बनाने आईईडी के साथ बैनर-पोस्टर लगाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते रहते हैं। इसी क्रम में नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए घोटिया चौक के पास एक पांच किलो का कुकर आईईडी को सुरक्षित बरामद कर बम निरोधक दस्ते ने मौके पर निष्क्रिय कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को सर्चिंग पर निकले सीआरपीएफ के जवानों की सजगता से नक्सलियों द्वारा घोटिया चौक के पास लगाये गये आईईडी बरामद कर जवानों ने इसकी जानकारी बम निरोधक टीम को दी। बम निरोधक टीम मौके पर पहुंचकर इसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया।

# जननेता हैं अनिल विज: हरकेश शर्मा

## अनिल विज तुरंत जनता जनता दरबार शुरू करें क्योंकि लोग उनपर भरोसा कर अपनी पीड़ा बताते हैं-हरकेश

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा प्रदेश** शिव सेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के प्रांतीय अध्यक्ष हरकेश शर्मा ने कहा है कि हरियाणा के गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को जन प्रतिनिधि होने व हरियाणा सरकार के केबिनेट मंत्री होने के नाते जनता दरबार बंद नही करना चाहिए।हरकेश ने कहा कि प्रशाशनिक व्यवस्थायों के खिलाफ लोगों के दुखड़े केवल अनिल विज के दरबार मे ही सुने जाते हैं।अनिल विज तुरंत जनता जनता दरबार शुरू करें क्योंकि लोग उनपर भरोसा कर अपनी पीड़ा बताते हैं।

हरकेश शर्मा ने कहा कि हरियाणा गठन के बाद गृह मंत्री



अनिल विज एक मात्र ऐसे सत्तासीन नेता हैं जिनके पास समस्त हरियाणा से जनता सर्वाधिक भरोसा कर जनता दरबार मे पहुंचती है।हरकेश ने कहा कि कहा कि हरियाणा में खुले दरबार या जनता दरबार हरियाणा गठन के बाद से ही सत्ता सीन लोग लगते रहें है।एक मात्र विज का जनता दरबार ऐसा है जिसमे जनता बिना बुलाए केवल भरोसे पर पहुंचती है।विज के जनता दरबारों के मध्य रात्रि तक चलने व पूरे हरियाणा से भीड़ पहुंचने से पता लगता है कि 80% से अधिक लोगों के काम होते हैं तभी लोगों का विश्वाश उनपर बना हुआ है।उन्होंने कहा कि विज के पास दरबार मे महिलाएं,बजुर्ग,पुरुष व पुलिस प्रशाशन के सताए हर वर्ग के लोग हरियाणा के हर कोने से पहुंचते है। हरकेश शर्मा ने कहा कि सभी जिलाधीशों व पुलिस अधीक्षकों द्वारा वर्किंग डे पर 1 या 2 घण्टे प्रतिदिन जनता के लिए समय रखने के प्रावधान कई दशकों से हैं।मगर इस दौरान अधिकांश अधिकारियों द्वारा इसे प्रेक्टिकल रूप से नही अपनाया जाता।केवल उनके कार्यलयों के बाहिर सूचना पटों पर लटकी यह सूचनाएं ही ज्यादातर औपचारिकता वश टँगी नजर आती है।शर्मा ने कहा कि अनिल विज ने केवल अम्बाला की जनता के लिए जनता दरबार का दिन निर्धारित किया था।मगर अनिल विज की जन हितेषी वर्किंग के कारण अनिल विज के घर,दफ्तर जब लंबी लाइने लगने लगी तो उन्होंने हरियाणा की जनता के लिए भी अलग दिन फिक्स कर दिया।विज पर जब जनता बेहद भरोसा करती है तो उन्हें हरियाणा की जनता के लिए लगने वाला जनता दरबार बंद नही करना चाहिए था। हरकेश शर्मा ने कहा कि हरियाणा गठन के बाद अनिल विज बतौर मंत्री एक मात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिनको व्यक्तिगत रूप से या मेल पर दी शिकायतें जहां रजिस्टर्ड की जाती हैं वही अधिकारियों की जवाबदेही भी तय रहती है।शिकायतों पर उचित कार्यवाही न करने पर अधिकारियों की खिंचाई भी होती है।

## कलेक्शन एजेंट सैकड़ों लोगों के पैसे लेकर चंपत



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**कोसीकला** में बठैन गेट चौराहा स्थित कैनरा बैंक का कलेक्शन एजेंट सैकड़ों लोगों के पैसे लेकर चंपत हो गया। एजेंट का अता पता नहीं चलने पर मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार को दर्जनों पीड़ितों ग्राहक बैंक शाखा पर पहुंचे और अपने पैसे की मांग करते हुए बैंक के सामने हंगामा काटा। हंगामा कर रहे लोगों का कहना है कि कैनरा बैंक का कलेक्श्न एजेंट लोकमणि निवासी बठैन गेट कोसीकलां शहर के सैकड़ों ग्राहकों के लाखों रुपए बैंक में जमा न कराकर उन्हें लेकर गुम हो गया है। ग्राहकों ने बैंक पर हंगामा काटना शुरू कर दिया है। इस मामले में बैंक द्वारा आरोपित के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था। लेकिन ग्राहकों ने बैंक से अपना पैसा वापस करने की मांग की थी। पिछले दिनों पूर्व भी हंगामा काटा था। सोमवार को इस मामले में पुनः ग्राहक बैंक पहुंच गए।

## बीसी बाजार में गंदे पानी की सप्लाई से लोग परेशान



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला छावनी** के बीसी बाजार में पिछले कई दिनों से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। जिसके चलते क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। स्थानीय लोगों को कहना है कि वह इस संबध में कई बार विभागीय कर्मचारियों से भी मिल चुके है। लेकिन अभी तक कोई कारवाई नही कर रही। उन्होने बताया कि पानी में कीडें भी आ रहे है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पानी में सीवरेज का पानी भी आ रहा है। उन्होनें कहा कि यदि शीघ्र ही व्यवस्था को दुरूस्त नही किया गया तो इलाके में बीमारी भी फैल सकती है।

## विज ने पुलिस लाइन में अधिकारियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा में हैंड ग्रेनेड और विस्फोटक सामग्री मिलने की बढ़ती घटनाओं को देख राज्य सरकार गंभीर हो गई है। इसी सिलसिले में हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज पुलिस ऑफिसर इंस्टीट्यूट अंबाला सिटी में पंजाब इंटेलिजेंस ब्यूरोए नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंटए राजकीय रेलवे पुलिसए रेलवे सुरक्षा बल और हरियाणा पुलिस के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। बता दें कि शहजादपुर में हैंड ग्रेनेड मिलने से पहले अंबाला-दिल्ली नेशनल हाइवेए कुरुक्षेत्र जिले के शाहाबाद और कैथल रोड पर अलग-अलग विस्फोटक सामग्री मिल चुकी है।

## बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्रों को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**रा.** व. मा. विद्यालय बिहोली में कक्षा 10वीं और 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या महोदया डा. श्रीमति सुदेश कुमारी द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय ने 12वीं कक्षा के विज्ञान एवम कॉमर्स संकाय में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कराया। विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं में विशेष रूप से केमिस्ट्री, अकाउंट्स, बिजनेस स्टडीज, इकोनॉमिक्स, इतिहास, कंप्यूटर साइंस, आईटी, फैशन डिजाइन, संस्कृत और शारीरिक शिक्षा के विषयों में 100% ध्परिणाम रहा। विज्ञान संकाय में पुष्पेंद्र ने 80% और कॉमर्स संकाय में यशप्रीत ने 83%



अंक लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। 12वीं कक्षा के ही आर्ट्स संकाय की दो छात्राओं ने 82% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ 10वीं कक्षा में वंशिका 91%, ज्योति 90.2% और रोशनी ने 88.6% अंकों के साथ प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अन्य विद्यार्थियों में 12वीं कक्षा की रोशनी, रिंकी, अनीशा, गौरव, हर्ष, मीनाक्षी और कक्षा 10 के नेहा, अमन और रजनी ने भी 75% से अधिक अंक लेकर मेरिट में अपना स्थान दर्ज कराया। इस उपलक्ष्य में प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा दी और बच्चों द्वारा पाठ्यक्रम पुस्तकों के साथ-साथ शिक्षा जगत में तकनीक के सही इस्तेमाल पर भी बल दिया।

# सड़क चौड़ीकरण के बीच में आ रही एक सदी पुरानी मजार हटाई

## प्रशासन को था विरोध का अंदेशा, करीब पांच घंटे तक रोका यातायात, पैदल चलने वाले राहगीरों को भी नहीं निकलने दिया

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**मथुरा वृंदावन** मार्ग के चौड़ीकरण के बीच में आ रही एक सदी पुरानी मजार को सोमवार को लोगों के सहयोग से जिला प्रशासन ने हटावा दिया। प्रशासन को मजार हटाए जाने पर विरोध की आशंका थी, जिसके चलते किसी भी संभावित विरोध से निपटने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। दोनों और से करीब पांच घंटे तक यातायात को पूरी तरह रोक दिया गया था। यहां तक पैदल निकलने वाले लोगों को भी नहीं गुजरने दिया। हालांकि जिला प्रशासन



की आशंका निराधार निकली और किसी तरह से कोई विरोध सामने नहीं आया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर आला अफसर पूरे मामले पर नजर बनाए रहे।
मथुरा वृंदावन के लगभग 12 किलोमीटर लंबे मार्ग को फोरलेन किए जाने का कार्य एक वर्ष से लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिसमें करीब 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है लेकिन गांव धोरेरा के समीप एक सदी से भी अधिक पुरानी अद्दा बाबा की मजार मार्ग चौड़ीकरण में आड़े आ रही थी। जिसके चलते चौड़ीकरण का कार्य अटका हुआ था। पूर्व में जिला प्रशासन ने समुदाय विशेष के लोगों से वार्ता कर इसे अन्यत्र शिफ्ट करने की बात भी कही थी, लेकिन दोनों पक्षों में बात नही बन सकी। सोमवार की तड़के जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी के साथ फुलप्रूफ योजना बनाते हुए पहले पूरे मार्ग पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया और साथ ही मथुरा वृंदावन मार्ग पर मथुरा की ओर से आने वाले और वृंदावन की ओर से आने सभी राहगीर और सभी तरह के वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया था। करीब पांच घंटे की कार्यवाही के बाद मथुरा वृंदावन मार्ग पर आवाजाही सुचारू कर दिया गया।

## एचडीएफसी बैंक ने उत्तर भारत में मेगा 'कार-लोन मेला' शुरू किया

**हिसार:** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज पूरे उत्तर भारत में एक मेगा 'कार-लोन मेला' शुरू करने की घोषणा की। हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ में 300 से अधिक बैंक शाखाएं प्रमुख ऑटोमोबाइल ब्रांडों और क्षेत्रीय डीलरशिप के साथ साझेदारी में बड़े पैमाने पर ऋण अभियान की मेजबानी करेंगी, जो ग्राहकों को अपने कार मॉडल दिखाने के लिए शाखाओं में मौजूद रहेंगे। पात्र ग्राहकों के लिए, बैंक ऑन-द-स्पॉट ऋण स्वीकृति प्रदान करेगा। एचडीएफसी बैंक अपने ग्राहकों को सस्ती ब्याज दरों पर ऋण प्रदान करता है। 'कार-लोन मेला' ड्राइव की परिकल्पना ग्राहकों को विशेष रूप से (अर्ध-शहरी और ग्रामीण) स्थानों में ऑटोमोबाइल फाइनेंस की आसान पहुँच प्रदान करने के लिए की गई है। बैंक विभिन्न प्रकार के पुनर्भुगतान कॉनफि गरेशन और न्यूनतम कागजी कार्रवाई के साथ ऋण अनुरोधों को संसाधित करने के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करेगा। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए, एचडीएफसी बैंक की ऑटो लोन बुक का आकार 1,17,429 करोड़ रुपये था।
पिछले साल, एचडीएफसी बैंक ने 'एक्सप्रेस कार लोन' सुविधा शुरू की, जो एक अत्याधुनिक डिजिटल एपीआई प्लेटफॉर्म है, जो लगभग 30 मिनट में डीलरों के खातों में ऋण जमा करने में मदद करता है।

## शहीदी दिवस पर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**श्री** गुरू अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर अंबाला शहर के गुरूद्वारा गुरू गोबिंद पुरा साहिब से एक विशाल नगर कीर्तन आरंभ हुआ। पंज प्यारों की अगुवाही में शुरू हुए इस नगर कीर्तन का जगह-जगह पर संगतों द्वारा भवय स्वागत किया गया। दोपहर 3 बजे शुरू हुए नगर कीर्तन में संगतों का उत्साह देखने योग्य था। यह नगर कीर्तन अंबाला शहर के नावल्टी रोड से होता हुआ सराफा बाजार पहुंचा यहां पर दुकानदारों द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबीलें लगई गई थी। इसके बाद नगर कीर्तन कुमार मौहल्ला, अनाज मण्डी, जगाधर गेट, पटेल रोड, से होता हुआ मीरी पीरी चौक पहुंचा जगह-जगह पर संगतों में चाय, बैड पकोडे, फल बांटे गए। देर शाम नगर कीर्तन गुरूद्वारा मंजी साहिब पहुेगा। श्री गुरू अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर अंबाला शहर के गुरूद्वारा बादशाही बाग में सुबह 9 बजे से दोपहर ढाई बजे तक दिवान सजाए जाएंगे।

# फिल्मी अंदाज में घर से लाखों रुपये की नकदी चोरी

## डायल-112 से चोरों को पकड़ने की गुहार लगाते रहे पीड़ित व उसके परिजन गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**फिल्मों और** कहावतों में अक्सर पुलिस के लिए एक बात दिखाई और कही जाती है कि वह क्राइम हो जाने के बाद ही पहुंचती है, लेकिन हर बार ऐसा नहीं होता। कभी-कभी पुलिस अपराध के वक्त ही पहुंच जाती है। ये बात और है कि अपराधी उसके हाथ न लगे। हरियाणा सरकार ने शिकायत मिलने के बाद पीड़ित के पास चंद मिनटों में पुलिस सहायता पहुंचाने के लिए डायल 112 की सुविधा शुरू की थी,

> 8 चोर के साथ उसकी हाथापाई भी हुई। इस मामले में वारदात के वक्त ही पीड़ित परिवार ने फोन कर सूचना दे दी

लेकिन सवाल ये है कि क्या जनता को इसका कोई लाभ मिल भी रहा है या नहीं, ये सवाल सोनीपत में घर से 4 लाख ज्यादा की चोरी के मामले देखकर उठ रहा है।
शहर थाना क्षेत्र की शास्त्री कॉलोनी निवासी रामफल ने पुलिस को बताया कि वह, उसकी पत्नी व बच्चे घर पर थे। वह रोजाना की तरह खाना खाकर मकान में ऊपर के कमरे मे जाकर सो गया। चार दिन पहले उसके बेटे राजेश ने उसे 4 लाख 10 हजार रुपये दिए थे। उसने अपनी चारपाई पर तकिया के नीचे कैश छुपाकर रखा था। बीती रात एक बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर सीढ़ी के सहारे मकान में घुस आया। उसके पास हथियार था। शरीर पर उसने ऊपर कुछ नहीं पहन रखा था। चोरी करने से पहले चोर ने हाथ में ग्लब्स पहने और उसके बाद सीढ़ी उठाकर मकान की पिछली दीवार से घर में दाखिल हो गया। चोरी करते समय वह जाग गया। चोर के साथ उसकी हाथापाई भी हुई। इस मामले में वारदात के वक्त ही पीड़ित परिवार ने फोन कर सूचना दे दी। पुलिस उस समय पहुंची, जब बदमाश वारदात को अंजाम देकर घर से निकल भी नहीं पाया, लेकिन हद तब हो गई, जब पुलिसकर्मियों ने खुद की जान का डर बताकर चोर को पकड़ने की जहमत नहीं उठाई।

## मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सेक्टर-27 सोनीपत** पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहित निवीास पुगथला सोनीपत व रणबीर निवासी बेगा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है। सेक्टर-15 निवासी बलजीत ने 4 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने किसी काम से बस स्टैंड की तरफ जा रहा था।

# लोक अदालत: अदालतों पर कम हुआ 255381 वादों का बोझ

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**रविवार को** जनपद न्यायालय मथुरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट, तहसील स्तर पर कुल 301284 वाद निस्तारण के लिए नियत किये गये थे। जिनमें से 255381 वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग द्वारा 39 सिविल

> 8 लोक अदालत में जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट, तहसील स्तर पर कुल 301284 वाद निस्तारण के लिए नियत किये गये थे

वाद, आर्बिट्रेशन के छह वाद व एक फौजदारी वाद का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय आशीष जैन द्वारा 74 पारिवारिक वाद तथा अरविन्द कुमार शुक्ला अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 41 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों में राकेश कुमार त्रिपाठी पीठासीन अधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण मथुरा द्वारा मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों से सम्बंधित 20 वादों का निस्तारण कर 2,17,72,000 रुपये की प्रतिकर राशि पीडित पक्षकारों को दिलाये जाने के आदेश पारित किय गये तथा पांच प्रकीर्ण वादों का निस्तारण किया गया। फौजदारी न्यायालयों द्वारा फौजदारी से सम्बंधित 17889 वादों का निस्तारण किया गया। चैक बाउन्स के वादों से सम्बंधित 28 वादों का निस्तारण किया गया।

## युवक पर हमला कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत: सदर थाना** क्षेत्र के गांव रोहट में पशुबाड़े से वापिस घर लौट रहे युवक से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव रोहट निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि गत 19 मई को देर शाम 6.30 बजे अपने प्लॉट में स्थित पशुबाड़े से पशुओं को बांधकर वापिस घर पर लौट रहा था। रास्ते में आते समय गली में मंदिर के पास पहुंचा। जहां सीला व दीपक ने उसे पर हमला कर दिया। उसके सिर व चाकु से वार कर घायल कर दिया।

# बैंको में 2-2 हजार के नोट लेकर इधर-उधर भटकते नजर आए लोग

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** में अनेक लोग 2-2 हजार रुपएं के नोट बदलवाने को लेकर बैंकों में पहुंचे तो उन्हें भारी निराशा का सामना करना पड़ा। आज यहां तक की पट्रोल पंपों पर कर्मियों ने 2000 रुपए के नोट लेने से इंकार कर दिया। तो वहीं रेलवे स्टेशन पर जिन यात्रियों के पास 2000 रुपए के नोट थे उन्हें टिकट लेने में भारी परेशानी हुई। यात्रियों से भी कहा गया कि 2000 हजार का नोट नहीं लिया जाएगा। जिसके बाद यात्री भी इधर उधर भटकते नजर आए।

> 8 2000 के नोट बदलने की प्रक्रिया मंगलवार से देश के सभी बैंकों में शुरू हो जाएगी

2000 के नोट बदलने की प्रक्रिया मंगलवार से देश के सभी बैंकों में शुरू हो जाएगी। ऐलान के तीन दिन बाद रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का कहना है कि लोग नोट बदलने के लिए बैंकों में भीड़ ना लगाएं। आरबीआई ने 4 महीने का समय दिया है। लोग आराम से नोट बदलें लेकिन समय सीमा को गंभीरता से लें। 30 सिंतबर की डेडलाइन के बाद भी 2000 के नोट लीगल टेंडर रहेंगे यानी वैध रहेंगे। 19 मई को 2000 रुपए के नोट बंद करने का ऐलान किया। 30 सितंबर तक ऐसे नोट बैंकों में बदलने या अकाउंट में जमा करने को कहा है। आज एक ओर गाइडलाइन जारी की। इसमें बैंकों से कहा गया है कि गर्मी को देखते हुए वो लोगों के लिए छायादार जगहों और पानी का इंतजाम करें। कितने नोट बदले गए और कितने जमा किए गए इसका रोजाना हिसाब रखें। आरबीआई ने कहा है कि जो भी परेशानी आएगीए उसे हम दूर करेंगे।

## संपादकीय

# हिंदुत्व बनाम बिना शोर का धामीवाद

**इसमें** कोई शक नहीं है कि उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर धामी अपनी प्रवृति के अनुरूप पार्टी लाइन पर भी धीर-गम्भीर,दूरंदेशी और बिना शोर शराबे के मूलोच्छेदन निर्णय लेकर, प्रदेश को अब से दस साल बाद आने वाली समस्याओं से अभी निजात दिलाने के गम्भीर प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में जिस तरह योजनाबद्ध तरीके से प्रदेश को जनसंख्या असंतुलन और सीमान्त क्षेत्रों की सडकों के किनारे अतिक्रमण कर, प्रदेश की सुरक्षा के साथ देश की सुरक्षा को भी खतरे में डालने के प्रयास युद्धस्तर पर किये जा रहे हैं, वे अकल्पनीय हैं। इसमें कोई संदेह किसी भी राष्ट्रवादी को नहीं होना चाहिए कि इन रक्तबीज समस्याओं का समूल निदान अभी नहीं किया गया तो प्रदेश का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। इसमें भी कोई शक नहीं है कि इस समय प्रदेश का नेतृत्व बिना गर्वोक्ति किये, चुपचाप समस्याओं का निराकरण करते जाने की सशक्त मानसिकता वाले युवा के कंधों पर है और वे अपना कर्तव्य बिना आत्मप्रवंचना और शोर शराबे के एक एक कर चुपचाप करते चले जा रहे हैं और किसी को कोई पता भी नहीं लगने दे रहे हैं। मोदी के हर कार्य में खोट देखने और स्वयं को चाणक्य का एकमात्र वारिस मानने वाले लोग बिना जाने और बिनाविचारे मोदी को इस बात के लिए कोसते रहते हैं कि वे अपने पीछे भाजपा में अपने वर्चस्व को बनाये रखने के लिए कोई दूसरी सशक्त पार्टी लाइन नहीं बनने दे रहे हैं। येमोदी विरोध में इकतरफादृष्टिमान लोग अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, शिवराजसिंह, हेमंत विश्वा और सबसे युवा पुष्कर धामी कोबिलकुल कैसे नकार सकते हैं जिनपर, तीन तीन मुख्यमंत्रियों पर दांव लगाने के बाद,चुनाव हार जाने के बावजूद इकतरफा दुबारा दांव लगा कर,एक अत्यंत संवेदनशील और विभिन्न समस्याओं के बारूद पर बैठे प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद से सडकों के किनारे, सीमांत क्षेत्रों में जिस तरह से रातोंरात मजारें उगीं और फिर तुष्टीकरण की नीति के चलते उन्हें पक्के भवनों में बदलते देर नहीं लगी थी, मगर सीबीआई और रॉ की रिपोर्टों कि यह सब पाकिस्तान की आइएसआई के माध्यम से हो रहा है। जानकर भी उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही न किया जाना, एक नजीर बना और उत्तराखंड भी उसका शिकार बना यहाँ भी रातोंरात हजारों मजारें सडकों के किनारे, जंगलों के मध्य और विशेष रूप से किसी भी क्रम में संवेदनशील क्षेत्रों के बीच या उनके आसपास उग आयीं। पिछली सरकारें वोटों की राजनीति के चलते और दृढ़ इच्छाशक्ति के आभाव में इस विषय में कोई सक्षम कार्यवाही नहीं कर सकी। किन्तु धामी सरकार ने प्रकरण की गम्भीरता को समझा और दूरगामी परिणामों के दृष्टिगत उन्हें हटाना शुरू किया। आश्चर्य की बात यह कि अधिकाँश कब्रों में हड्डी का एक टुकड़ा तक नहीं मिला। एक इन्टरव्यु में धामी ने बताया कि वे अधिकाँश मजारें हटवा चुके हैं और संवेदनशील तथा फर्जी मजारों को जो बची हैं उन्हें भी शीघ्र ही हटवा दिया जाएगा। जहां तक समान नागरिक संहिता का प्रश्न है धामी ने बताया कि उसपर 90 प्रतिशत काम तो हो गया है। जून तक एक्सपर्ट कमेटी इसकी रिपोर्ट फाइनल कर देगी जिसके बाद इसे लागू करने पर तुरंत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।भारत में उत्तराखंड पहला ऐसा राज्य है (पुर्तगाली उपनिवेश होने के कारणगोआ मेंभारत में सम्मिलन से पूर्व से हीयह लागू था) जो देश मे समान नागरिक संहिता लागू करेगा।

# कायम है प्रधानमंत्री मोदी का जलवा

अशोक भाटिया

> "आपको मजाक लग रहा हो तो मेरी टीम से पूछ लीजिए। जिसके बारे में मैं ने सुना नहीं, कभी मिला नहीं वह भी उस भोज में शामिल होना चाहते हैं। हमारे पास अब आमंत्रण पत्र नहीं बचा है लेकिन फिल्म अभिनेताओं से लेकर मेरे संबंधी तक हर कोई आने को इच्छुक हैं। आप बहुत लोकप्रिय है। वहीं मौजूद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अलबनीज ने भी ऐसी ही परेशानी सुना दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में सामुदायिक आयोजन के स्थल पर 20 हजार लोगों के लिए जगह है लेकिन उनके लिए मुश्किल हो रही है। इस कार्यक्रम में अलबनीज भी रहेंगे। गौरतलब है कि सिडनी के एक क्षेत्र हैरिस पार्क में यह आयोजन होना है जिसे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के वक्त लिटिल इंडिया घोषित किया जाएगा। वैसे तीन देशों की इस यात्रा को भारतीय सभ्यता के प्रसार से भी जोड़ा जा रहा है"

**हाल** ही में पापुआ न्यू गिनी के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबरदस्त स्वागत उनका अंतर्राष्ट्रीय जलवा ही है । पापुना न्यू गिनी ने प्रधानमंत्री मोदी की निर्विवाद रूप से ग्लोबल नेता स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री जेम्स मारपे ने नरेंद्र मोदी से कहा कि प्रशांत द्वीप राष्ट्र उन्हें ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में मानता है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के नेतृत्व के पीछे रहेगा। प्रशांत द्वीप समूह के देशों के सामने आने वाली समस्याओं पर रोशनी डालते हुए जेम्स मारपे ने कहा कि हम वैश्विक राजनीति के शिकार हैं। आप (प्रधानमंत्री मोदी) ग्लोबल साउथ के नेता हैं। हम वैश्विक मंचों पर आपके नेतृत्व का समर्थन करेंगे। जेम्स मारपे ने कहा, रूस के साथ यूक्रेन युद्ध के मुद्दे की बजाय हम अपनी छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए आयात और मुद्रास्फीति पर ध्यान देते हैं। श्रीमान प्रधानमंत्री (प्रधानमंत्री मोदी), आपके सामने बैठे इन राष्ट्रों में ईंधन और बिजली शुल्क बहुत अधिक है। ये देश और हम जियोपॉलिटिक्स और बड़े राष्ट्रों के खेल से पीड़ित हैं और सत्ता संघर्ष से परेशान हैं।प्रधानमंत्री मोदी से जी20 और जी7 जैसे वैश्विक मंचों पर छोटे द्वीप राष्ट्रों के लिए एक सक्रिय आवाज बनने का आग्रह करते हुए जेम्स मारपे ने कहा, आप वो आवाज हैं जो हमारे मुद्दों को उच्च स्तर पर पेश कर सकते हैं क्योंकि विकसित अर्थव्यवस्थाएं, इकोनॉमी और वाणिज्य, व्यापार और जियो-पॉलिटिक्स से जुड़े मामलों पर चर्चा करती है। मरापे ने कहा, मैं प्रशांत क्षेत्र के अपने छोटे भाई और बहन देशों के लिए बोल रहा हूं। हालांकि हमारी भूमि छोटी हो सकती है और संख्या भी कम हो सकती है, लेकिन प्रशांत क्षेत्र में हमारा क्षेत्र और स्थान बड़ा है। दुनिया व्यापार, वाणिज्य और आवाजाही के लिए इसका इस्तेमाल करती है। हम चाहते हैं कि आप (प्रधानमंत्री मोदी) हमारी आवाज बनें। हमारे नेताओं के पास आपसे बात करने के लिए छोड़ा ही वक्त होगा। मैं चाहता हूं कि आप उन्हें सुनें। उम्मीद है कि इन चचाओं के बाद भारत और प्रशांत के संबंध और मजबूत हों। पापुआ न्यू गिनी के नेता ने आगे कहा, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रशांत द्वीप राष्ट्र जिन मुद्दों का सामना कर रहे हैं, विशेष रूप से हमारे बीच के छोटे देश, इन्होंने वैश्विक नेता के रूप में आपको समर्थन दिया है। पापुआ न्यू गिनी में सोमवार को तीसरे भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत बहुपक्षवाद में विश्वास



करता है और एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी भारत-प्रशांत का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि उनके लिए प्रशांत द्वीप राष्ट्र बड़े महासागरीय देश हैं न कि छोटे द्वीप राज्य। प्रधानमंत्री मोदी ने पापुआ न्यू गिनी के प्रधान मंत्री जेम्स मारपे के साथ तीसरे भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके वैश्विक नेतृत्व की मान्यता में फिजी के प्रधानमंत्री द्वारा फिजी के सर्वोच्च सम्मानः कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया गया है। आज तक गिने-चुने गैर-फिजी लोगों को ही यह सम्मान मिला है। उल्लेखनीय है कि 2014 में लॉन्च किए गए इस मंच में भारत और 14 प्रशांत द्वीप देश शामिल हैं। यह देश हैं फिजी, पापुआ न्यू गिनी, टोंगा, तुवालु, किरिबाती, समोआ, वानुअतु, नीयू, माइक्रोनेशिया के संघीय राज्य, मार्शल द्वीप समूह, कुक द्वीप समूह, पलाऊ, नाउरू और सोलोमन द्वीप हैं। गौरतलब है कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को लेकर अलग अलग राय रखी जाती है, लेकिन जिस तरह विश्व के दो शक्तिशाली देश अमेरिका और अस्ट्रेलिया के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने मुक्त कंठों से उनकी लोकप्रियता को सराहा वह देश के लिए भी गर्व का विषय है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने तो यहाँ तक कहा कि प्रधानमंत्री जी मुझे आपका आटोग्राफ लेना चाहिए। वहीं जापान की यात्रा के बाद जब प्रधानमंत्री पापुआ न्यू गिनी पहुंचे तो अदभुत दृश्य था। अगवानी को आए न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मरापे ने मोदी के पैर छुए। बताते हैं कि जापान में क्वाड बैठक के वक्त बाइडेन ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि उन्हें एक अजीबोगरीब चुनौती से जूझना पड़ रहा है। बाईडेन ने तो यहाँ तक कहा कि अगले महीने हमने वाशिंगटन में आपके सम्मान में जो स्वागत भोज रखा है उसमें शामिल होने के लिए पूरा देश उमड़ रहा है। आपको मजाक लग रहा हो तो मेरी टीम से पूछ लीजिए। जिसके बारे में मैं ने सुना नहीं, कभी मिला नहीं वह भी उस भोज में शामिल होना चाहते हैं। हमारे पास अब आमंत्रण पत्र नहीं बचा है लेकिन फिल्म अभिनेताओं से लेकर मेरे संबंधी तक हर कोई आने को इच्छुक हैं। आप बहुत लोकप्रिय है। वहीं मौजूद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अलबनीज ने भी ऐसी ही परेशानी सुना दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में सामुदायिक आयोजन के स्थल पर 20 हजार लोगों के लिए जगह है लेकिन उनके लिए मुश्किल हो रही है। इस कार्यक्रम में अलबनीज भी रहेंगे। गौरतलब है कि सिडनी के एक क्षेत्र हैरिस पार्क में यह आयोजन होना है जिसे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के वक्त लिटिल इंडिया घोषित किया जाएगा। वैसे तीन देशों की इस यात्रा को भारतीय सभ्यता के प्रसार से भी जोड़ा जा रहा है। इसी दौरान हिरोशिमा में प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया था जो शांति और अहिंसा के प्रति भारत की सोच के प्रतीक हैं। गौरतलब है कि 2014 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ही प्रधानमंत्री मोदी ने जो प्रयास शुरू किया था उसके बाद से अंतरराष्ट्रीय मंच पर जहां भारत मजबूत हुआ वहीं व्यक्तिगत स्तर पर उनकी खुद की लोकप्रियता अभूतपूर्व स्तर तक पहुंची है। कुछ महीने पहले ही इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय लीडर करार दिया था।

वस्तुतः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही यह प्रशंसा जहां वैश्विक प्रयास के लिए अहम है वहीं घरेलू स्तर पर इसका राजनीतिक असर भी दिखता है। पिछले लोकसभा चुनाव में हर आयु वर्ग के लोगों के लिए यह गर्व का विषय था और कईयों ने इसे ही अपने फैसले का आधार बनाया था।सिडनी में पहले क्वाड समूह की बैठक होनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के मना कर देने के बाद क्वाड समूह के शीर्ष नेताओं की बैठक हिरोशिमा में जी7 की पृष्ठभूमि में ही हो गई। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी इसके बाद भी ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा पहले की तरह ही जारी रखेंगे। हिरोशिमा में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात और बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का वक्तव्य खूब प्रसिद्ध और लोकप्रिय हो रहा है। यही नहीं ,जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 19 मई को हिरोशिमा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण फिर से चर्चा में है। इससे पहले पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी का वक्तव्य वैश्विक स्तर पर चर्चा में आया था, जब उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है। तब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी टेलीफोनिक बातचीत में रूस के राष्ट्रपति को कूटनीतिक रूप से हिंसा की समाप्ति की सलाह दी थी। मोदी ने सभी पक्षों को वार्ता की मेज पर लौटने की सलाह भी दी। उन्होंने यह भी कहा था कि दिल्ली फिलहाल यथार्थवादी दुनिया की जटिलताओं और क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर अपनी विशिष्ट सोच पर कायम रहेगी। 20 मई को ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने युद्ध को मानवता की समस्या बताया और उनका यह बयान खासा चर्चित हो रहा है। उन्होंने युद्ध के बारे में भारत की स्थिति को साफ करते हुए कहा था कि यूक्रेन में युद्ध दुनिया के लिए एक बड़ी चिंता है और इसने पूरे विश्व को प्रभावित किया है लेकिन मैं इसे राजनीतिक या आर्थिक मुद्दा नहीं मानता, यह मेरे लिए मानवता, मानवीय मूल्यों का मुद्दा है। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेनी नेता के साथ सहानुभूति जताते हुए कहा कि भारत उनकी पीड़ा और तकलीफ को समझ सकता है, क्योंकि भारत भी इस अनुभव से गुजर चुका है।

## कविता

सिलसिले अधूरे होते हैं।
हर बात को पूरा कर पाना
संभव नहीं हो पाता,
संबंधों की गर्माहट
हमेशा ताजी नहीं रह पाती,
पानी की लहरों की तरह
आकार नहीं ले पाते संबंध,
वे भी आकार रहित होते हैं,
नाम देना लहरों को,
लहराती हवाओं को
किसके बस की बात है,
उस खूबसूरत संबंध को
अमलीजामा पहनाना
बेमानी होगा, उनके लिए
एक बेनामी
नाम देने की तरह,
हम तैयार हैं पर उनके लिए
और असहज होगा यह बताना
कि मेरे उनसे संबंध हैं,
आकार रहित पानी की
लहरों की तरह चलायमान ,
दूर तक लहरों के साथ
जाने वाले पानी के बुलबुलों का
कोई वजूद नहीं होता है,
फिर क्यों मैं तैश में आकर
वादे कर जाता हूं

संजीव

---------

## भुतो की तलाश

रेखा शाह आरबी

**आजकल** इंसानी हरकतें देखकर बहुत दिन से मन उदास और उकताया हुआ है। इंसान के.. ना सुबह का भरोसा है.. ना शाम का भरोसा है ..ना काम का भरोसा है.. ना धाम का भरोसा है.. और ना ही इंसानों की जुबान का भरोसा अब रह चुका है । इंसान कहते कुछ हैं करते कुछ है करना कुछ चाहते हैं इंसानों की फितरत देख आजकल उन्हें इंसान कहने में भी शर्म आ रही है । और इंसानों को जानवर भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि इससे जानवरों की बेइज्जती होगी ,जानवर अपने नियम कायदे के पक्के होते हैं अगर वह शाकाहारी है तो शाकाहार ही करेंगे.. यह नहीं कि मौका पाकर हड्डी चबाना शुरू कर दे। इंसानों को समझाना कहना सुनना अब तो व्यर्थ ही लगता है ऐसी दुनिया में रहकर मैंने आखिर क्या उखाड़ लेना है बल्कि खुद उखड़ पखड़ जाना पड़ेगा। ।कभी-कभी तो लगता है भगवान सिर्फ पैदा करने की जिम्मेदारी क्यों उठाएं कौन कैसा बनेगा किसका क्या स्वभाव होगा इसकी भी जिम्मेदारी आपको उठानी चाहिए। इंसानों की दुनिया से तंग हूं ...इसीलिए अब भूतों की दुनिया तलाश कर रही हूं सुना उनकी दुनिया में अभी भी नियम कायदे चलते हैं। अभी भी भूत दूसरे भूत का टांग खींचने के फेर में नहीं लगा रहता है ।उनके समाज में सामाजिक समरसता एकता इत्यादि विद्यमान है ।और वैसे भी भूत मरने से ज्यादा क्या मरेंगे ..बेचारे पहले से ही खुद मरे हुए हैं। जिंदा तो आजकल इंसान भी नहीं है बस उसका शरीर जिंदा है उसकी आत्मा मर चुकी है लेकिन भूतों के साथ ऐसा नहीं है उनका जमीर जिंदा है शरीर मर चुका है इसीलिए अभी इंसानों से ज्यादा मुझे भूत पसंद आ रहे हैं। सुना है आत्मा के तीन स्वरूप होते हैं जीवात्मा, सूक्ष्मात्मा, प्रेतआत्मा... जो भौतिक शरीर में निवास करती है उसे जीवात्मा कहते हैं । लेकिन लगता नहीं है किसी इंसान में उसकी आत्मा बची हुई है अगर आत्मा बची हुई होती तो धरती पर इतना तांडव नहीं होता और सूक्ष्म आत्मा तो निर्दोष होती है लेकिन इतनी सूक्ष्म होती है कि भारी भरकम शरीर के द्वारा किए जा रहे पापों को संभाल नहीं पा रही और बची प्रेतात्मा... प्रेतात्मा तो मरने के बाद बना जाता है इनको ना ही अपनों का मोह परेशान करता है और ना ही इनकी रिश्तेदारी नातेदारी बची हुई होती है जिसके चलते यह पाप कर्म करें अतः इन की संगत करना ही उचित है। बस दिक्कत इतना है कि ढूंढने पर भी इनका पता नहीं चल रहा है प्रेत आत्माएं रहती कहां पर है ? लगता है जनसंख्या के विस्फोट ने इनको भी बेघर कर दिया है पहले बरगद वाले भूत, कुए वाला भूत, खंडहर वाला भूत, हवेली वाला भूत, बगीचे वाला भूत आदि आदि जगहों के भूत होते थे अब तो धरती के सभी खाली जगह पर यह इंसानी भूत कब्जा किए बैठे हैं तो बेचारे भूत वहां से पलायन कर चुके हैं इंसान भले भूतों की दुनिया में रहने लायक हो चुका है लेकिन बेचारे भूत अब भी इंसानों की दुनिया में अपने को एडजस्ट नहीं कर पाते हैं ।पहले कहा जाता था कि भूत इंसान का खून पी जाते हैं अब तो यह काम भी इंसानों ने अपने ही हाथ में ले लिया है अनेक अनेक तरीकों से खून पीने के रास्ते इजाद कर लिए हैं। पहले लोगों के पीछे भूत पड़ते थे.. अब भूतों के पीछे इंसान भाग रहा है।

## विचार

# आम के बहाने पसमांदा मुसलमानों के साथ योगी

आर.के. सिन्हा

**मिर्जा** गालिब मीठे आम के लिए जान देते थे। वे अपने दोस्तों-यारों के साथ आम खाना पसंद करते थे। उनकी आम की पार्टियाँ मशहूर हैं कवे वर्ष 1827 में दिल्ली से कोलकाता गए थे। वे दिल्ली से कोलकाता जाते वक्त कानपुर, लखनऊ, बाँदा, इलाहाबाद होते हुए बनारस पहुँचे। वे बनारस में छह महीने ठहरे थे। उन्होंने अपने सफर के दौरान उत्तर प्रदेश के मशहूर दशहरी या लंगड़ा आम का जमकर स्वाद स्वाद चखा । आम की अलग-अलग प्रजातियां सारे देश में मिलेंगी पर उत्तर प्रदेश में मिलने वाले मिश्री जैसे रसीले आमों की बात ही अलग है। अजीब सा संयोग है कि राज्य में आम की खेती और व्यापार में मुसलमानों की अच्छी-खासी भूमिका है। आपको सारे प्रदेश में आम की खेती करते हुए ज्यादातर मुसलमान ही मिलेंगे। कुछ समय पहले राज्य के कुछ इलाकों में बेमौसमी बारिश तथा ओला वृष्टि से आम किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया था। वे बेहद परेशान थे। तब योगी सरकार ने भरोसा दिया था कि हर किसान को हुए नुकसान की उचित भरपाई की जाएगी। उस पर तेजी से अमल हो भी रहा है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, अमरोहा, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी वगैरह दशहरी, चौसा, लंगड़ा, रामकेला, रतौल, आम्रपाली और मल्लिका की फसल उगाई जाती है।दरअसल आम के उत्पादन में उत्तर प्रदेश का देश में पहला स्थान है। इसकी खेती करके किसान बेहतर मुनाफा भी कमा रहे हैं। इस बीच, उन्नाव जिला आम की कई किस्मों के लिए जाना जाता है। राज्य की जलवायु और मिट्टी आम की खेती के लिए बड़ी मुफीद मानी जाती है। इस वजह से सबसे अधिक आम उत्पादन उत्तर प्रदेश में होता है। इसी तरह बिहार की राजधानी पटना के आसपास होनेवाले दीघा मालदह का तो जवाब ही नहीं है कमुंह में जाते ही घुल जाता हैकइसके अतिरिक्त भागलपुर का जदार्लू और मोतिहारी का बीजू के आम का भी जवाब नहीं पर उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को चुस्त मार्केटिंग के अभाव में अपनी फसल को देश के विभिन्न भागों में और देश से बाहर भेजने के अबतक कम अवसर मिलते थे। इस कमी को दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का आगामी 21 से 25 सितंबर तक नोएडा में आयोजित हो रहा इंटरनेशनल ट्रेड शो अहम होगा। उसमें फलों के राजा आम की विशेष मार्केटिंग की जाएगी। उत्तर प्रदेश देशभर का करीब 21 प्रतिशत आम का उत्पादन अकेले करता है। योगी सरकार इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से ओडीओपी यानी एक जिला एक उत्पाद को प्रमोट कर रही है। ऐसे में आम के अलग-अलग किस्मों को भी इस शो में प्रमोट करने की तैयारी सरकार ने कर ली है। उत्तर प्रदेश का आम सारी दुनिया में बिकेगा तो लाभ होगा मुसलमानों को खासतौर पर। दरअसल आम के किसान और उनके यहां काम करने वाले मजदूर सब मुसलमान ही हैं। खेतों में काम करने वाले अधिकतर किसान पसमांदा समुदाय से आने वाले मुस्लिम हैं।लखनऊ की चिकन की कारीगरी, बनारस की गुलाबी मीनाकारी, कन्नौज के इत्र के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आम के बगान अल्पसंख्यक समुदाय की आजीविका का मुख्य साधन हैं। इस ट्रेड शो के माध्यम से योगी सरकार का लक्ष्य एक तरफ आम को प्रमोट करना है तो वहीं, अप्लसंख्यक समुदाय को आर्थिक तौर पर सशक्त करना भी है। दिल्ली में आयोजित होने वाले वर्ल्ड ट्रेड फेयर में उत्तर प्रदेश को सिर्फ हजार से डेढ हजार हेक्टेयर भूमि में ही अपने उत्पादों की प्रदर्शनी के लिए जगह मिल पाती है। वहीं इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन लगभग 50 हजार हेक्टेयर भूमि पर किया जाएगा। यहां आम और योगी सरकार के बहाने पसमांदा मुसलमानों की हालत पर बात करना जरूरी है। सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरित मुसलमान हैं। जलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# स्वाद के वशीभूत होकर बच्चे अपना स्वास्थ्य बिगाड़ रहा है

विजय गर्ग

**समूची दु**निया में अधिकतर बच्चे और बड़े अपने स्वाद के वशीभूत होकर अपना स्वास्थ्य बिगाड़ रहे हैं। यह एक जानी हुई बात है कि स्वस्थ तन में स्वस्थ मन रहता है। अगर हमारा तन स्वस्थ है, तो हम प्रत्येक कार्य को कुशलतापूर्वक करके जीवन को सफल बना सकते हैं, लेकिन आमतौर पर होता यह है कि हम स्वाद के मायाजाल में फंस कर जीवन को संकट में डाल देते हैं। अनेक बच्चे और बड़ों को देखा जा सकता है कि वे जीभ के स्वाद में प्रकृति के प्रतिकूल चलकर गंभीर बीमारियों का शिकार होकर अस्पताल और डाक्टरों के पास चक्कर लगा कर अपना धन और समय बर्बाद करते रहते हैं। उन्हें देख कर मुझे सहानुभूति होती है कि आखिर वे इस तरह न केवल अपना, बल्कि समूचे मानव जीवन को नरक बनाने के अभियान में लगे हैं।

एक तरफ जीभ का स्वाद और दूसरी ओर भोजन को भी खाते हुए चबा कर नहीं खाना और न ही भोजन को नियम और प्रकृति के अनुकूल खाया जाता है। इसके अलावा अपनी दिनचर्या को भी प्रकृति के प्रतिकूल बनाकर कई लोग जीवन में दुख और संकटों से घिरे रहते हैं। आयुर्वेद कहता है कि जो मनुष्य प्रकृति के अनुकूल होकर अपने जीवन को ढाल लेते हैं, वे हमेशा स्वस्थ और प्रसन्न रह कर सकारात्मक ऊर्जा से भरे रहते हैं।

साथ ही अपने जीवन में सफल होकर मानव जीवन को सार्थक कर लेते हैं, जिसके लिए प्रकृति ने उन्हें निर्मित किया होता है। साथ ही यह भी कहा गया है कि हमें भोजन को ईश्वर का प्रसाद मान कर ग्रहण करना चाहिए यानी भोजन को पहले ईश्वर का धन्यवाद करके ही ग्रहण करना चाहिए। यह याद रखना चाहिए कि अनेक लोग आज भी इस धरा पर भूखे रह जाते हैं। अपने आसपास अगर नजर घुमाई जाए तो ज्यादातर लोग खाने को किसी जल्दबाजी के काम की तरह निपटाते हैं। जबकि सेहत और स्वाद के लिए जरूरी है कि भोजन को चबाकर खाया जाए। पुरानी पीढ़ियों को इस वैज्ञानिक तथ्य की जानकारी थी कि भोजन के बाद या बीच में ठंडा पानी पीना वर्जित है और अगर पीना ही पड़े तो गुनगुना जल पीना चाहिए।

## पूछना बेकार है

डॉ. सुरेश कुमार

**जनता** से कुछ नहीं पूछना चाहिए। वह हमेशा भीतर से भेड़ और बाहर से महंगाई के खिलाफ होती है। विपक्षी दल से पूछा गया तो उनके एक नेता ने कहा - मैंने ही तो सबसे पहले यह मुद्दा उठाया था। उसने सत्तारूढ़ दल से भी पूछ लिया। उन्होंने कहा - हम आजादी के बाद से ही इसके खिलाफ कटिबद्ध हैं। अतिशीघ्र हम एक बिल ला रहे हैं। सत्तारूढ़ दल विपक्ष से कम उत्साहित थोड़े न था। उसने अपने गठबंधन दलों से पूछ लिया। वे भी कौन से दूध के धुले थे। कह दिया - महंगाई को जड़ से मिटाना ही चाहिए। सबने एक स्वर से कहा। उसने किसानों से पूछा, वे भी खिलाफ थे। जवानों से पूछा, वे भी खिलाफ थे। पुलिस से पूछा, वह भी खिलाफ थी। उसने चोर, डाकुओं, लुटेरों से पूछा, वे भी खिलाफ थे। उसने पेट्रोल से पूछा, वह भी खिलाफ था। उसने डीजल से पूछा, वह भी खिलाफ था। उसने गैस सिलेंडर से पूछा, वह भी खिलाफ था। मुद्रा से पूछा, वह भी खिलाफ थी। क्या ठोस, क्या द्रव्य, क्या गैस सारा देश महंगाई के खिलाफ धरने पर था।

कमाल का माहौल दिख रहा है! वह बुदबुदाया। आप भी आइए न बहिन जी, क्या आप महंगाई के खिलाफ नहीं हैं। एक प्रदर्शनकारी ने उससे कहा। "बिलकुल हूँ, मैं क्या देश से अलग हूँ आपसे अलग हूँ।" उसने पूरी विनम्रता से कहा। हाँ, लगती तो बिलकुल हमारी जैसी हो। आओ बैठो न हमारे साथ - लोगों ने मिलकर कहा। वह आराम से उनके बीच जा बैठी। बातचीत होने लगी। उसने कुछ नए नारे भी बनाए। थोड़ी ही देर में लगने लगा कि वह उनसे अलग कभी थी ही नहीं। आपका नाम क्या है बहिन जी? यूँ ही किसी ने पूछ लिया। "महंगाई" उसने, निडर होकर जवाब दिया। पहले तो किसी ने ध्यान न दिया। "क्या" एकाएक कोई चौंका। यह वक्त इन बातों को सोचने का नहीं कि कौन क्या है, हर किसी का समर्थन कीमती है झ किसी ने भीड़ में से कहा और बहस शुरू हो गई। नहीं-नहीं, ऐसा कैसे हो सकता है? निकालो इस कुलक्षणा को यहाँ से - रोष से जिसने यह कहा था वही हैरानी से बोला - अरे! पर वह गयी कहाँ?अभी तो यहीं थी! मैंने अभी उसे विपक्षी दल के पास बैठे देखा था झ सत्ता दल के एक नेता ने कहा। ऐसा कैसे हो सकता है!

## न्यूज फ्लैश

### भागवत से सारे दोष दूर होते है- अतुल कृष्ण

**काँगड़ा/सोनीपत**

**सारा जगत** परमात्मा से ही आच्छादित है। किसी अन्य तत्व की कोई सत्ता नहीं है। पर जब तक चित्त में अज्ञान की छाया है तब तक घट-घट व्यापी ईश्वर की सत्ता का अनुभव नहीं होता। जिनके नेत्र ज्ञान से निर्मल हो चुके हैं उन्हें वृक्षों-वनस्पतियों में भी भगवान की छाया दिखाई पड़ जाती है। फिर तो देह के पीछे जो आत्मा छिपी है वह भी दिख जाती है। प्रभु में तन्मय दृष्टि जितनी गहरी होती जाती है जगत उतना ही मिटता चला जाता है। उक्त अमृतवचन श्रीमद् भागवत कथा की कलशयात्रा के पश्चात परम श्रद्धेय अतुल कृष्ण जी महाराज ने नैहरन पुखर में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ईश्वरीय अनुभव में एक घड़ी ऐसी भी आती है जब इस जगत में जगत नहीं रह जाता सिर्फ परमात्मा बचता है। वह घड़ी परम आनंद एवं धन्यता की घड़ी होती है। ऐसी शुभ घड़ी के आते ही जीवन की सारी दरिद्रता मिट जाती है। जीवन से विकारमय विष समाप्त होकर अमृत का प्राकट्य हो जाता है। जीव में परमात्मा का अनुभव होते ही प्रेम एवं करुणा की सुगंध सर्वत्र फैलने लगती है। पराए भी अपने लगने लगते हैं। मनुष्य यदि अपने जन्म को सार्थक करना चाहता है तो प्रभु प्रेम से वंचित न रहे। अतुल कृष्ण जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हमें सारे दोषों से मुक्त कर मानवीय जीवन मूल्यों की फिर से स्थापना करती है। सत्य, प्रेम, दया, करुणा, श्रद्धा एवं आस्था के वृक्ष सदैव ही फलते-फूलते देखे गए हैं। जबकि हींसा, वैमनस्य, घृणा, कपट, अज्ञान एवं नास्तिकता का सर्वनाश निश्चित है। आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री भागवत जी की शोभायात्रा निकाली जो नैहरन पुखर से कालेश्वर, पंचतीर्थी, सदवां, गरली, प्रागपुर होते हुए कथास्थल तक आई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्वश्री अमर नाथ शर्मा, विनोद कालिया, मनोज शर्मा, अनीश, शिवाय, मनीष, रेयान, निधि शर्मा, सुलोचना देवी, निर्मला देवी, रितु, ममता, नीतू, कमलेश, कांता, आशा देवी, ज्योति, मनोरमा, अंचल, स्वाति, मीना, रीना, नीलू, सावित्री, अंशु, भव्या, श्रुति इत्यादि उपस्थित रहे। कथा के मुख्य यजमान अमर नाथ शर्मा ने बताया की कथा 29 मई तक प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक जारी रहेगी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# इंद्री में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**21 जून** को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। आज इंद्री के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हर्बल पार्क में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ हो गया है। शिविर में पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के पदाधिकारी तथा आयुष विभाग के योग के विशेषज्ञ मुख्य रूप से पहुंचे, जहां पर उन्होंने योग साधकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जानकारी दी तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अभ्यास करवाया गया। आयुष विभाग के योग के विशेषज्ञ अमित पुंज ने योग साधकों को जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिला करनाल के आठ खंडों में मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां अभी से शुरू हो गई है। 29 मई से अलग-अलग जगह पर योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास के शिविरों का आयोजन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कस्बा इंद्री में यह शिविर आज से ही शुरू हो गया है, जिसमें योग दिवस के प्रोटोकॉल के अभ्यास संबंधित योगासन प्राणायाम व



सूक्ष्म व्यायाम के अभ्यास करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। योग हमारी प्राचीन पद्धति है उन्होंने कहा कि योग सीखते हुए हमें कुशल योग शिक्षक के द्वारा ही योग सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव जी ने योग और आयुर्वेद के बारे में प्रचार प्रसार करके एक अलख जगाने का कार्य किया है, क्योंकि हम अपनी पुरानी पद्धति योग एवं आयुर्वेद को भूल चुके थे, लेकिन स्वामी बाबा रामदेव जी ने न केवल भारत में बल्कि विदेशों में जाकर के योग और आयुर्वेद का प्रचार प्रसार जिस प्रकार से किया है। आज पूरा विश्व ही योग को अपनाने लगा है। हम आज ही योग में विश्व गुरु बन गए हैं और यही देन है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ हुआ था, आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 173 देशों में मनाया जा रहा है। पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा ने योग साधकों को बताया कि हम किस प्रकार से योग के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं और यही प्रयास पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का रहा है जिला करनाल में इस समय लगभग 120 योग की कक्षाएं चल रही हैं। जिला करनाल में 8 खंड बन चुके हैं, जहां पर यह योग कक्षाएं पतंजलि योग समिति के द्वारा चलाई जा रही हैं और लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य लाभ मिल सके, इसका प्रयास निरंतर जारी है। पतंजलि योग समिति की पूर्व महिला जिलाध्यक्ष राजरानी मैहला ने बताया कि वह पिछले कई सालों से योग के साथ जुड़ी हुई हैं और उनका प्रयास भी यही रहता है कि ज्यादा से ज्यादा योग के माध्यम से महिलाओं को जोड़ा जाए, क्योंकि अधिकतर रोग से ग्रसित महिलाएं होती हैं वह रोग से कैसे बच सकती है सिर्फ मात्र एक ही साधन है और वह है योग। इस अवसर पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुरिन्द्र नारंग, धर्मपाल आर्य व मास्टर बलराज ने भी योग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग साधकों में मुख्य रूप से विजय काम्बोज, नरेश भाटिया, रघुबीर बतान, शिव चरण, अनिल वर्मा, संदीप वर्मा, मुकेश वर्मा, सुनील कुमार, राम कुमार, संजय मित्तल, सुभाष चंद, नरेश कुमार, दीपा भाटिया, शशि गुप्ता, सुषमा देवी, संतोष रानी, उषा रानी व नरेंद्र कपूर उपस्थित रहे।

## एसडी विद्या मंदिर स्कूल में कलारिपट्टू (मार्शल आर्ट) चैंपियनशिप के समापन

**पानीपत, 22 मई (कमाल हुसैन ) एसडी विद्या** मंदिर स्कूल के मार्शल आर्ट चैंपियनशिप समापन समारोह में सोमवार को आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता पहुंचे। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट से छात्र बचपन से ही आत्मरक्षा के गुर सीख जाते हैं। किसी भी छात्र को डॉक्टर इंजीनियर कुछ भी बनना हो, उससे पहले शरीर और मस्तिष्क का स्वस्थ होना अनिवार्य है। शरीर तभी स्वस्थ हो सकता है जब हम खेलों भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि एकाग्रता पाने के लिए ऋषि-मुनि और साधु यज्ञ पूजा करते थे। लेकिन खेल का मैदान एक ऐसी जगह है जहां मनुष्य की सारी एकाग्रता उसके साथ रहती है। जब आप एकाग्रता पा लेते है तो दुनिया का कोई भी काम मुश्किल नहीं लगता। जिसे आप कर न पाओ। उन्होंने मार्शल आर्ट एसोसिएशन का धन्यवाद करते हुए कहा कि कलारिपट्टू (मार्शल आर्ट) जैसे खेल को हरियाणा में लेकर आए, हरियाणा पहलवानों की धरती है। उन्होंने एसोसिएशन से आह्वान किया कि इस खेल को हरियाणा के सभी जिलों में आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने छात्रों से कहा यूट्यूब और एक्सपर्ट के माध्यम से इस खेल को समझें और समय दें। जब आप किसी भी काम को समय देते हैं तो फिर

## सच्चाई और ईमानदारी का प्रचार-प्रसार कर रहा फाउंडेशन :

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन मिशन के अंतर्गत लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन होटल डिवेंचर में हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में नेशनल चीफ नरेंद्र अरोड़ा उपस्थित रहे एवं फिल्म अभिनेता राणा जंग बहादुर ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजोध सिंह एवं राष्ट्रीय संयोजक रचना रॉय ने की। सेमिनार में विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय चेयरमैन विजय गुप्ता, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल मंसूरी,




राष्ट्रीय मुख्य निदेशक विशाल काठ, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनितिक प्रकोष्ठ गौरव गाबा, राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवाधिकार प्रकोष्ठ गगनदीप मल्होत्रा, राष्ट्रीय मुख्य निदेशक विजिलेंस प्रकोष्ठ गुरमीत सिंह, राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार अधिवक्ता बिक्रम चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी टॉप लीडर्स को सम्मानित किया गया।

नरेंद्र अरोड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि लीडरशिप से आशय है किसी व्यक्ति या समूह का निर्देशन करना, इसके द्वारा व्यक्ति अपनी क्षमताओं एंव अपने बौद्धिक स्तर के आधार पर किसी को राह दिखाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि लीडर का व्यक्तित्व प्रभावशाली एवं आकर्षक होना चाहिए, उसके अंदर दूसरे व्यक्ति का मार्ग प्रशस्त करने की कला होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष में सच्चाई और ईमानदारी का प्रचार प्रसार कर रहा कर रहा है।

इस अवसर पर आमिर ऐजाज भट्ट, अजीत राही, सतीश गर्ग, कृष्णा गुप्ता, कमलकांत, नीना शर्मा, डा. सुरेंद्र नागिया, पवन शर्मा, विजय जैन, गुंजन भटनागर, कप्तान सिंह, शशि भास्कर, अरुण

## ~~दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में मिशन स्वस्थ भारत सफलता की ओर अग्रसर है, जिसके तहत~~

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**प्रसिद्ध** योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में मिशन स्वस्थ भारत सफलता की ओर अग्रसर है, जिसके तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर नित योग कक्षाएं लगाई जा रही हैं। इन कक्षाओं का उद्देश्य जन-जन को योग के प्रति जागरूक करना है, ताकि एक स्वस्थ जीवन शैली को लोग अपना सकें।

एलआईसी योग कक्षा में पहुंचे दिनेश गुलाटी ने ये बात कक्षा में योग के दौरान कही। उन्होंने साधकों को प्राणायाम करने के



नियम बताए। उन्होंने कहा कि प्राणायाम शुरू करने से पहले आसन का चुनाव करें सुखासन, सिद्धासन, पदमासन, वज्रासन। स्थिर सुखासन, अर्थात सुखपूर्वक बिना कष्ट के एक ही स्थिति में अधिक से अधिक समय तक बैठने की क्षमता को आसन कहते है।

दिनेश गुलाटी ने आसन लगने की

## हरियाणा मीडिया वेलफेयर कल्ब सोनीपत के संजीव कौशिक बने

**सोनीपत**

**सोनीपत** शहर में हरियाणा मीडिया वेलफेयर कल्ब की और से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के प्रिंट व इलैक्ट्रोनिकस मिडिया से जुडे पत्रकारों ने बढचढ कर भाग लिया। इस दौरान पत्रकारों ने सर्वसम्मति से वरिष्ट पत्रकार संजीव कौशिक को हरियाणा मीडिया वेलफेयर कल्ब सोनीपत इकाई का जिला प्रधान चुना और फूल मालाओं से नवनियुक्त जिला प्रधान का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष राकेश देव, उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज, महासचिव राजेन्द्र सिहं, कोषाध्यक्ष

## अवैध हथियार व जिंदा कारतूस सहित दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**डिटेक्टिव स्टाफ** व पुलिस चौकी जलमाना की टीम द्वारा दो अलग-अलग मामलों में अवैध हथियार व जिंदा कारातूस सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

पहले मामले में बीती शाम के समय डिटेक्टिव स्टाफ टीम द्वारा आरोपी जयकुमार पुत्र धर्मबीर सिंह वासी गोरखपुर उत्तर प्रदेश हाल निर्मल कुटिया पार्क सैक्टर-12 करनाल को अवैध हथियार रखने की विश्वसनीय सूचना पर मेरठ रोड से गंजोगढ़ी रोड से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

आरोपी से प्रारम्भिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी एक आदतन अपराधी है और लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। चोरी की वारदातों को अंजाम देते समय आरोपी अपने पास अवैध हथियार रखता है, ताकि आरोपी हथियार का डर दिखाकर वारदात करके आसानी से फरार हो सके। आरोपी उपरोक्त हथियार



को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से एक व्यक्ति से चार हजार रुपए में खरीदकर लाया था।

पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी करने के 13 मामले जिला करनाल के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। आरोपी को आज अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

दूसरे मामले में पुलिस चौकी जलमाना की टीम द्वारा अवैध हथियार रखने की विश्वसनीय सूचना पर आरोपी प्रदीप कुमार पुत्र धूमसिंह वासी गावं अलावला जिला करनाल के घर पर दबिस देकर आरोपी के घर से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया। इस संबंध में टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी प्राईवेट गाड़ी चलाता है और आरोपी को अवैध हथियार रखने का शौक है। उपरोक्त हथियार को आरोपी के घर के अन्दर रखे बैड में से बरामद किया गया।

पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह ट्रक ड्राईवरी का काम करता है और महराष्ट्र,

## विधायक रामकुमार कश्यपन ने महर्षि कश्यप जयंती समारोह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**महर्षि** कश्यप जयंती समारोह के सफल आयोजन को लेकर विधायक रामकुमार कश्यप ने सोमवार अधिकारियों टीम के साथ संयुक्त रूप से अनाज मंडी में आयोजित होने वाली महर्षि कश्यप जंयती समारोह स्थल का दौरा किया और सभी आवश्यक प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने उपमंडल स्तर पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित कार्य को समय रहते पूरा करे, कहीं पर भी लापरवाही ना बरते।

उन्होंने बताया कि



महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह 24 मई को इन्द्री नई अनाज मंडी में बडे ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज बतौर मुख्य अतिथि के अलावा समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर, करनाल के सांसद संजय भाटिया, घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण सहित अन्य जन प्रतिनिधि विशिष्ठद्द अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम में कश्यप समाज के विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, संत समाज प्रतिनिधि तथा हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेगें।

विधायक रामकुमार कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह समारोह स्थल अनाज मंडी परिसर की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करवाए तथा अस्थाई तौर पर सुलभ शौचालय भी बनवाएं। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर भव्य ढंग से साज-सजा हो। सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल एवं मिलजुल कर कार्य करेगे। इस मौके पर एसडीएम राजेश पुनिया के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहें।

## दुकान का शटर तोडकर चोरी करने वाला एक आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**करनाल** की बीज मार्किट पुरानी सब्जी मण्डी में स्थित एक मोबाइल फोन की दुकान का शटर तोडकर उसमें से सामान चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा एक आरोपी शिवा उर्फ शिवम पुत्र सोमी वासी डेहा बस्ती मंगल कालोनी करनाल को विश्वसनीय सूचना पर शिवपुरी रोड करनाल से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर टीम द्वारा जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी कबाड़ा बीनने का काम करता है और चोरी की वारदातों को अंजाम देने का आदी है। आरोपी नशा पूर्ति के लिए करने के लिए अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता है।

आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम दिया था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी करने के तीन मामले दर्ज हैं और इन मामलों में आरोपी जमानत पर बाहर चल रहा है। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता रोनित सचदेवा वासी कर्मसिंह कालोनी करनाल ने 22 फरवरी 2023 को थाना शहर में

## संडे सैल मार्किट से 70 मेज चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**सीआईए टू** की टीम द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने 13 नवम्बर 2022 को सैक्टर-12 करनाल स्थित संडे सैल में से टेंट की 70 मेज चोरी की वारदातों को अंजाम दिया सीआईए टू की टीम द्वारा आरोपी टीपाल उर्फ टिंकू पुत्र बिसम्बर सिंह वासी इन्द्रा कॉलोनी बांसो गेट करनाल व कुलदीप पुत्र सुरेश कुमार वासी बसंत विहार करनाल को विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 70 मेज व वारदात में इस्तेमाल एक पिकअप गाड़ी बरामद की गई है।

आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी कुलदीप का भी मॉडल टाउन करनाल में टेंट का



काम है। आरोपी कुलदीप ने दूसरे आरोपी के साथ मिलकर संडे सेल करनाल से 70 मेज चोरी कर ली थी, ताकि आरोपी इन मेजों को अपने टेंट के काम में प्रयोग कर सके और मौका लगते ही किसी अन्य व्यक्ति को बेच सके। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी कुलदीप एक आदतन अपराधी है। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी, आबकारी अधिनियम व सट्टा खेलने के तीन मामले दर्ज हैं।

इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता संजीव पुत्र बिशम्बर वासी जुण्डला गेट करनाल ने 14 नवम्बर 2022 को पुलिस थाना सिविल लाईन में एक शिकायत देते हुए बताया था कि वह टेंट का काम करता है और संडे सैल में किराये पर टेंट की मेज लगाने का करता है। उसने संडे सैल में अपनी 70 मेज किराये पर लगाई थी, जिनको कोई अज्ञात आरोपी चोरी करके ले गया। शिकायतकर्ता के अनुसार मेजों की कीमत करीब 1.19 लाख रुपए थी। इस संबंध में शिकायतकर्ता के ब्यान पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाईन में 14 नवम्बर 2022 को भादंस की धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# 'कांग्रेस कर्नाटक-हिमाचल मॉडल अपनाएगी'

## कर्नाटक-हिमाचल मॉडल अपनाएंगे; 300 यूनिट फ्री बिजली के साथ 5 गारंटियां: दीपेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा में** अगले साल लोकसभा की 10 सीटें और उसके 6 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस ने विनिंग फॉर्मूला तैयार कर लिया है। पार्टी हरियाणा फतेह करने के लिए हिमाचल और कर्नाटक मॉडल को अपनाएगी। इसका ऐलान हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे और पार्टी के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने किया है। दीपेंद्र ने अपने ट्विटर हैंडल से हिमाचल और कर्नाटक की तर्ज पर हरियाणा की जनता को भी पांच गारंटी देने की घोषणा की है। हिमाचल और कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाने में उसकी इन गारंटियों ने सबसे अहम भूमिका निभाई। यही वजह है कि हरियाणा को जीतने के लिए भी हुड्डा कैंप यही 'वेल टेस्टेड' फार्मूला फॉलो करने जा रही है।



**चुनाव से पहले दीपेंद्र ने किए वादे:** युवा नेता और कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुडडा ने हरियाणा के लोगों से चुनाव से पहले ही वादे करने शुरू कर दिए हैं। दीपेंद्र हुड्डा ने 5 गारंटियों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में पुरानी पेंशन योजना बहाल करेंगे। साथ ही घरेलू गैस 500 रुपए प्रति सिलेंडर, 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, दो लाख खाली पड़े सरकारी पद पर भर्ती, गरीब परिवारों को 100-100 गज मुफ्त प्लॉट, बुढ़ापा पेंशन 6000 रुपए, किसानों को एमएसपी की गारंट और खिलाड़ियों के लिए पदक लाओ, पद पाओ का वादा किया।

**पहली कैबिनेट में ही करेंगे पूरे वादे:** दीपेंद्र हुड्डा ने बताया कि हरियाणा में हमारी सरकार बनते ही जनता से किए वादे पूरे कर दिए जाएंगे। साथ ही ये भी बताया कि जब हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार थी, उस समय

> 8 हिमाचल और कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाने में उसकी इन गारंटियों ने अहम भूमिका निभाई

सरकार की पॉलिसी थी कि पदक लाओ पद पाओ, उसी के तहत 800 खिलाड़ियों को विभिन्न पद पर नियुक्त किया गया था। साथ ही ये भी बताया कि हम सिर्फ वादा नहीं करते हैं, बल्कि निभाते भी हैं, हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने वादा निभाया है।

**पिता की उपलब्धियां बताईं:** राजस्थान सरकार गरीबों को 500 रुपए में घरेलू गैस दे रही है और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में वादे पूरे किए। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि जब प्रदेश में भूपेंद्र हुड्डा की सरकार थी, उस समय 6 इंडस्ट्रियल टाउनशिप तैयार किए गए थे। 41 किलोमीटर तक मेट्रो है और ये 8 शहर को जोड़ती है।

# भाजपा-जजपा सरकार ने प्रदेश को दिवालिएपन की कगार पर पहुंचाया: अभय चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**इनेलो** के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। इस सरकार ने अपनी गलत नीतियों की वजह से प्रदेश को दिवालिएपन की कगार पर पहुंचाा दिया है। वे सोमवार को जिला बार रूम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों में 12 घंटे बिजली देने का दावा करती है लेकिन हालात इसके विपरीत हैं। गांवों में आठ घंटे भी बिजली नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल व चौधरी ओमप्रकाश चौटाला सरकार में गांवों में 24 घंटे बिजली मिलती थी। अब प्रदेश में बिजली कहां गई। वास्तव में प्रदेश सरकार का सिस्टम खराब हो चुका है। हमारी सरकार बनने पर सिस्टम फिर से ठीक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में ना इलाज है ना डॉक्टर। मुझे



अपने अंगूठे के इलाज के लिए सिर्फ एक दिन फोर्टिस अस्पताल में भर्ती होना पड़ा तो अस्पताल ने मुझे एक लाख 85 हजार का बिल थमा दिया। मामूली से इलाज के लिए सिर्फ एक दिन का खर्चा इतना है तो आम आदमी कैसे इलाज करवा पाएगा। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि लोगों की समस्या सुनने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम करवाए जाते हैं और फिर वहां आने वाले लोगों को पीटा जाता है और पीटने का आदेश भी मुख्यमंत्री देते हैं। यह कैसा जनसंवाद है। उन्होंने कहा कि गौ रक्षा के नाम पर जो उत्पात मचाया जा रहा है उसके पीछे सिर्फ बीजेपी है, उसकी शह पर ही उत्पात मचाया जा रहा है। कांग्रेस से गठबंधन के सवाल पर इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मैंने कभी ये नहीं कहा कि हम कांग्रेस के साथ गठबंधन करेंगे। मैंने सिर्फ यह कहा था कि बीजेपी को हटाने के लिए कोई भी पार्टी हमारे पास आएगी तो हम विचार करेंगे। गठबंधन सरकार के भविष्य पर उन्होंने कहा कि यह गठबंधन सरकार पांच साल चलनी चाहिए, ताकि लोगों को भी उनकी असलियत पता चल जाए।

# प्रदेश की गठबंधन सरकार में कोई खटास नहीं: कंवरपाल



**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
**स्कूल शिक्षा मंत्री** कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा-जजपा के गठबंधन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार में किसी तरह की कोई खटास नहीं है और प्रदेश में मजबूत गठबंधन की सरकार है। जो आगामी 2024 के विधानसभा चुनाव होने तक चलेगा। वे सोमवार को अपने निवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी को 2019 में सत्ता में बहुमत नहीं मिला था। भाजपा-जजपा दोनों ही पार्टियों ने आपसी सहयोग से यह सरकार बनाई थी। अपना न्यूनतम प्रोग्राम घोषित किया था, जिसमें पार्टियों ने अपने-अपने चुनावी वादों को 85 प्रतिशत पूरा किया है। बाकी भी आने वाले समय में सभी वायदे पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व आगामी 2024 के चुनाव में कोई गठबंधन करता है तो हमें कोई आपत्ति नहीं होगी। हम मिलकर चुनाव लडेंगे। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के पास के पास कोई मुद्दा नहीं है और पूरी तरह से विपक्ष बौखलाया हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनहित नीतियों का लाभ आज लाइन में खड़े हर अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का डंका पूरे दुनिया में बज रहा है। भारत जल्द ही विश्व में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी आगामी 2024 के चुनाव केंद्र और प्रदेश सरकार की विकास की नीतियों पर लड़ेगी। पार्टी फिर से तीसरी बार बहुमत प्राप्त करेगी।

# 'आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता व पारदर्शिता के साथ समाधान करना हमारा नैतिक कर्तव्य'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल की अध्यक्षता में गुरूग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। इसमें 18 परिवादों की सुनवाई करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने 11 मामलों का निपटारा किया जबकि 7 मामलों में अगली बैठक तक अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने बैठक में पहुंचे अन्य लोगों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने बैठक में कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता और पूरी



पारदर्शिता के साथ समाधान करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में इस प्रकार की व्यवस्था बनाने के लिए प्रयासरत है जिसमें आमजन के अधिकार व सरकार से जुड़ी सेवाएं उसे बिना किसी हस्तक्षेप के घर बैठे ही प्राप्त हो। कृषि मंत्री ने पिछली बैठक से आए एक परिवाद जिसमें सोहना रोड स्थित सेक्टर 48 के बेलवुए सेंट्रल पार्क टू में संबंधित बिल्डर द्वारा प्रोजेक्ट को दो भागों में विभाजित कर वहां के निवासियों की आवाजाही को बंद करने के शिकायत पर कहा कि कोई भी बिल्डर लाइसेंस के नियमों व शर्तों के अनुसार सोसाइटी को अलग-अलग भागों में विभाजित नहीं कर सकता। ऐसे में सोसाइटी के निवासी संबंधित लाइसेंस प्रोजेक्ट में कहीं भी आवागमन कर सकते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि बैठक के उपरांत यदि बिल्डर संबंधित प्रोजेक्ट में लोगों को आवागमन को बाधित करता है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। पिछली बैठक से आए एक अन्य परिवाद जिसमे शिकायतकर्ता ने बताया कि सेक्टर 14 में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पिछले कई साल से पेंडिंग है। इसके साथ ही भवन के निर्माण से पूर्व जो एस्टीमेट तैयार किया गया था वो राशि खर्च होने के बाद भी भवन का निर्माण अभी पूरा नही हुआ है। कृषि मंत्री ने इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कहा कि जिला प्रशासन इस पूरे निर्माण कार्य की डिस्ट्रिक्ट विजिलेंस कमेटी से जांच कराने के साथ ही एक रिपोर्ट तैयार करे जिसमे जिला के ऐसे सभी प्रोजेक्ट को शामिल किया जाए जिनकी ओरिजिनल एस्टीमेट की राशि खर्च होने के बावजूद अभी निर्माण कार्य अधूरा है। कृषि मंत्री ने सेक्टर चार में विकास कार्यों से जुड़ी एक अन्य शिकायत में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सेक्टर में रोड, सीवरेज व स्ट्रीट लाइट सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तय समय मे कंसल्टेंट को अपॉइंट कर उससे डीपीआर तैयार करवाए।

# हिसार एयरपोर्ट का डिजाइन फाइनल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हिसार** में निर्माणाधीन महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा कोलकाता के ऑडिटोरियम की तर्ज पर शंख के आकार का बनेगा। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने ट्विटर हैंडल पर हिसार एयरपोर्ट के लिए नए टर्मिनल के डिजाइन की कई फोटो प्रदेशवासियों के साथ शेयर की हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए हिसार में एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। करीब 7200 एकड़ में हिसार में हरियाणा का पहला बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है।

**9 राज्यों के साथ शुरू होंगी उड़ानें:** हरियाणा सरकार का प्रयास है कि इस हवाई अड्डे को एक नवंबर तक ऑपरेशनल कर रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत हिसार से अलग-अलग राज्यों के 9 रूट पर हवाई सेवा शुरू की जाए। यहां 3000 एकड़ में मैन्युफैक्चरिंग हब भी विकसित किया जाएगा।

**रेल कनेक्टिविटी की मिली मंजूरी:** बिजवासन-गुरुग्राम-गढ़ी हरसरू-सुलतानपुर-फरुखनगर-झज्जर से होते हुए आईजीआई एयरपोर्ट, दिल्ली और महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट, हिसार के बीच माल ढुलाई के साथ-साथ यात्रियों के लिए रेल कनेक्टिविटी के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूरी दे दी है। पहले चरण में गढ़ी हरसरू-फरुखनगर-झज्जर के बीच रेल संपर्क विकसित किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल हवाई अड्डे, हिसार को जोड़ा जाएगा।

**खर्च होंगे 1225 करोड़ रुपए:** एचआरआईडीसी की ओर से प्रस्तावित परियोजना गढ़ी हरसरू-फरुखनगर (11 किमी) मौजूदा सिंगल लाइन और फरुखनगर-झज्जर (24 किमी) मिसिंग लिंक को डबल लाइन में विकसित किया जाएगा। इस पर 1225 करोड़ रुपए की लागत आएगी। झज्जर-रोहतक (37 किमी) मौजूदा सिंगल लाइन, रोहतक- डोभ भाली-हांसी (68 किमी) का कार्य उत्तर रेलवे द्वारा प्रगति पर है। हांसी-महाराजा अग्रसेन हिसार (25 किमी) लाइन को दूसरे चरण में विकसित किया जाएगा।

# हरियाणा का पूर्व रणजी खिलाड़ी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के पूर्व रणजी खिलाड़ी संजय कौशिक को पुलिस ने 20 साल के युवक का धर्म परिवर्तन करवाने और विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर 40 लाख रुपए ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पंचकूला पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। कल दो दिन की रिमांड का समय पूरा हो जाएगा, जिसके बाद पुलिस संजय कौशिक को कोर्ट में पेश करेगी। रिमांड के दौरान पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लिए रुपए को खर्च करने समेत अन्य जानकारी एकत्र की है। धर्म परिवर्तन करवाने के आरोपों की भी पुलिस जांच कर रही है।

**1994 में खेल चुका है रणजी मैच:** आरोपी पिंजौर स्थित ट्रांसपोर्ट खुराना कॉलोनी का रहने वाला है। संजय कौशिक 1994 में हरियाणा की तरफ से रणजी खेल चुका है। वह हरियाणा की टीम में तेज गेंदबाज रह चुका है। उसके बाद 2000 में वह इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट भी खेल चुका है। 2002 में एक्सीडेंट के बाद उसने खेलना छोड़ दिया।

**खुद को पादरी बताता है कौशिक:** पुलिस को दी गई शिकायत में पिंजौर मढ़ावाला निवासी बिट्ठू ने पुलिस को बताया है कि उसका लड़का कबीर (20) आरोपी संजय कौशिक के संपर्क में आया। आरोपी ने उसको बताया कि वह कालका में एक चर्च का पादरी है। इसके बाद उसका बेटा आरोपी संजय कौशिक से मिलने लगा। आरोपी ने उसको अमेरिका ले जाने और वहां नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। उसने संजय कौशिक को छह लाख रुपए दे दिए। इसके बाद वह विदेश ले जाने की बात कहकर अब 40 लाख रुपए ले चुका है।

# उफ्फ ये गर्मी: नारनौल रात को दिन की तरह तपा

## 5.4 डिग्री बढ़कर 32 डिग्री पर पहुंचा न्यूनतम पारा; प्रदेश में लू का प्रकोप, कल से बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**हरियाणा** में अब दिन के साथ रात भी तपने लगी है। नारनौल में बीती रात रात का पारा 32 डिग्री पर पहुंच गया। यह सामान्य से 6.4 डिग्री ज्यादा है। इस सीजन में अब तक का ये सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ है। 24 घंटे में प्रदेश में न्यूनतम पारे में औसतन 2.7 डिग्री तक की बढ़ोतरी हुई है, वहीं नारनौल में यह एक ही दिन में 5.4 डिग्री तक बढ़ गया। प्रदेश में दिन में भी लू चल रही है। हालांकि 23 मई से पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम बदलने से गर्मी से कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद मौसम वैज्ञानिकों ने जताई है।



**11 बजे ही झुलसाने लगी गर्मी:** प्रदेश दो दिन से लू की चपेट में है। जींद जिले में रविवार दिन का पारा जहां 45.5 डिग्री रहा था। वहीं रविवार रात को गर्मी ने नारनौल, गुरुग्राम, भिवानी, फरीदाबाद व महेंद्रगढ़ में लोगों के पसीने छुड़ा दिए। इन सेंटरों पर रात को इतनी गर्मी रही कि बिस्तर दिन की तरह तपने रहे और आमजन के लिए रात काटनी मुश्किल हो गई। सोमवार सुबह सो भी गर्मी के तेवर बड़े तल्ख हैं।

> 8 यह सामान्य से 6.4 डिग्री ज्यादा है। इस सीजन में अब तक का ये सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ है

सोनीपत में जहां सुबह 11 बजे ही पारा 40 डिग्री को छू गया, वहीं बालसमंद में यह 41 डिग्री के पार गया।

**16 सेंटरों पर गर्म रही रात:** आईएमडी चंडीगढ़ ने सुबह जारी किए रविवार रात के न्यनूतम तापमान के आंकड़े काफी डराने वाले हैं। 20 सेंटरों के जारी किए तापमान में से 16 में न्यूनतम तापमान 25 डिग्री से ज्यादा दर्ज हुआ है। 4 सेंटर ही ऐसे हैं, जिनमें से 2 सेटरों यमुनानगर के दामला और पंचकूला में पारा 23.4 डिग्री रहा है। करनाल के दो सेंटरों में यह 23.8 डिग्री व 24 डिग्री रहा है। अधिकतर जिलों में गर्मी व लू लोगों को सता रही है। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा. एमएल खिचड़ के अनुसार प्रदेश में गर्मी के सितम से 24 घंटे बाद से कुछ राहत की उम्मीद है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य में 23 मई की रात व 24 मई को उत्तर-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्रों में गरज-चमक और हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

# रेवाड़ी के तीन युवकों की हरिद्वार में कार दुर्घटना में मौत

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**
**हरिद्वार** घूमने गए रेवाड़ी के युवकों की कार रविवार रात को बहादराबाद बाईपास के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार में सवार तीन युवकों की मौत हो गई है, जबकि एक युवक की हालत गंभीर है। घायल को वहीं एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर रेवाड़ी में पीड़ितों के घर मातम छाया हुआ है। बताया गया कि शहर के मोहल्ला कुतुबपुर के रहने वाले हेमंत यादव, रोहित कुमार, दीपक कुमार व विनय कुमार रविवार को कार से हरिद्वार घूमने गए थे।

# पूर्व सरपंच व उसके पति पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**बरवाला** पुलिस ने जिले के पाबड़ा गांव के पूर्व सरपंच अंशु ढिल्लो एवं उनके पति राजेश ढिल्लो पर पंचायत रिकार्ड चोरी का झूठा मामला दर्ज करवाकर करोड़ों रुपए के गबन के आरोप में सोमवार को धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। मार्च माह में जनसंवाद के तहत हिसार पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी यह मामला सामने आया। इस संबंध में पाबड़ा गांव के राजेंद्र सिंह, राममेहर व सामाजिक कार्यकर्ता सविता काजल ने बरवाला थाने में शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया है कि गांव के सामुदायिक विकास केंद्र में 15-20 वर्षों से जिम चल रही है। तीन जनवरी 2021 को जिम से इन्वर्टर बैटरी व अन्य सामान चोरी हो गया

> 8 मार्च माह में जनसंवाद के तहत हिसार पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी यह मामला सामने आया

था। जिम संचालक विकास ने बरवाला थाना, गांव के तत्कालीन सरपंच अंशु व प्रतिनिधि राजेश ढिल्लो को अवगत कराया। थाना बरवाला में लिखित शिकायत देने उपरांत पुलिस ने इस संबंध में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। शिकायतकताओं के अनुसार सरपंच द्वारा एक साजिश के तहत सामुदायिक विकास केंद्र पाबड़ा से पंचायत का रिकार्ड चोरी का झूठा मामला चार जनवरी 2021 को बरवाला थाने में दर्ज करवाया। गांव के विकास कार्यों में धांधली की आंशका जताई जा रही थी। इसी के चलते फरीदपुर निवासी सविता काजल ने एक आरटीआई द्वारा पंचायत विकास कार्यों से संबंधित रिकार्ड मांगा गया था। आरोप है कि गांव के पूर्व सरपंच अंशु ढिल्लों व प्रतिनिधि राजेश ढिल्लों ने रिकार्ड देने में देरी की और आरटीआई का जबाब देने से पहले ही पंचायत के रिकार्ड चोरी की झूठी शिकायत दर्ज करवा दी। सरपंच व उसके पति राजेश ने पुलिस के साथ साजबाज होकर ये किया। आरोप है कि ऐसा केवल उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास कार्यों में किये गये भारी गबन को छुपाने के लिए किया। राजेंद्र के अनुसार इस शिकायत को लेकर को वह और ग्रामीण हिसार में 12 मार्च को मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम में सीएम से मिले थे।

# जून में नहीं होगा सीएम मनोहर लाल खट्टर का जन संवाद

## बीजेपी के मेगा प्लान के कारण कैंसिल; जुलाई के पहले हफ्ते से फिर होगी शुरूआत, नौकरियों में पारदर्शिता सभी को पसंद आई है

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का 5वां जनसंवाद जून में नहीं होगा। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के जून में होने वाले लोकसभा स्तरीय मेगा प्लान के कारण कैंसिल कर दिया गया है। अब सीएम का यह कार्यक्रम जुलाई के पहले सप्ताह में होगा। अब तक सूबे के चार जिलों में सीएम के जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। 24 से 26 मई तक महेंद्रगढ़ जिले में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का चौथा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं जनसंवाद के दौरान सीएम मनोहर लाल को विरोध का भी सामना करना पड़



रहा है।

**50 गांवों में पहुंच चुके सीएम:** मुख्यमंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रमों के विषय में बताया कि लोगों से सरकार की नीतियों के बारे में अच्छी फीडबैक आ रही है। लोग खुलकर सरकार की योजनाओं की चर्चा कर रहे हैं। नौकरियों में पारदर्शिता सभी को पसंद आई है। सीएम ने बताया कि अब लगभग 50 गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम किया जा चुका है। इनमें 32 हजार

> 8 24 से 26 मई तक महेंद्रगढ़ जिले में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का चौथा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा

555 लोगों ने भागीदारी की है। इसके अलावा 5900 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिन्हें जनसंवाद पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है।

**जुलाई से मंत्री-विधायक भी उतरेंगे फील्ड में:** इसके अलावा जुलाई माह से मंत्री व सांसद भी अपने अपने क्षेत्रों में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन करेंगें। सीएम ने बताया कि महीने के प्रत्येक शनिवार को किसी न किसी योजना के लाभार्थियों से ऑडियो संवाद के माध्यम से बातचीत की जाती है। अब तक लगभग 18 योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया गया, जिसके तहत 2.21 लाख लाभार्थियों से फीडबैक ली गई है।

**158 शिकायतों पर कार्रवाई:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि लगभग 158 शिकायतें अभी मिली हैं, जिनके निदान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाग्राम योजना के तहत प्रदेश के 150 बड़े गांवों की फिरनी को पक्का किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के 750 गांवों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जा रही है।

# गहलावत ने किया शहीद पंकज की प्रतिमा का अनावरण



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पूर्व मंत्री** कृष्णा गहलावत ने रविवार को गांव कोहला में शहीद पंकज सांगवान की प्रतिमा का अनावरण करते हुए उन्हे नमन किया। उन्होंने कहा कि देश की एकता एवं अखंडता में शहीदों के योगदान व बलिदान को पीढ़ी दर पीढ़ी याद रखा जाना चाहिए। युवा पीढ़ी के लिए शहीद मेंटर होने चाहिए ताकि सेना के प्रति युवाओं में जुनून बना रहें। पूर्व मंत्री ने कहा कि शहीद पंकज सांगवान की प्रतिमा के दर्शन करने वालों के दिलों में उन्हें जानने का भाव जागृत होगा, जिससे उनकी वीरता की कहानी सबके मानस पर छायेगी। उन्होंने कहा कि जिंदादिल समाज वही है जो अपने शहीदों को न भूलें। हमें शहीदों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की मजबूती में सहयोग देना चाहिए। मरने की बातों का जमाना नहीं रहा, अब तो देश के लिए जीना सीखना चाहिए। देश है तो सबकुछ है अन्यथा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि इस परिवार को नमन करते हुए मुझे आज गर्व महसूस हो रहा है। शहीद पंकज सांगवान की प्रतिमा अनावरण के मौके पर आज हम सब एकत्रित हुए तो यह संकल्प अवश्य लेकर जाएंगे कि वह आने वाली पीढ़ी के लिए मेंटर बने। हरियाणा के सैनिकों की भूमि बताते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि राज्य का कोई परिवार ऐसा होगा जिसका कोई सदस्य या संबंधी सेना में न हो।पूर्व मंत्री गहलावत ने कहा कि वीर जाबाज सैनिकों के पराक्रम की वजह से ही हम आज खुले आसमान में चेन की सांस ले पा रहे हैं। हमारे जाबाज सैनिक हर परिस्थिति को अपने अनुकूल ढालकर हमारी सीमाओं पर मुश्तैदी से तैनात होकर हमारी सुरक्षा करते हैं, ताकि हम सुरक्षित रह सके हमारा देश सुरक्षित रह सके। शहीद पंकज सांगवान की यह प्रतिमा शहीद की यादों को जीवित रखेगी तथा युवाओं को देशभक्ति का संदेश देगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीदों के परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडी है। हरियाणा सरकार शहीदों के परिवारों को तुरंत आर्थिक सहायता और उनके बच्चों को एक्सग्रेसिया में सरकारी नौकरियों भी देने का कार्य कर रही है।

**8 सरकार शहीदों के परिवारों को तुरंत आर्थिक सहायता और उनके बच्चों को एक्सग्रेसिया में सरकारी नौकरियों भी देने का कार्य कर रही**

इस मौके पर शहीद के पिता धर्मवीर, माता सुनीता, पूर्व चेयरमैन केसी बांगड़, कोहला गांव के सरपंच पवन, पूर्व सरपंच जगदीप, बुटाना के सरपंच रामनिवास सांगवान, एडवोकेट रजनीश मलिक, मास्टर कपूर सिंह, मास्टर राम कुमार, नफे सिंह प्रधान, सुल्तान नंबरदार, शेर सिंह नंबरदार सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ चलाया अभियान

## यात्रियों की जगह सामान ढ़ोने वाली 39 ई-रिक्शा को जब्त कर चालकों के किये चालान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
ई-रिक्शा से हुए गंभीर हादसे पर तुरंत संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ललित सिवाच ने नियमों की अवहेलना करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ जांच अभियान के आदेश दिए, जिसकी अनुपालना करते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीए) ने रविवार को ही जोरदार अभियान चलाया। अभियान के दौरान यात्रियों के स्थान पर सामान ढ़ोने वाली 39 ई-रिक्शा जब्त कर चालकों के चालान किए गए।
गौरतलब है कि बीते दिवस गीता भवन चौक पर एक ई-रिक्शा चालक यात्रियों की जगह प्लाईबोर्ड ढ़ोकर ले जा रहा था। इस दौरान हुए हादसे में एक किशोर की मृत्यु हो गई, जिस पर उपायुक्त ललित सिवाच ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए फौरन ई-रिक्शाओं की जांच के आदेश दिए।
उपायुक्त सिवाच ने कहा कि यह दुर्घटना बेहद दुखद है। यदि नियमों की अनुपालना की जाती तो यह हादसा नहीं होता। इसलिए यातायात नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से जांच अभियान के आदेश दिए गए। आरटीए नीरज जिंदल के पास पानीपत का चार्ज भी है, किंतु उन्हें आज ही बुलाकर अभियान चलवाया गया। इससे ई-रिक्शा चालक नियमों की अनुपालना करेंगे।
उपायुक्त सिवाच ने व्यावसायिक वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों की पूर्ण अनुपालना करें। नियमों की अवहेलना करके किसी की जान जोखिम में न डालें। यातायात नियमों की अनुपालना न करने से हादसों को बढ़ावा मिलता है। इस प्रकार लोगों की जान से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबका दायित्व बनता है कि हम पूर्ण ईमानदारी से नियमों की अनुपालना करते हुए सुरक्षित सड़क यातायात को बढ़ावा दें। भविष्य में भी नियमित रूप से जांच अभियान जारी रखेंगे जाएंगे। आम जनमानस की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।
इस दौरान आरटीए नीरज जिंदल ने बताया कि उपायुक्त के आदेश पर आज नगर में ई-रिक्शाओं की जांच के लिए विशेष रूप से अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ऐसी 20 ई-रिक्शा जब्त की गई, जो यात्रियों की बजाय सामान ढ़ोने के काम में प्रयोग में लाई जा रही थी। साथ ही विभिन्न प्रकार के नियमों की उल्लंघना पर भी 19 ई-रिक्शा चालकों के चालान किए गए। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा केवल यात्रियों के लिए है।
इसमें सामान ढोने की अनुमति नहीं है। यात्रियों की जगह सामान ढ़ोना नियमों के खिलाफ है। इसलिए इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार इस प्रकार का जांच अभियान लगातार जारी रखा जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### कैच द रैन अभियान पर किया गया निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनीपत: नेहरू युवा** केन्द्र के जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि उपायुक्त ललित सिवाच के निदेर्शानुसार जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे कैच द रैन अभियान पर रविवार को एसएम हिन्दू सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 45 बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा अपनी-अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।
प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपने निबंधों के माध्यम से जल को बचाने का संदेश दिया तथा खुद भी यह संकल्प लिया कि वे जल को ज्यादा से ज्यादा बचाएंगे। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि जिला में नेहरू युवा केन्द्र के नेतृत्व में स्वयंसेवक एंव संबंधित युवा क्लब व उससे जुड़े युवाओं द्वारा समय-समय पर ऐसी गतिविधियों के माध्यम से जल को बचाने का संदेश दे रहे हैं, जिनमें मुख्यत: दीवारों पर पेंटिंग संदेश, स्कूलों में बच्चों द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक द्वारा भी जल को बचाने का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में एसएम हिन्दू की प्रधानाचार्य किरण गुप्ता ने भी अपने वक्तव्य से युवाओं को जल बचाने की अपील की गई। निबंध प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान उत्तम, द्वितीय स्थान तन्नू व नीतीश तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मीनाक्षी को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए दीपिका व ध्रुव को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया।
इस मौके पर स्कूल की शिक्षिका शालनी, नेहरू युवा केन्द्र की स्वयंसेवक सिमरन सहित विद्यालय के शिक्षकगण व बच्चे मौजूद रहे।

### मॉडल टाउन में चलाया जा रहा था अवैध वेटनरी पेट्स शॉप

**सोनीपत: सिविल लाइन** थाना क्षेत्र के पॉश इलाके मॉडल टाउन में पेट्स केयर क्लीनिक पर मुख्यमंत्री उडनद्रस्ता और पशुपालन विभाग की टीम ने छापा मार कार्रवाई की है। छापा मार कार्रवाई के दौरान कई तरह के इंजेक्शन भी बरामद किए गए है। पुलिस ने वहां से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। सेंटर संचालकों के पास पालतू पशुओं के इलाज करने की अनुमति नहीं थी। छापा मार टीम में क्लीनिक में मिले इंजेक्शन सील कर दिए है। पुलिस ने पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक के बयान पर इंडियन वेटेनरी काउंसिल एक्ट की धारा 56/57 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मोहाना स्थित पशु अस्पताल के चिकित्सक डा. विक्रम मलिक ने बताया कि मुख्यमंत्री उडनद्रस्ता की टीम ने उन्हें सूचना दी कि मॉडल टाउन में पेट्स क्लीनिक बिना लाइसेंस चलाया जा रहा है। जिस पर टीम का गठन किया गया। जिसमें पशुपालन विभाग से उनके साथ डा. जगदीश व डा. जितेंद्र वशिष्ठ तथा मुख्यमंत्री उडनद्रस्ता से एसआई सुनील व एएसआई सत्यनारायण को शामिल किया गया। जिस पर टीम ने छापा मारा तो वहां पर कैलाश कॉलोनी सोनीपत निवासी सूरज व रोहतक के किलोई निवासी गौरव मिला। दोनों से कोई वैध प्रमाण पत्र या रजिस्ट्रेशन नंबर दिखाने को कहा तो वह कोई कागजात नहीं दिखा सके। दुकान पर कोई साइन बोर्ड तक नहीं था। साथ ही न कोई लाइसेंस मिला। टीम को वहां से कई तरह के इंजेक्शन व दवा मिली। क्लीनिक में सिर्फ सरकारी पशु अस्पताल में सप्लाई होने वाले एक्सपायरी डेट के इंजेक्शन भी मिले। सूरज व गौरव पेट्स शॉप अवैध रूप से चला रहे थे। दोनों के खिलाफ इंडियन वेटेनरी काउंसिल एक्ट की धारा 56/57 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम मामले में जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपितों को जमानत पर छोड़ दिया।

### मादक पदार्थ हेरोइन का सप्लायर गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: सेक्टर-27 थाना** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से पुलिस ने मादक पदार्थ बरामद किया है। आरोपित मादक पदार्थ को सप्लाई करने की फिराक में था। गिरफ्तार आरोपित निधान सिंह ओमनगर का है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले गंभीरता से जांच कर रही है। जांच अधिकारी ने बताया कि ओमनगर का रहने वाला निधान सिंह हेरोइन की तस्करी करता है। वह हेरोइन को मुख्य तस्कर से लेकर जिले में पुटकर विक्रेताओं को सप्लाई करता है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी करके गोहाना रोड पर ओम कालोनी के मोड पर निगरानी बढ़ा दी। पुलिस को वहां पर निधानसिंह खड़ा हुआ मिल गया।उसको हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की तो आरोपित ने मादक पदार्थ हेरोइन की तस्करी में लिप्त होना स्वीकार किया। पुलिस को उसके पास से 18.04 ग्राम हेरोइन मिली। उसको सील करने के साथ ही पुलिस ने तस्करी करने वाले अन्य युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

# निगम सोनीपत ने खोला ट्रिपल आर सेंटर



**टीम एक्शन इंडिया/सोमवार**
**शहरी स्थानीय** निकाय विभाग द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे ट्रिपल आर फ्फ्फ़ कार्यक्रम (रिड्यूस, री यूज, री साइकिल) (मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान ) के तहत सोनीपत के सेक्टर 23 के मुख्य चौराहे, महलाना रोड़ के पास ट्रिपल आर सेंटर का शुभारंभ मेयर निखिल मदान ने विधायक सुरेंद्र पवार, डिप्टी मेयर एवं निगम पार्षदों के साथ मिलकर किया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि इस सेंटर में आम नागरिक पुराने कपड़े,जूते, बच्चों के खिलौने,प्लास्टिक एवं इलेक्ट्रॉनिक का सामान, पुरानी किताबें दे सकते है जिसे जरुरतमंद लोगों को दिया जायेगा साथ ही अनुपयोगी वस्तुओं को रिसाइकिल कर उपयोगी वस्तुओं में बदला जाएगा।
शहर और गांव के जरूरतमंदों की मदद के लिए यह सेंटर बेहद कारगर साबित होगा। साथ ही वह सभी शहर वासियों से आग्रह करते हैं कि उनके उपयोग में ना आने वाले पुराने कपड़े, जूते, किताबें,खिलौने, प्लास्टिक का सामान, इलेक्ट्रॉनिक सामान इत्यादि इन केंद्रों पर जरूर दान करें ताकि वह जरूरतमंद लोगों के काम आ सके और बिना काम की चीजों को रीसाइकिल कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके।
इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने सेंटर में किताबें और जरूरतमंदो के लिए कपड़े भेंट किए।
इस मौके पर डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत ,निगम पार्षद नीतू दहिया,निगम पार्षद बिजेंद्र मलिक, अनिल नागर ,राजेश दहिया, नगर निगम सफाई निरीक्षक सतेंद्र कुमार,रिंकू छिक्कारा, मोनू आदि लोग मौजूद रहे।

# किरयाणा स्टोर की छत पर लगी आग



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आई0टी0आई के** सामने गांव शादीपुर को जाने वाली रोड पर स्थित मैसर्ज रामकिशन किरयाणा स्टोर की छत पर आग लग गई, फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, जिससे भारी नुकसान होने से बच गया। सूचना मिलते ही मौके पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन पहुंचे और तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलवाई। दुकान मालिक कर्णसिंह ने बताया कि दुकान की छत पर धुंआ उठता देख हम ऊपर पहुंचे तो वहां रखे गत्तों के ढेर में आग लगी हुई थी। हमने आग पर काबू पाने के लिए बाल्टियों से पानी डालना शुरू कर दिया।
उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड मौके पर न पहुंचती तो साथ में कमरे में सो रहे बच्चे भी आग की चपेट में आ सकते थे।

# किसान मोर्चा के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सहित दर्जनभर पदाधिकारी आप में हुए शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा में** आम आदमी पार्टी का लगातार परिवार बढ़ता ही जा रहा है। इस कड़ी में रविवार को पानीपत में किसान मोर्चा के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बलविंद्र राणा सहित दर्जनभर नेता आप में शामिल हुए। प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने उनको पार्टी की टोपी और पटका पहनाकर आम आदमी पार्टी में शामिल किया। बबैल रोड स्थित रामनगर में रविवार देर शाम को मास्टर साबिर के घर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ. सुशील गुप्ता की मौजूदगी में डॉ. रामबीर, साधु नंबरदार, रमेश इंस्पेक्टर, सैनी समाज के ईश्वर सैनी सहित काफी संख्या में पदाधिकारी भी आप में शामिल हुए। वहीं डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी से लोग लगातार जुड़ते जा रहे हैं और प्रदेश की जनता भाजपप-जजपा के कुशासन से परेशान है। आप जनता और जन प्रतिनिधियों के सामने एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आने वाला समय आम आदमी पार्टी का है।

# मां की तबीयत खराब होने की बात कहर घर से निकला व्यक्ति लापता

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी स्थित मकान से मां की तबीयत खराब होने की बात कहकर घर से निकाल व्यक्ति संदिग्ध हालत में लापता हो गया। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। रामपुर यूपी हाल में पेपर मिल प्याऊ मनियारी निवासी प्रियंका ने बताया कि उसका पति बलवंत गत 4 मई को घर से अपनी मां की तबीयत खराब होने की बात कहर निकला था।

# मदान ने श्रीनगर कॉलोनी में किया विकास कार्यों का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**
**नगर निगम** मेयर निखिल मदान सोमवार को वार्ड नंबर 4 की श्रीनगर कॉलोनी में पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने श्रीनगर कॉलोनी में बिछाई जाने वाली नई सीवर लाइन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।
मौके पर निगम पार्षद बबीता कौशिक, त्रिभुवन कौशिक एवं क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।
इस अवसर पर कॉलोनी वासियों ने मेयर एवं निगम पार्षद का फूल मालाओं से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि श्रीनगर कॉलोनी के स्थानीय निवासियों और पार्षद बबीता कौशिक के माध्यम से कॉलोनी की सीवरेज लाइन अवरुद्ध होने की समस्या उनके संज्ञान में आई थी। लोगों ने बताया था कि उनके यहां कुछ वर्षों पूर्व सीवर लाइन डाली गई थी लेकिन उसको मेन लाइन से नहीं जोड़ा गया था। साथ ही पुरानी सीवरेज लाइन कॉलोनी की वर्तमान आबादी के हिसाब से बेहद संकरी थी और उसका ढलान भी सही नहीं था। जिसके चलते उन्हें दूषित जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम द्वारा 45.42 लाख रुपए की लागत से कॉलोनी में नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया है जिससे कॉलोनी वासियों को निश्चित रूप से राहत मिलेगी और उनकी समस्या का स्थाई समाधान होगा।
इस अवसर पर मेयर निखिल मदान और पार्षद बबीता कौशिक ने संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि को सीवर लाइन का कार्य जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के दिशा निर्देश दिए।
मौके पर पार्षद बबीता कौशिक, त्रिभुवन कौशिक, पवन जैन, सुमन,रामफल राणा, दीनानाथ ठाकुर, प्रमोद, रघुवीर सिंह,राजेश कुलदीप राणा, हरभगवान, जिले सिंह, अनिल जैन,राकेश, जमीला खातून, स्वाति मल्होत्रा, ओमपति, सावित्री, नीता जैन, अनंत नारायण, हरबंस, राजवीर मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

# हिंदू नाम से फर्जी दस्तावेज बनाकर सरकारी नौकरी पा रहे मुस्लिम समुदाय के लोग

## यूपी के योग साधना से सोनीपत पहुंचे महाराज यशवीर ने प्रैस वार्ता कर लगाए आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** में यूपी के योग साधना जसवीर आश्रम से पहुंचे महाराज यशवीर ने मुसलमानों द्वारा हिंदू नाम से फर्जी दस्तावेज बनाकर नौकरी पाने वाले लोगों के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अकेले सोनीपत में 10 से ज्यादा परिवारों के नाम चिह्नित किए है, जो नाम से हिंदू धर्म का प्रयोग कर रहे है। लेकिन रीति-रिवाज मुस्लिम धर्म के अपनाकर जीवन यापन कर रहे है। उन्होंने बताया कि इतना ही नहीं ऐसे लोग सरकारी नौकरियों का भी लाभ ले रहे है। ऐसे लोगों को महाराज ने चेतावनी दी है कि उनके पास दो ही रास्ते है, या तो हिंदू धर्म को अपनाएं या फिर अपने मुस्लिम धर्म में लौट जाएं। वहीं उन्होंने यह भी कहा है कि देश भर में लाखों की संख्या में ऐसे लोग है, जो इस प्रकार से फर्जी दस्तावेज के सारे हिंदू नाम का प्रयोग कर रहे है। ऐसे लोगों के खिलाफ मुहिम हरियाणा के सोनीपत से शुरू की गई है। जिनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाने को लेकर भी हिंदू संगठन काम कर रहे है। उनका कहना है कि इससे सनातन धर्म बदनाम होता है।
रविवार को शहर के एटलस रोड पर स्थित राम मंदिर में योग साधना यशवीर आश्रम यूपी के महाराज स्वामी यशवीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जहां उन्होंने दिल्ली एनसीआर और हरियाणा में लाखों मुसलमानों ने हिंदू नाम से फर्जी दस्तावेज बनवाकर सरकारी नौकरी प्राप्त करने के आरोप लगाएं। उन्होंने सोनीपत के 10 परिवारों के नाम उजागर करते हुए आरोप लगाया है कि मुस्लिम धोबी जाति के लोगों ने फर्जी दस्तावेज बनवा कर सरकारी नौकरी प्राप्त की है। जिसमें दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच डाक विभाग बीएसएफ दिल्ली परिवहन विभाग फायर ब्रिगेड आदि बड़े विभागों में प्रतिष्ठित पदों पर नौकरी कर रहे है। उन्होंने बताया कि दिल्ली और हरियाणा में लाखों ऐसे मुसलमान हैं जिन्होंने हिंदू नाम से फर्जी दस्तावेज बनवा रखे हैं और अपने नाम भी हिंदू नाम ही रखे हुए हैं इन्ही मुसलमानों ने हिंदू नाम से कई हजार नौकरियां भी प्राप्त की है, वही उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि दिल्ली में हिंदू गोपी को अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त है, लेकिन मुस्लिम धोबी को यह दर्जा नहीं दिया गया है। उसके बावजूद इन मुस्लिम धोबी जाति के लोगों ने फर्जी दस्तावेज बनवा कर हिंदू जाति के नाम से सरकारी नौकरियां प्राप्त कर ली है। जब विवाह शादी की बात आती है तो रिती रिवाज मुस्लिम होते है, और यहां तक की मृत्यु के समय हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक के दाह संस्कार नहीं बल्कि मुस्लिम रीति रिवाज के मुताबिक ही प्रक्रियाएं अपनाई जाती है। और ऐसे लोगों के खिलाफ है। हिंदू संगठन मिलकर निगरानी करते हुए उनके नाम उजागर कर रहे है।

# बीजेपी, आप, इनेलो नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

## दिल्ली स्थित राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सभी कांग्रेस में हुए शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला कांग्रेस** सोनीपत के लिए सोमवार का दिन बेहद खास रहा। सोनीपत के आधा दर्जन से अधिक बीजेपी,आप, इनेलो पार्टी के नेताओ ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी का हाथ थामा। इसके साथ ही जिला व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष हिमांशु कुकरेजा भी कांग्रेस का पटका पहनाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। सभी पदाधिकारी नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार व पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।
बता दें कि सोनीपत से भाजपा के किसान मोर्चा के पूर्व में जिला अध्यक्ष शशिकांत भारद्वाज, इंडियन नेशनल लोकदल,सोनीपत के जिला प्रेस प्रवक्ता फूल कवार चौहान, जिला व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष हिमांशु कुकरेजा, मनोज गुप्ता, सह सचिव, आप पार्टी, हरियाणा प्रेम रेलन, प्रधान, वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति,सोनीपत, विनोद शर्मा, पूर्व जिला महासचिव किसान मोर्चा, बीजेपी ओमकवार जांबाज, प्रदेश उपाध्यक्ष इंटक सोमवार को नई दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।
राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सभी का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही प्रदेशवासियों का भला कर सकती है। बीजेपी ने सभी वर्गों को निराश करने का काम किया है। इसलिए प्रदेश की जनता ने प्रदेश व देश की सत्ता से भाजपा को बाहर करने का संकल्प ले लिया है, कर्नाटक के चुनाव परिणाम ने साबित भी कर दिया है कि आज बीजेपी के झूठे व खोखले वादे आमजन को लुभावने वाले नही है।

# रंजिश के चलते युवक पर हमला करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर थाना** क्षेत्र के गांव रोहट में एक युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोप का मामला सामने आया है। युवक से मारपीट करने के साथ ही उसके सिर पर चाकू से हमला किया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। पुलिस ने युवक की शिकायत पर उसके पड़ोस के युवक व महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव रोहट निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि वह खेती और पशुपालन का काम करता है। उसके पड़ोस में रहने वाले धर्मवीर का परिवार उनसे बेवजह की रंजिश रखता है। सुबह को करीब साढ़े छह बजे वह घेर में पशुओं को चारा डालने के लिए गए थे। वहां से वापस लौटने के दौरान उनको रास्ते में धर्मवीर की पत्नी शीला और बेटे दीपक ने रोक लिया। वह बेवजह के गाली-गलौंच करने लगे और उनको जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने विरोध किया तो दोनों मां-बेटे ने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान दीपक ने उनके सिर पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गए। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने उनको बचाया। लोगों के आने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई।

# भाजपा जिला केशवपुरम की कार्यकारिणी बैठक हुई सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा जिला** केशवपुरम के जिला मीडिया प्रभारी विनोद शर्मा ने बताया कि जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया की अध्यक्षता व जिला प्रभारी श्याम शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुई।
कार्यकारिणी के प्रारम्भ में अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने जिले की उपलब्धियों व प्रदेश द्वारा दिए सभी करणीय कार्यों का जिला, मण्डल, मोर्चो व प्रकोष्ठ की सहभागिता का वृत रखा।
उन्होंने सांसद खेल प्रतियोगिता के सफलतम आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने वर्ष 2024 के चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ताओं को अभी से बूथ स्तर पर घर-घर







सम्पर्क करने और मोदी सरकार की उपलब्धियों व जनहितैषी योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया। उन्होंने दिल्ली की जनविरोधी सरकार की नाकामयाबी, उनके भ्रष्टाचार व कुकर्मो को जनता को बताने पर बल दिया। प्रथम सत्र में कार्यकर्ताओं को भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों एवं संगठन कौशल पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा 9 वर्ष में किए कार्यों व जनहितैषी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और इन कार्यो को बूथ स्तर पर घर-घर पहुँचाने के लिए हर कार्यकर्ता को कहा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश मे हर क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ देश की संस्कृति व संवर्धन के लिए भी अनेक सराहनीय व ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के चलते आज पूरा विश्व भारत व नागरिकों को बड़े सम्मान की दृष्टि से देखता है। कार्यकारिणी में अजय शर्मा ने राजनैतिक प्रस्ताव रखा जिसमें मोदी सरकार द्वारा देश व दिल्ली में किए कार्यों की सराहना की। वहीं दिल्ली की जनविरोधी सरकार की तमाम नाकामियों दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण, प्रदूषित यमुना, सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, सरकार के तमाम घोटाले, गन्दा व अपर्याप्त पेयजल, ध्वस्त होती सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था, निगम के अधिकारों में कटौती व जनता की गाढ़ी कमाई को मुख्यमंत्री द्वारा अपने शीशमहल पर खर्च करने वाले विषयो को ले निंदा प्रस्ताव पेश किया गया।
जिसे पूर्व उपमहापौर योगेश वर्मा ने अनुमोदन किया और मण्डल अध्यक्ष नरेश जैन के समर्थन के पश्चात समस्त कार्यकारिणी ने ॐ की ध्वनि से इसे पारित किया। दूसरे सत्र में आगामी एक माह तक हर लोकसभा क्षेत्र में मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने और मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के महाजनसंपर्क अभियान कार्यकारिणी में अजय खटाना ने रखा और उसकी सार्थकता और पूरी कार्ययोजना पर विस्तार से महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा रेखा गुप्ता ने मार्गदर्शन किया।



सिख गुरु श्री अर्जन देव जी के शहादत दिवस पर आयोजित लंगर के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व समाजसेवी अनिल शर्मा व अन्य।

## बच्चों को संस्कृति व सभ्यता से कराये अवगतः सरदार मान सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्व** निगम पार्षद व धार्मिक एकता मंच के प्रधान सरदार मान सिंह ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। उन्होंने अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, साथ ही अच्छे संस्कार के लिए उन्हें भारतीय संस्कृति, सभ्यता और महापुरूषों के बारे में अवश्य ही जानकारी दे, जिससे की बच्चे संस्कारी बने। उन्होंने आगे बताया



कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि एक रोटी बेशक कम खाओं मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाओं, जिससे की बच्चा पढ़-लिख कर देश का नाम रोशन करें।



भारत नगर स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में आयोजित आधार कार्ड कैंप के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. महेन्द्र नागपाल, समाजसेवी व भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा व अन्य।

## अपने संस्कारों व राष्ट्रभक्ति से जोड़ना का हैं लक्ष्यः सिंघल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भजनपुरा** निवासी और प्रसिद्ध समाजसेवी भुवनेश सिंघल ने एक अनोखी सांस्कृतिक पहल करते हुए बच्चों के बीच 'मंत्र सुनाओ, चीज पाओ' नामक एक विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत बच्चों को कोई भी एक मंत्र सुनाने पर बच्चों की खाद्यय सामग्री भेंट की जा रही है। जिसमें मुख्य रूप से बच्चों की पसंद के आटा मैगी, ओट्स नूडल्स, पौष्टिक चोकोज, मैजिक गर्म मसाला, नेस्ले के कॉफी मग, टमाटर सॉस की बोतल आदि दी गई। भुवनेश सिंघल ने बताया कि उनका ये अभियान पिछले काफी समय से लगातार जारी है और वो विभिन्न स्थानों पर जा-जाकर वहां बच्चों को वैदिक मंत्र, भागवत श्लोक, हनुमान चालीसा अथवा रामायण की चौपाई आदि सुनाने के लिए प्रेरित करते हैं ताकि बच्चे अपने धर्म की शिक्षा के माध्यम से संस्कार और संस्कृत भाषा के प्रति आकर्षित हो सकें। सिंघल ने यह भी बताया कि उनके इस अभियान से बच्चे बहुत तेजी से विभिन्न मंत्र व हनुमान चालीसा आदि सीख रहे हैं। पहले जहां कोई दस-बीस बच्चे ही मंत्र सुना पाता थे वहीं अब सैकड़ों बच्चे उनके इस अभियान में पहुंचकर मंत्र सुनाते हैं और अपनी मनपसंद चीजों को ले जाते हैं। साथ ही इस अभियान से घरेलू व कामकाजी महिलाएं व पुरूष भी तेजी से जुड़ रहे हैं।

## 'दिल्ली में एडमिनिस्ट्रेटर चाहिए विधानसभा की जरुरत नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस नेता** व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल ने कहा कि आज दिल्ली में केंद्र की भाजपा सरकार व दिल्ली सरकार की आपस में नूराकुश्ती चल रही है, दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहते है। केजरीवाल सरकार कोई काम करके राजी नहीं है और न काम करने की नीयत है। केंद्र सरकार तानाशाही में लगी हुई है, दिल्ली में सारे विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं।
श्री जिंदल ने बताया कि चूंकि डीडीए, एनडीएमसी व दिल्ली पुलिस दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं है यह विभाग केंद्र सरकार के आधीन है। दिल्ली में विश्व के सभी देशो के दूतावास



और हाई कमीशन है उनकी सुरक्षा की दृष्टि से सरकार का आपसी तालमेल विभागों में होना चाहिये और दिल्ली में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कर दिल्ली के विकास पर ध्यान दिया जाना चाहिये। श्री जिंदल ने कहा कि दिल्ली में पहले सरकार नहीं थी महानगर परिषद थी उस समय जितने अधिकार महानगर परिषद के पास थे जैसे पार्क, बडे रोड, हास्पिटल व सिविल डिपार्टमेंट जैसे जल बोर्ड, बिजली विभाग व अन्य सब नगर निगम के अधिकार में थे। इनको पुनः नगर निगम के अंदर लाकर काम करवाया जा सकता है और खर्चे कम हो सकते हैं। दिल्ली नगर निगम को शक्ति दी जाये। दिल्ली देश की राजधानी है और यहां पर डी ग्रेड की विधानसभा है इसलिये दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाने में तकनीकी अडचन है, इसलिये दिल्ली की विधानसभा का दर्जा खत्म किया जाये, केजरीवाल साहब को मुख्यमंत्री बने हुए लगभग 9-साल हो गये है उन्होने आज तक दिल्ली के लिये कोई काम नहीं किया है, सिर्फ और सिर्फ लडाई और काम न करने की बहाने ढूंढते है और उधर केंद्र सरकार तानाशाही में संविधान को ताक पर रखकर काम कर रही है। श्री जिंदल ने बताया कि केजरीवाल साहब को दिल्ली की जनता को बेवकुफ बनाते हुए 9-साल हो गये है और जनता की गाढी कमाई से जमा किये गये टैक्स के पैसे का दुरुपयोग कर अपना महल बनवाने में लगा रहे हैं व अपनी सुख सुविधाओ पर खर्च कर रहे है।
इसके लगभग सारे मंत्री व नेता भ्रष्ट हैं, दिल्ली वासी मूलभूत सुविधाओं की कमी जैसे पानी नहीं आना, ट्रैफिक जाम, कूडा व गंदगी के ढेर व अन्य समस्याओं के कारण परेशान है।

## नरेला के नारायण मंदिर में नरेला चेतना मंच ने लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रमुख सामाजिक** संस्था नरेला चेतना मंच द्वारा सेवा परमो धर्म की भावना को साकार करते हुए सोमवार को ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। जिसमें दिनभर हजारों लोगों की प्यास बुझाई। बाहरी दिल्ली के नरेला में मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में प्रमुख सामाजिक संस्था नरेला चेतना मंच द्वारा जेठ माह की भीषण गर्मी में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर दिनभर में हजारों लोगों की प्यास बुझाई।
छबील में इको फ्रेंडली ग्लास का यूज किया गया और लोगों से स्वच्छ भारत अभियान को भी मजबूत करने का आग्रह किया गया। छबील के दौरान सामूहिक रूप से लोगों को रोक-रोक कर उन्हें ठंडा मीठा शरबत पिलाया गया।
इस अवसर पर नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल ने कहा कि जेठ माह की भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल जीव को पानी पिलाना उसे नया जीवन देने के समान है। वही चेयरमैन संजय बंसल ने कहा की जेठ मास की धूप में आमजन को ठंडा पानी, शरबत उपलब्ध कराना बहुत पुण्य का काम है। सभी को श्रद्धा एवं सामर्थ्य अनुसार यह सेवा



कार्य जरूर करना चाहिए। इस मौके पर नरेला चेतना मंच से चेयरमैन संजय बंसल, प्रधान मनोज बंसल, वाइस चेयरमैन आनंद खत्री, वाइस चेयरमैन श्री भगवान, महामंत्री मोहित गुप्ता, उप प्रधान अनिल गर्ग, उपप्रधान अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल गर्ग, सचेतक संजय शर्मा, मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन अनिल आर्य, संरक्षक श्रीनिवास वर्मा, सचिव सुनील गर्ग, सह सचिव अमित बंसल, दिनेश बंसल, आर एस एस से तरुण, अनिरुद्ध त्यागी। जनहित फेडरेशन आफ नरेला से वीरेंद्र कौशिक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

केजरीवाल के राजमहल पर
करोड़ो का भ्रष्टाचार
विशाल जनचेतना सभा
मंगलवार दिनांक 23 मई 2023
समय : सांय 4.30 बजे
स्थान : एच-2, गुजराती चौक, जहाँगीर पुरी
आप भी अवश्य आयें...
खुद जागे-जनता को जागृत करें...
टीम भाजपा, आदर्श नगर विधानसभा

# यंग लीडरशीप की पौध तैयार कर रहा है विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल: दीपक यादव

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को यंग लीडरशीप को बेहतर बनाने के लिए चुनाव के माध्यम से सीनियर हैड गर्ल और सीनियर हैड बॉय के साथ-साथ छोटी कक्षाओं में जूनियर लीडरशीप को देखते हुए जूनियर हैंड गर्ल और बॉय का चुनाव कराया गया। जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों के द्वारा इंटरव्यू करके स्कूल रिप्रेजेंटेटिव का चयन किया गया। जिसमें लगभग दो घंटे के मौखिक साक्षात्कार में बच्चें की बौधिक व मानसिक क्षमता माध्यम



से चयन किया गया। इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए हाउस कैप्टन का भी चयन किया गया। जिसमें सभी को विद्यालय और छात्रों के प्रति दायित्व को निभाने के लिए शपथ दिलाई और सभी का सम्मान किया गया। इस क्रम में सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक दीपक यादव ने जहां एक तरफ विद्यालय पिछले लगभग दस वर्ष से छात्राओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है जिसमें खेल-कूद से लेकर विद्यालय में स्कॉलरशीप के माध्यम से विद्याथीर्यों को बढ़ावा दिया जाता है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए जो विद्यार्थी आज पढ़ाई कर रहे है वहीं कल कहीं न कहीं लीडरशीप का नेतृत्व में चाहे व अधिकारी बने या फिर बेहतर खिलाड़ी या फिर नेता उसको कहीं न कहीं लीडरशीप करनी होती है। इसलिए विद्यालय प्रबंधन सीमित के निर्णय से विद्यार्थियों में लीडरशीप के अंश पैदा किए जा रहे है ताकि वे भविष्य में किसी भी नेतृत्व को करने से घबराएं नहीं बल्कि बखुबी से नेतृत्व के कार्य को निभाएं। वहीं दीपक यादव ने कहा कि यह तो केवल विद्यार्थियों के लिए एक शुरूआत है, अब ये सभी विद्यार्थी विद्यालय शिक्षक,प्रबंधक और विद्यार्थियों के बीच कड़ी का कार्य करेंगे। विद्यालय में सीनियर बॉय लविश तो सीनियर गर्ल में महक का चयन हुआ। वहीं जूनियर कक्षाओं में विक्रांत को जूनियर हैड बॉय और आराध्या को जूनियर हैड गर्ल चुना गया। इसी के साथ विद्यार्थी की बौधिक और मानसिक क्षमता को लेकर वरिष्ठ अध्यापकों द्वारा किए गए इंटरव्यू करके स्कूल रिप्रेजेंटेटिव के लिए छात्राओं में अनुष्का तो छात्रों में गर्वित का चयन हुआ

# 'फ्रेंडशिप कप 2023 में मानव रचना की टीम ने रेडिसन होटल को 10 विकेट से शिकस्त दी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**

मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) के खेल निदेशालय और स्कूल ऑफ कलिनरी एंड होटल मैनेजमेंट की ओर से परिसर में स्थित क्रिकेट ग्राउंड में "फ्रेंडशिप कप 2023" का आयोजन हुआ। एमआरईआई कॉरपोरेट क्रिकेट टीम और होटल रेडिसन के बीच खेले गए इस फ्रेंडली मैच में मेजबान टीम ने शानदार जीत हासिल की। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एमआरआईआईआरएस के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल आरके आनंद और खेल निदेशक सरकार तलवार सहित एफएएचएस के डीन मोअत्तर रजा रिजवी और एचएम की निदेशक रीतिका सिंह ने मैच का उद्घाटन किया। रेडिसन होटल की



टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। 20 ओवर के इस मुकाबले में टीम के सभी बल्लेबाज 19.1 ओवर में 129 बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम से बल्लेबाज उपेंद्र ने 2 चौक्के और 2 छक्के लगाकर 13 गेंदों में 23 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए मानव रचना के खिलाडि?ों ने 7.3 ओवर में ही बिना विकेट गवाएं 132 रन बनाकर 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। टीम से बल्लेबाज निखिल दिवाकर 22 गेंदों में 12 छक्कों और एक चौक्के की बदौलत शानदार 77 रन बनाकर नाबाद रहे। मुकाबले में मैन में ऑफ द मैच का खिताब मानव रचना से निखिल दिवाकर को मिला। बेहतरीन बल्लेबाज रेडिसन टीम से उपेंद्र और बेहतरीन गेंदबाज मानव रचना से सचिन चुने गए। कार्यक्रम के समापन पर विजेता टीम को चैंपियंस ट्रॉफी देकर नवाजा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बीपीएल परिवार की महिलाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण: स्वाति चौहान



**गन्नौर।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं को स्वयं रोजगार से जोड़ने के लिए ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए बीपीएल राशन कार्ड धारक परिवार की 20 महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण का रेलवे रोड स्थित स्वाति मेकअप स्टूडियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्टूडियों की संचालिका स्वाति चौहान ने बताया कि प्रशिक्षण 1 जून से 30 जून तक दिया जाएगा। इसके लिए बीपीएल परिवार की महिलाओं का रजिस्ट्रैशन शुरू हो गया है। चौहान ने कहा कि इस रोजगार को महिलाएं अपने घर पर ही खोल सकती हैं। इसके लिए कम पूंजी और सीमित जगह की जरूरत होती है। फैशन के इस दौर में अधिकतर महिलाएं ब्यूटीपार्लर जाती है। प्रशिक्षण पूरा करने वाली महिलाएं सीमित संसाधन में भी ब्यूटी पार्लर खोलकर अधिक से अधिक आय का अर्जन कर सकते हैं। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से थ्रेडिग, ब्लीच, फेसियल, फेस पैक, हेड मसाज, बॉडी मसाज, हेयर स्टाइल, कलर व कटिग, रोलर सेटिग, आईब्रो, शैम्पू, मेंहदी, मेकअप और नेल केयर सहित कई अन्य प्रशिक्षण दिए दिए जाएंगे।

### बड़ी गांव में ईंट से हमला कर दो दोस्तों को किया घायल

**गन्नौर।** बड़ी गांव में तीन युवकों ने मिल कर दो दोस्तों पर ईंट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में बड़ी गांव के रहने वाले विशाल ने बताया कि 16 मई की रात वह अपने दोस्त अजय के साथ मोटरसाइकिल पर होटल जा रहे थे। जब वह देना बैंक के पास पहुंचे तो वहां गांव के ही राहुल के रिश्तेदार के साथ उसकी कहासुनी हो गई। इसके बाद राहुल ने फोन कर अपने दो दोस्तों को भी मौके पर बुला लिया। जिसके बाद राहुल व उसके दोनों दोस्तों ने उस पर व अजय पर ईंटो से हमला कर घायल कर दिया। हमला करने के बाद आरोपित उसे जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गए। पुलिस ने विशाल की शिकायत पर आरोपित राहुल व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### आधा दर्जन से अधिक बीजेपी,आप, इनेलो नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**सोनीपत।** जिला कांग्रेस सोनीपत के लिए सोमवार का दिन बेहद खास रहा। सोनीपत



के आधा दर्जन से अधिक बीजेपी,आप, इनेलो पार्टी के नेताओ ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी का हाथ थामा। इसके साथ ही जिला व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष हिमांशु कुकरेजा भी कांग्रेस का पटका पहनाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। सभी पदाधिकारी नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार व पूर्व विधायक पदम् सिंह दहिया भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। बता दें कि सोनीपत से भाजपा के किसान मोर्चा के पूर्व में जिला अध्यक्ष शशिकांत भारद्वाज, इंडियन नेशनल लोकदल,सोनीपत के जिला प्रेस प्रवक्ता फूल कवार चौहान, जिला व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष हिमांशु कुकरेजा, मनोज गुप्ता, सह सचिव, आप पार्टी, हरियाणा प्रेम रेलन, प्रधान, वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति,सोनीपत, विनोद शर्मा, पूर्व जिला महासचिव किसान मोर्चा, बीजेपी ओमकवार जांबाज, प्रदेश उपाध्यक्ष इंटक सोमवार को नई दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सभी का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही प्रदेशवासियों का भला कर सकती है। बीजेपी ने सभी वर्गों को निराश करने का काम किया है। इसलिए प्रदेश की जनता ने प्रदेश व देश की सत्ता से भाजपा को बाहर करने का संकल्प ले लिया है, कर्नाटक के चुनाव परिणाम ने साबित भी कर दिया है कि आज बीजेपी के झूठे व खोखले वादे आमजन को लुभावने वाले नही है।

# एलपिस स्कूल में नेत्र जांच व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद:** श्री सत्य साई सेवा संगठन एवं डा.ओ.पी. भल्ला फाउण्डेशन तथा नेत्रम आई फाउण्डेशन द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन जीवन नगर गौंछी स्थित एलपिस कान्वेंट स्कूल परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री सत्य साई सेवा संगठन से रवि खन्ना, चंचल मदान, न्यू जनसेवा दल से आर.के. गुप्ता, ओमबीर सिंह, डा. तरूण अरोड़ा, एडवोकेट सचिन तंवर, अरूण मिश्रा, वरूण शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन एल.पी. मदान ने आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

# ब्लॉक से जुड़ी समस्याओं को लेकर आपस में विचार विमर्श के लिए बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**

आर डबल्यू ए की हुई बैठक जिसमें कई फैसले लिए गए। आर डब्ल्यू ए, डी 2/ सेक्टर दस एक बैठक हरदीप महाजन के निवास 104 सेक्टर दस में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला ने की जिसमें आर डब्ल्यू ए.डी2/से सभी जुड़े निवासियों ने भाग लिया। ब्लॉक से जुड़ी समस्याओं को लेकर आपस में विचार विमर्श किया बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया जितनी भी ब्लॉक से जुड़ी समस्या को मिलकर आपस में मिलकर हल किया जाएगा पूर्व विधायक बीसला ने कहा की रिहायशी प्लॉटों में कमर्शियल एक्टिविटी होना गलत है



जिसकी वजह से सेक्टरों में प्रदूषण बढ़ रहा है।जिससे हर शहरवासी को बहुत परेशानी होती है उन्होंने यह भी कहा कि पार्क हॉस्पिटल में एम्बुलेंस का आना जाना लगा रहता है।एम्बुलेंस मे कई बार मरीज भी नहीं होता लेकिन एम्बुलेंस के ड्राइवर हॉर्न बजाते रहते हैं जिसकी वजह से ध्वनि प्रदूषण फैलता है सर्वसम्मति से बैठक मे निर्णय लिया गया कि हॉस्पिटल को लिखित मे दिया जायेगा की ध्वनि पोल्लुशन न फैलाया जाए।और ड्राइवरों को हिदायत दी जाएगी वो हॉर्न को जब बजाऐ जब उस में मरीज हो खाली ना बजाएँगे । नेतराम चौहान ने कहा कि डीटू/के अंदर अधितर प्लॉट्स खाली पड़े हैं उनके मालिकों से अनुरोध किया जाएगा कि उस समय समय पर अपने प्लॉट की सफाई कराए जिसकी वजह से प्लांट के अंदर खतरनाक कीड़े मकोड़े न पनप सके। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि जल्दी ही ब्लॉक के अंदर हरियाली दार पौधे लगाए जाएंगे दिन के घर के सामने वाले पौधे लगे हैं वही देख रेख करेगा और एक बड़ी बैठक जल्दी ही आयोजित की जाएगी जिसमें सब मिलकर ब्लॉक की समस्याओं का निवारण के लिए कार्य करेंगे। इस मौके पर एस सी शर्मा,विनोद भंसाली,आर पी नागर,लबली पंचाल ,राजेंद्र अग्रवाल, संजीव अग्रवाल,सतीश अग्रवाल ,जितेश महेन्द्रू आदि मौजूद रहे।

# पोषण अभियान में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर दें जोर: डीसी विक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग पोषण अभियान में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दें। गत वर्षों से केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे पोषण अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पोषण अभियान एवं महत्वपूर्ण अभियान है। ताकि बच्चों व महिलाओं का सही पोषण हो तथा वे कुपोषण का शिकार न हो। उन्होंने सभी



अधिकारियों को निर्देश देते हुए कि वे धरातल स्तर पर लोगों को पोषण संबंधी जागरूक करने के लिए और अधिक तेजी से काम करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों की बैठकों, स्कूलों में पोषण संबंधी जानकारी देना निरंतर सुनिश्चित करें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशा वर्कर्स के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पोषण के संबंध में लोगों को पूरी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान में महिलाओं और पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए और तेजी से कदम उठाए जाएं। इस अभियान के माध्यम से गर्भवती महिला को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में नियमानुसार निर्धारित टीकाकरण पौष्टिक आहार तथा उपचार आदि पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए।

# ओवर लोडिंग व गलत लाइन में वाहन चलाने पर काटे गए 97 चालान

**सोनीपतः राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 सहित अलग-अलग स्थानों पर ओवर लोडिंग व सड़क मार्ग पर गलत लाइन में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस व हाइवे पुलिस ने चालान काटने की प्रक्रिया को अमल में लाया गया। नियमों की अवेहलना करने वाले ऐसे वाहन चालकों के लिए पुलिस विभाग की तरफ से स्पेशल अभियान चलाया गया। यातायात मुरथल निरीक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ विभाग की तरफ से कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# 'जोगी समाज ने उठाई घुमंतू और पिछड़ा वर्ग की आवाज'



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। अखिल** भारतवर्षीय नाथ समाज के राष्ट्रीय संयोजक एवं महामंत्री योगी अनूप नाथ ने करनाल में हुए गुरु गोरखनाथ स्मृति दिवस को लेकर बताया कि समाज ने कार्यक्रम के माध्यम से समाज की एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया, जिसका समाज को सामाजिक और राजनैतिक लाभ मिलना स्वाभाविक है, जिसका फायदा राजनैतिक रूप सक्रिय समाज के लोगो को जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार को जो मांग पत्र उन्होंने सौंपा है, उनमें से काफी मांगे मुख्यमंत्री द्वारा मौके पर ही मान ली गई थी। जिसमे पुरोहित बोर्ड के साथ गोरखनाथ बोर्ड की स्थापना करना है। जिसके माध्यम से नाथ संप्रदाय की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार होगा व समाज के वरिष्ठ लोगो को बोर्ड में स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा कि घुमंतू वर्ग में शामिल जातियां देश की आजादी में सर्वस्व न्यौछावर करने वाली रही है, जिनको अंग्रेजी सरकार द्वारा क्रिमनल एक्ट लगाकर प्रताड़ित किया गया था। महामंत्री योगी अनूप नाथ ने कहा कि जोगी समाज सहित सभी घुमंतू जातियों के लिए रोजगार की मांग उठाई। समाज के बेरोजगार युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है, पिछली भर्तियों में रोजगार मिलने वाले युवाओं पर लटक रही तलवार को सरकार जल्दी पूरा करेगी। पिछड़ी जातियों के लिए उनके द्वारा उठाई मांग शहरी निकाय में प्रतिनिधित्व आरक्षण की मांग स्वीकार कर ली गई है। उन्होंनेसरकार से आग्रह किया कि सारंगी वादक एवं जंगम परंपरा को निभा रहे धर्मजागरण ने वर्षो से लगे कलाकारों के लिए भत्ता व पेंशन की मांग की सहमति व धर्मशालाओं में पांच करोड़ की राशि देने, विभिन्न जिलों में छात्रावास ,अनुसंधान संस्थान की मांग भी सरकार से कर रहे है। इस मौके पर मुकेश प्रधान, उप प्रधान हरिओम जोगी, हल्का पुर्व प्रधान प्रेमानंद ,दयानंद ढांडा, रामेश्वर जोगी, रामेहर जोगी मंगाली,कर्ण सिंह जोगी,महिपाल ,राजू,गौरव, पालेराम, सुरेंद्र जोगी आदि मौजूद थे।

# गन्नौर में डिप्टी सीएम के दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं की लगाई ड्यूटी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

गन्नौर विधानसभा के विभिन्न गांवो का दौरा कर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 3 जून को ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। उपमुख्यमंत्री के गन्नौर दौरे को लेकर सोमवार को नगर पालिका रोड पर जेजेपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की एक बैठक हल्का प्रधान अनिल त्यागी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष राज सिंह दहिया मुख्यवक्ता के तौर पर उपस्थिज हुए। जिलाध्यक्ष दहिया ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की। इसके अलावा कार्यक्रम के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की अलग-अलग



ड्यूटी लगाई। उन्होंने कहा कि जिन गांवो में दुष्यंत चौटाला दौरा करेंगे वहां के ग्रामीणों को इसकी जानकारी दें, ताकि वह उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मिल कर उनके समक्ष अपनी मांगे रख सकें और उनके द्वारा बताई जाने वाली सरकार की जनहितकारी नीतियों व योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से भी आह्वान किया कि वे भी

**8 जिन गांवो में दुष्यंत चौटाला दौरा करेंगे वहां के ग्रामीणों को इसकी जानकारी दें**

गठबंधन सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का भी काम करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी के साथ जोड़ कर दुष्यंत चौटाला को मजबूती देने का काम करें। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी रणधीर मलिक, वरिष्ठ जजपा नेता सियानंद त्यागी, हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन सुमित राणा, ठरू गांव के सरपंच संदीप बधवार, भानेराम, धर्मबीर धनखड़, मांगेराम त्यागी आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद भागवत कथा संग श्री खाटू श्याम कथा का निशान यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

श्री साईं नाथ परिवार सेवा समिति द्वारा श्रीमद भागवत कथा संग श्री खाटू श्याम कथा का सोमवार को शुभारंभ किया गया। कथा से पहले शहर में निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। निशान यात्रा नगरपालिका रोड पुष्प वर्ल्ड के निकट स्थित कथा स्थल से शुरू होकर रेलवे रोड, मेन बाजार, बादशाही रोड, कन्या स्कूल से होती हुई वापिस कथा स्थाल में आकर संपन्न हुई। निशानयात्रा के दौरान झाकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। निशान यात्रा के दौरान श्रद्धालू भगवान श्री श्याम के भजनों



पर झूमते नजर आए। श्री साईं नाथ परिवार सेवा समिति के प्रधान राजेश चौहान ने बताया कि कथा 22 से 29 मई तक चलेगी। रंगमहल, हरिद्वार से आए कथावाचक सुधाकर महाराज भगवान श्री कृष्ण व श्री खाटू श्याम की महिमा का गुणगाण करेंगे। कथा के पहले दिन कथावाचक सुधाकर महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत कथा, श्री खाटू श्याम कथा व निशान यात्र कर महत्व समझाया।

# विधायक का यूनाइटेड स्कूल एसोसिएशन ने जताया आभार



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी द्वारा गन्नौर में सरकारी कॉलेज को शुरू करवाने में किए गए अथक प्रयासों को लेकर सोमवार को हरियाणा यूनाइटेड स्कूल एसोसिएशन गन्नौर के सभी सदस्यों ने विधायक से मुलाकात की और बुक्के भेंट कर उनका आभार जताया। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए वे हर कदम उठाने के लिए हमेशा तैयार रहती है। सरकार ने बच्चों की शिक्षा को लेकर अनेक अहम कदम उठाए है। सरकार द्वारा सभी शहरों और कस्बों में सरकारी कॉलेजों की स्थापना करवाई जा रही है, हरियाणा यूनाइटेड स्कूल एसोसिएशन गन्नौर के प्रधान सुशील त्यागी, अजय भुक्कर, अजय यादव, रविन्द्र धनखड़, राजकुमार शर्मा, अरूण त्यागी, कुलदीप आंतिल, रमेश पहल, कृष्ण आंतिल सहित विभिन्न स्कूलों के संचालक मौजूद थे।

# नायका नेचरल्स हेयर केयर' का नया कैंपेन लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

भारत में अक्सर लोग बालों की समस्या से ग्रसित रहते हैं। इससे निपटने के लिए पारम्परिक रूप से प्रभावी इंग्रेडिएंट्स के शक्तिशाली मिश्रण की पेशकश करते हुए, नायका नेचरल्स हेयर ने एक नया कैंपेन शुरू किया है, जिसमें जान्हवी कपूर इस ब्रांड का चेहरा बनी हैं। नायका नेचरल्स को भारत की पद्धति के अनुरूप बालों की देखभाल के लिए निर्मित किया गया है। ऐसे में, यह भारत की बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण यहाँ के लोगों के बालों के प्रकार और उनमें होने वाली समस्याओं को सहजता से समझता है, जिनमें कठोर पानी, प्रदूषण, आर्द्रता, अल्ट्रा वायलेट क्षति, धूल और गंदगी आदि शामिल हैं। नायका नेचरल्स यह गहनता से मानता है कि भारत के लोगों को बालों कि विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, इसके उत्तर के रूप में यह छह शक्ति-युक्त फॉम्युर्लेशन्स के माध्यम से पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण होने वाली समस्याओं का मुकाबला करता है, जिन्हें बालों की देखभाल के उपायों के रूप में रिसर्च करके तैयार किया गया है। जान्हवी कपूर नायका ब्रांड के लिए एकदम उपयुक्त चेहरा हैं, जो अपने शानदार बालों और इनकी देखभाल के लिए घरेलू इंग्रेडिएंट्स को अपनाने के लिए जानी जाती हैं। नायका नेचरल्स की हेयर केयर रेंज, पारंपरिक बालों का पोषण करने वाले इंग्रेडिएंट्स से परिपूर्ण है, जिसमें सेब का सिरका, अदरक, मेथी, प्याज, आँवला, करी पत्ता, उफना हुआ चावल का पानी, चारकोल और शिकाकाई आदि शामिल हैं, जो बालों के लिए संपूर्ण रूप से गुणकारी हैं। नायका नेचरल्स की हेयर केयर रेंज को विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 23 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# विमान यात्री बढ़ रहे, पर कंपनियां घट रहीं

## 81% बाजार पर इंडिगो और टाटा का कब्जा, गो फर्स्ट सहित कई कंपनियों की हालत खराब

**दबदबा**

**81% से ज्यादा बाजार हिस्सेदारी इंडिगो, टाटा समूह की है। 19% में से भी करीब 15% हिस्सेदारी दो कंपनियों की हैं**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** में विमानन सेवाओं का बिजनेस बढ़ रहा है, लेकिन कंपनियां कम होती जा रही हैं। घरेलू मार्गों पर 81% से ज्यादा बाजार हिस्सेदारी इंडिगो और टाटा समूह की है। बाकी 19% में से भी करीब 15% हिस्सेदारी दो कंपनियों की हैं। इनमें से एक गो फर्स्ट का ऑपरेशन बंद हो गया है और स्पाइसजेट की हालत भी ठीक नहीं है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि घरेलू एविएशन सेक्टर डुओपॉली की तरफ बढ़ रहा है।

मतलब बाजार में दो कंपनियों या समूह का ही दबदबा होगा। कहने को तो देश में 15 विमानन कंपनियां हैं, लेकिन सिर्फ 7 ऑपरेशनल हैं। इनमें दो (गो फर्स्ट और स्पाइसजेट) की माली हालत खराब है और दो (एअर इंडिया, विस्तारा) मर्ज होने वाली हैं।

एलकेपी सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड एस रंगनाथन के मुताबिक, डुओपॉली की स्थिति साफ नजर आ रही है। जेट एयरवेज का ऑपरेशन शुरू होना मुमकिन नहीं लग रहा है। आकासा ऑपरेटर तो कर रही है, लेकिन नाम के लिए। कंपनी के पास बाजार हिस्सेदारी 0.5% भी नहीं है।

मालूम हो, 30 अप्रैल को नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया था कि 2,978 फ्लाइट्स में रिकॉर्ड 4,56,082 यात्रियों ने उड़ान भरी। इसके दो ही दिन बाद 3 मई को गो फर्स्ट ने ऑपरेशन बंद कर दिया था। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2020-21 में उसे 1,346.72 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। यह 2021-22 में बढ़कर 1,807.8 करोड़ रुपए हो गया। इस साल अप्रैल तक की स्थिति के मुताबिक, गो फर्स्ट पर कुल 11,463 करोड़ रुपए का कर्ज है।

**इंडिगो-टाटा समूह: दोनों समूह की बैलेंस शीट अच्छी:** एविएशन कंसल्टेंट हर्षवर्धन ने कहा, 2008 से ही ज्यादातर भारतीय विमानन कंपनियां घाटे में हैं। जेट एयरवेज, किंगफिशर जैसी कंपनियां बंद हो गईं। कुछ बिक गईं। हालांकि इंडिगो विस्तार करती रही। टाटा समूह भी इसी राह पर है। दोनों की बैलेंसशीट मजबूत है।

**एयर ट्रैफिक:** मार्च की तुलना में अप्रैल में घरेलू यात्री बढ़े विमानन नियामक डीजीसीए के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में घरेलू एयर ट्रैफिक 15% बढ़ा। बीते माह रोजाना 4.3 लाख पैसेंजर ने फ्लाइट से यात्रा की। इसके मुकाबले मार्च में खत्म वित्त वर्ष 2022-23 में रोज औसत 3.73 लाख लोगों ने फ्लाइट ली थी।

# कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा का शुद्धिकरण किया

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कांग्रेस पार्टी** ने सोमवार को कर्नाटक विधानसभा का शुद्धिकरण किया। पार्टी नेताओं ने विधानसभा भवन में गंगाजल और गोमूत्र छिड़का और हवन-पूजन के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया। कांग्रेस का कहना था कि भाजपा ने विधानसभा को अपने भ्रष्टाचार से दूषित कर दिया था। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने इस साल जनवरी में कहा था कि विधानसभा को गोमूत्र से साफ करने का समय आ गया है।

**कांग्रेस ने चुनाव से पहले जारी किया था करप्शन रेट कार्ड:** चुनाव से पहले कांग्रेस ने बीजेपी की डबल इंजन सरकार को ट्रबल-इंजन सरकार बताया था। 5 मई को कर्नाटक कांग्रेस ने 'भ्रष्टाचार रेट कार्ड' जारी किया था, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के घोटालों को बताया गया था। तब विपक्ष में बैठी कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार ने सत्ता में रहते हुए 1.50 लाख करोड़ रुपए लूटे। इसमें मुख्यमंत्री का रेट 2,500 करोड़ और एक मंत्री पद का रेट 500 करोड़ रुपए है।

**कांग्रेस ने कहा था- सत्ता में आए तो बजरंगदल बैन होगा:** 2 मई को कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया था, जिसमें पीएफआई और बजरंगदल जैसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का वादा किया गया था।




दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# केदारनाथ धाम में लगेगा कांसे का ओम

## 60 क्विंटल वजन; मंदिर से 250 मीटर पहले लगाई जाएगी, गुजरात में बनी

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तराखंड**
**उत्तराखंड** में बाबा केदारनाथ की भव्यता को और बढ़ाने के लिए यहां एक 60 क्विंटल वजन की एक 'ओम' के आकार की प्रतिमा लगाई जाएगी। यह पूरी तरह ब्रांज से बनी है। इसे बाबा केदारनाथ धाम से 250 मीटर पहले गोल प्लाजा में लगाया जाएगा। केदारनाथ धाम में लगने वाली इस ओम की आकृति को गुजरात के कलाकारों ने बनाया है। ओम को स्थापित करते समय इसे चारों तरफ से तांबे से वेल्ड किया जाएगा। ताकि धाम में आने वाली किसी भी आपदा का इस पर असर न हो।

**एक हफ्ते में लग जाएगी प्रतिमा:** ओम को स्थापित करते समय किसी भी तरह की रुकावट न हो, इसके लिए दो चरण में ट्रायल किया जा रहा है। फर्स्ट राउंड में स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने इसका सफल ट्रायल कर लिया है। अथॉरिटी ने पीडब्ल्यूडी के साथ मिलकर हाइड्रा मशीन की मदद से गोल प्लाजा में ओम की आकृति को स्थापित करने का ट्रायल किया, जो पूरी तरह सफल रहा।



**लाइटिंग के साथ रात में जगमगाएगी:** इस प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, ओम को स्थापित किए जाने के बाद इस पर लाइटिंग भी की जाएगी, ताकि रात के वक्त ये और भी भव्य दिखाई दे। रुद्रप्रयाग के डीमए मयूर दीक्षित ने कहा कि ओम की आकृति स्थापित होने से केदारनाथ गोल प्लाजा की भव्यता और भी बढ़ जाएगी। इसकी स्थापना के लिए उ्ळूअ द्वारा आवश्यक कार्रवाई पूरी की जा रही है।

**केदारनाथ की दीवारें सोने कीं:** केदानाथ धाम में पिछले साल

**हफ्ते में लगेगी प्रतिमा**

**यह पूरी तरह ब्रांज से बनी है। इसे बाबा केदारनाथ धाम से 250 मीटर पहले गोल प्लाजा में लगाया जाएगा**

गर्भगृह की दीवारें और छत पर 550 सोने की परतें चढ़ाई गईं थीं। सोने की दीवार बनाने का यह काम तीन दिन तक चला था। जिसमें 19 कारीगर लगे थे। महाराष्ट्र में एक गुमनाम व्यक्ति ने सोने का दान किया था। जिसके बाद बद्रीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति ने इस काम को पूरा किया।

25 अप्रैल को खुले थे केदारनाथ धाम के कपाट उत्तराखंड के केदारनाथ धाम के कपाट एक महीने पहले खुले थे। तब से अब तक लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आ चुके हैं। हालांकि बीच में कई बार भारी बर्फबारी के चलते यात्रा को रोका गया।

# बलिया में गंगा में नाव पलटी, 3 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/बलिया**
**बलिया** में सोमवार सुबह गंगा नदी में नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया। गंगा में 30 सवारियों से भरी नाव पलट गई। हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं 3 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। 1 घायल को इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया है। घटना सोमवार सुबह करीब 9 बजे हुई है। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के नाविक और गोताखोरों ने रेस्क्यू शुरू किया। इन लोगों ने पानी में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसा फेफना थाना क्षेत्र के माल्देपुर घाट पर हुआ है। नाव पर सवार सभी लोग मुंडन संस्कार की एक रस्म करने दूसरे घाट जा रहे थे। बताया जा रहा है कि नाव पर क्षमता से अधिक लोग बैठे थे। नाव भी पुरानी थी। ये लोग ओहार परंपरा के तहत दूसरे घाट पर पूजा करने जा रहे थे। तभी ये हादसा हो गया।

# सीएम योगी ने सुनी 300 लोगों की फरियाद

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**सीएम योगी** आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें समाधान के प्रति आश्वस्त किया। सीएम का यह प्रवास धार्मिक कार्यक्रमों से जुड़ा था, लेकिन उन्होंने रोज पहले जनता का ध्यान रखा, फिर देव अनुष्ठान किया। गोरखनाथ मंदिर में सोमवार को जनता दर्शन में उन्होंने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को जल्द निस्तारण के आदेश दिए।

**इलाज के लिए मदद की गुहार:** सोमवार को सीएम से मुलाकात करने वालों में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार करने वाले अधिक रहे। सीएम ने उनसे कहा कि किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उपचार के लिए धन की व्यवस्था वह कराएंगे। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में आर्थिक मदद संबंधी आवेदनों पर अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूरा कराकर शासन को भेजें।



**बिहार से मदद मांगने पहुंची महिला:** यूपी में मुख्यमंत्री द्वारा इलाज में भरपूर मदद देने की ख्याति दूर दूर तक है। इसकी एक झलक सोमवार को जनता दर्शन में भी देखने को मिली। बिहार से एक महिला सीएम योगी आदित्यनाथ के पास इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची थी। उन्होंने इत्मीनान से महिला की समस्या सुनीं। पूछा, क्या बिहार में उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। महिला द्वारा नहीं में जवाब देने पर उन्होंने उसका आवेदन अधिकारियों को हस्तगत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा।

# नशेड़ियों ने गुरुघर को बनाया अपना अड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब के** तरनतारन में बाबा दीप सिंह गुरुद्वारे के परिसर में बने शौचालय में युवक के नशा लेते का वीडियो वायरल हुआ है। जिसके बाद सिख धर्म को मानने वाले युवाओं में आक्रोश है। गुरुद्वारा मैनेजमेंट का कहना है कि नशा लेने वालों से परेशान हो चुके हैं।
सरेआम गुरुद्वारे में आकर इंजेक्शन लगाते हैं और दीवारों पर खून के धब्बे लगा जाते हैं। यह घटना तरनतारन के गांव भिखीविंड के बाबा दीप सिंह गुरुद्वारे की है।

# मुख्तार अंसारी की सजा पर फैसला 5 जून को

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**31 साल पुराने** चर्चित अवधेश राय हत्याकांड में माफिया मुख्तार अंसारी की सजा पर फैसला 5 जून को होगा। सोमवार को वाराणसी की एमपी/एमएलए कोर्ट में मुख्तार अंसारी की वर्चुअल पेशी हुई। केस में जिरह और बहस हुई। इसके बाद विशेष जज ने फैसला सुरक्षित रखा। फैसले की तारीख 5 जून तय की है। इससे पहले शुक्रवार को एमपी/एमएलए कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई थी। इस दौरान वादी पूर्व मंत्री अजय राय की तरफ से अधिवक्ता अनुज यादव ने 36 पेज की विस्तृत बहस दाखिल की। उन्होंने आरोपी पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिए जाने की गुजारिश की।



**लिखित में दाखिल की गई जवाबी बहस:** मुख्तार अंसारी की तरफ से अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने लिखित बहस दाखिल करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने 22 मई को सुनवाई की तारीख दी थी।

**जिरह** मुस्लिम पक्ष ने दाखिल की आपत्तियां, 7 याचिका क्लब केस पर शाम तक आ सकता है आदेश

# 7 जुलाई को होगी संपूर्ण परिसर के सर्वे की सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**ज्ञानवापी** मामले से जुड़े 2 अहम केस की वाराणसी कोर्ट में सुनवाई थी। पहला मामला ज्ञानवापी के संपूर्ण परिसर के साइंटिफिक सर्वे का है। इसमें मुस्लिम पक्ष ने अपनी आपत्तियां दाखिल की। कोर्ट से आपत्तियां स्वीकार करते हुए सुनवाई की अगली डेट 7 जुलाई तय की है। दूसरा मामला कॉन्सॉलिडेशन से जुड़ा है। इसमें एक समान 7 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई को लेकर कोर्ट शाम 5 बजे तक आदेश सुना सकता है। कोर्ट सभी केसों को एक साथ सुनने या उनका शेड्यूल तय करेगा। ज्ञानवापी से जुड़े एक समान 7 मामलों को क्लब करने पर शाम 5 बजे कोर्ट फैसला सुनाएगी। इससे पहले 19 मई को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी को साइंटिफिक सर्वे को लेकर आपत्तियां दाखिल करनी थीं।



**सुनवाई**

**पहला मामला ज्ञानवापी के संपूर्ण परिसर के साइंटिफिक सर्वे का है। इसमें मुस्लिम पक्ष ने अपनी आपत्तियां दाखिल की**

लेकिन सुप्रीम कोर्ट में कार्बन डेटिंग वाले मामले की सुनवाई की वजह से मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दर्ज नहीं कराई थी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट की ओर से हाईकोर्ट से कथित शिवलिंग के कार्बन डेटिंग पर रोक लगाने का आदेश पारित हुआ था। दरअसल, 16 मई को वाराणसी कोर्ट में हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु जैन की तरफ से चार वादिनी महिलाओं (रेखा, सीता, मंजू, लक्ष्मी) महंत शिव प्रसाद पांडेय और राम प्रसाद सिंह ने यह केस दाखिल किया था। इसमें ज्ञानवापी के पूरे परिसर का आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा साइंटिफिक सर्वे कराने की मांग की गई। विष्णु जैन का कहना है कि केवल शिवलिंग वाली आकृति ही नहीं, बल्कि पूरे परिसर की साइंटिफिक जांच होगी, तो एक-एक सच्चाई बाहर निकलकर आएगी।

